रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

₹71300 10 ग्राम

₹90000 01 किलो

| सेंसेक्स | डॉलर |
|---|---|
| 78,472.87 | 85.398 |
| -67.30 | +0.229 |


ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

पौष कृष्ण पक्ष 11, संवत 2081 | रांची, गुरुवार, 26 दिसंबर 2024, वर्ष-25, अंक- 321, पृष्ठ-12 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-12 शुभेंदु अधिकारी पर है आतंकी...

### केंद्रीय मंत्री डॉ एल. मुरुगन ने पलामू दौरे के तीसरे दिन जनता से की मुलाकात, सुनीं समस्याएं

# मोहम्मदगंज रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं की ली जानकारी

नवीन मेल डेस्क

**मेदिनीनगर।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण (राज्य) मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्री, डॉ. एल. मुरुगन ने अपने झारखंड दौरे के आखिरी दिन मोहम्मदगंज रेलवे स्टेशन का निरीक्षण कर यात्री सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने स्थानीय लोगों की समस्याएं सुनीं और त्वरित समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। मंत्री ने पास के भीम चूल्हा पर्यटन स्थल के समीप बन रहे रेलवे टनल का दौरा किया और प्रोजेक्ट की प्रगति और समय सीमा की समीक्षा की। दौरे के दौरान उन्होंने पलामू के आकाशवाणी और दूरदर्शन केंद्र का भी निरीक्षण किया। दूरदर्शन परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम में हिस्सा लिया और आकाशवाणी स्टेशन से स्थानीय दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा कि पलामू की धरती पर आकर उन्हें अत्यंत खुशी हुई। गौरतलब है कि अपने तीन दिवसीय दौरे में केंद्रीय मंत्री ने आकांक्षी जिला विकास कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि, जल संसाधन, आधारभूत संरचना और कौशल विकास अभियानों की समीक्षा करते हुए अपने सुझाव साझा किए थे।

- **रेलवे टनल का दौरा कर कार्य में प्रगति की समीक्षा की**








**रांची का तापमान**

| कांके | | रांची | |
|---|---|---|---|
| अधिक. | 25.0° | अधिक. | 24.8° |
| न्यून. | 10.2° | न्यून. | 13.7° |

### राज्यपाल गंगवार ने दी क्रिसमस की बधाई



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने राज्यवासियों को प्रेम, सद्भाव और भाईचारे के प्रतीक क्रिसमस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने बुधवार को सोशल मीडिया 'एक्स' पर ट्वीट कर कहा है कि यह पर्व आप सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि लेकर आए।

### बीपीएससी घेराव करने पहुंचे छात्रों पर लाठीचार्ज

**पटना।** बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की 70वीं संयुक्त प्रारंभिक परीक्षा रद्द कराने की मांग को लेकर धरना पर बैठे अभ्यर्थी बुधवार को बीपीएससी कार्यालय का घेराव करने पहुंचे। इस दौरान पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की। आरोप है कि जब वे नहीं रुके, तो पुलिस को बल प्रयोग करना पड़ा। छात्रों की मांग थी कि परीक्षा को लेकर जो समस्याएं उत्पन्न हुई हैं, उनका समाधान किया जाए। छात्र पीटी परीक्षा को रद्द कराने की मांग कर रहे हैं। छात्रों का आरोप है कि पुलिस ने उन्हें दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। इस लाठीचार्ज में कई छात्र घायल हो गए हैं।

### 1 जनवरी से रामलला के दर्शन का समय बढ़ा

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित होने वाले महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या को देखते हुए अयोध्या में भी रामलला के दर्शन का समय 1 जनवरी से एक घंटा बढ़ाए जाने की निर्णय लिया गया है। श्री जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य अनिल मिश्रा ने सोमवार को यह जानकारी दी।

### 55 लाख से अधिक महिलाएं मुख्यमंत्री की ओर देख रहीं आशान्वित नजरों से

# सीएम 28 को जारी करेंगे मंईयां सम्मान योजना की पहली किस्त

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड की 55 लाख से अधिक महिलाएं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर देख रही हैं। 28 दिसंबर की तिथि की वे प्रतीक्षा कर रही हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 28 दिसंबर को मंईयां सम्मान योजना की पहली किस्त 2500 रुपए महिलाओं के खाते में भेजेंगे। इस योजना में अब तक 1000 रुपए दिए जाते थे।

जानकारी के अनुसार आगामी 28 दिसंबर को रांची के नामकुम स्थित खोजाटोली आर्मी ट्रेनिंग ग्राउंड में होने वाले कार्यक्रम में कुछ लाभुक महिलाओं को सांकेतिक रूप से मुख्यमंत्री 2500 रुपए देंगे। जानकारी के अनुसार झारखंड के 24 जिलों से तीन लाख से अधिक लाभुकों को कार्यक्रम में बुलाने की योजना है। लाभुकों को कार्यक्रम स्थल तक लाने की व्यवस्था करने का निर्देश सभी जिलों के उपायुक्तों को दिया गया है। कार्यक्रम में हर जिले के कुछ लाभुक को सांकेतिक रूप से 2500 रुपए दिए जाएंगे।




#### अब तक 55.25 लाख महिला लाभुकों का हो चुका है रजिस्ट्रेशन

बता दें कि इस योजना में अब तक 55.25 लाख महिला लाभुकों का रजिस्ट्रेशन हो चुका है। इस राशि को लेकर लाभुक महिलाएं प्रतीक्षा कर रही हैं। पहले फंड की वजह से समस्या आई, लेकिन अब अनुपूरक बजट पास होने के बाद कोष की व्यवस्था कर ली गई है। बजट में इस योजना की राशि का प्रावधान नहीं होने से कुछ तकनीकी अड़चन आई थी, जिसे दूर कर लिया गया है। चुनाव के पहले झारखंड सरकार ने प्रति लाभुक महिला 1000 रुपए देना शुरू किया था। लेकिन, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने घोषणा की थी कि अगर दूसरी बार गठबंधन की सरकार आई, तो लाभुक महिलाओं को 2500 रुपए प्रति महीने दिए जाएंगे।

## कजाकिस्तान में 110 यात्रियों को ले जा रहा विमान दुर्घटनाग्रस्त

### हादसे में ज्यादातर की मौत की आशंका



एजेंसी

**अक्ताऊ (कजाकिस्तान)।** कजाकिस्तान से 110 यात्रियों के साथ रूस जा रहा एक यात्री विमान देश के अक्ताऊ शहर में हवाई अड्डे के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। यह जानकारी कजाकिस्तान इमरजेंसी मिनिस्ट्री ने दी। स्थानीय मीडिया आउटलेट काजप्रावदा केजेड ने बताया कि इस दुर्घटना की वजह से विमान में आग लग गई।

मंत्रालय ने कहा, कजाख इमरजेंसी मिनिस्ट्री के कुल 52 राहत एवं बचाव टीमें और 11 उपकरण टीमें घटनास्थल पर बचाव कार्य के लिए भेजी गई हैं। इन टीमों के घटनास्थल पर पहुंचने पर विमान को आग की लपटों में घिरा हुआ पाया गया। फायर ब्रिगेड कर्मी फिलहाल आग बुझाने में जुटे हैं। कुछ लोगों के जीवित बचे रहने की संभावना है। हालांकि ज्यादातर यात्रियों की मौत की आशंका व्यक्त की जा रही है। शुरुआती रिपोर्ट से पता चलता है कि विमान में 105 यात्री और चालक दल के 5 सदस्य सवार थे। हालांकि, मृतकों की सही संख्या अभी स्पष्ट नहीं है, लेकिन 25 लोगों के जीवित बचे होने की खबर है, जिनमें से 22 अस्पताल में भर्ती हैं। बचाव कार्य जारी है और पीड़ितों के बारे में विवरण की पुष्टि की जा रही है।

विमान, अजरबैजान एयरलाइंस एम्ब्रेयर ईआरजे-190, बाकू, अजरबैजान से रूस के चेचन्या में ग्रोजनी के लिए उड़ान भर रहा था। घने कोहरे के कारण इसे अक्ताऊ की ओर मोड़ दिया गया। यह विमान दुर्घटना स्थानीय समयानुसार सुबह 6:28 बजे हुई। विमान हवाई अड्डे से कुछ किलोमीटर दूर ही दुर्घटनाग्रस्त हो गया। फ्लाईट रडार 24 के अनुसार, विमान मजबूत जीपीएस जैमिंग के संपर्क में था, जिसके कारण विमान खराब एडीए-बी डाटा भेज रहा था। एजेंसियों ने इस दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है। सोशल मीडिया पर प्रसारित अपुष्ट वीडियो में दुर्घटनाग्रस्त होते समय विमान का वीडियो दिखाया गया है।

## राज्य में 28-29 को बारिश की संभावना

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** झारखंड में 26 और 27 दिसंबर को कोहरा छाया रहेगा। धीरे-धीरे मौसम साफ होगा। इसके बाद 28 और 29 दिसंबर को बारिश की संभावना है। राज्य के गढ़वा, पलामू, चतरा, लातेहार, लोहरदगा, हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह, गुमला और सिमडेगा में 28 दिसंबर को, जबकि 29 दिसंबर को गुमला, खूंटी, सिमडेगा, पश्चिमी सिंहभूम में बारिश की संभावना जताई गई है।



- **सबसे कम न्यूनतम तापमान 11.3 डिग्री सेल्सियस देवघर में रहा**

राजधानी रांची सहित राज्य में बुधवार को सुबह में कोहरा और आंशिक रूप से बादल छाए रहे। हवा भी लगातार चल रही है। ठंड का असर जारी है।

शेष पेज 11 पर

## सीएम सोरेन ने शहीद निर्मल महतो को दी श्रद्धांजलि

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार को शहीद निर्मल महतो की जयंती पर रांची के जेल मोड़ स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की और उनको नमन किया। मौके पर मुख्य रूप से पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय, सिल्ली विधायक अमित महतो उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड की धरती पर निर्मल महतो जैसे महापुरुष का जन्म हुआ। इनके आदर्शों को आत्मसात करते हुए हम राज्य की जनता के बीच रहते हैं। झारखंडी अस्मिता, मूलवासी आदिवासियों की भावना के साथ

शेष पेज 11 पर



**इंडिया**

# देश के दो राज्यों में मचने वाली है सियासी हलचल



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

झारखंड के चर्चित मुख्यमंत्री रहे रघुवर दास ने ओडिशा के राज्यपाल पद से इस्तीफा दे दिया और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उनका इस्तीफा स्वीकार भी कर लिया है। 69 साल के रघुवर भाजपा के 75 साल के रिटायरमेंट के पैरामीटर से छः साल पीछे हैं जो उनकी सियासी सक्रियता के लिए शेष हैं पर उनके घुर विरोधी भाजपा में मंत्री रहे अभी जदयू के विधायक सरयू राय को चुनाव पूर्व मैनेज किया गया था जो आज आसान नहीं। वैसे भाजपा के उनके बड़े समर्थकों की नजर में रिपोर्ट कार्ड भी उच्च स्थान की है। अपने वैश्य वर्ग के लिए वे बड़े नेता हैं पर इसका आदिवासी समाज पर क्या प्रतिक्रिया होगी यह भी एक बड़ी बात है। पिछले लोकसभा चुनाव के समय आदिवासी समाज में यह बात तेजी से फैलाई गई थी कि भाजपा जीती तो मुख्यमंत्री रघुवर दास होंगे और आदिवासियों की जमीन लूटी जाएगी। यह सब कुछ अटकलें मात्र हैं पर असल में उनकी भूमिका कहां और किस रूप में होगी यह भविष्य तय करेगा। सियासी चर्चाओं में एक बात जो रघुवर दास के पक्ष में मजबूती से खड़ी है यह कि उनका पांच साल का कार्यकाल लगातार सक्रियता का रहा और अनेक उल्लेखनीय कार्य भी हुए।

2019 के झारखंड विधानसभा चुनाव में अवश्य उन्हें और भाजपा को बड़ी विफलता मिली।रघुवर दास का झारखंड की राजनीति में उदय जब से हुआ, तब से उनके खाते में कभी हार नहीं आई। वर्ष 2019 अपवाद रहा। तब न रघुवर जीत पाए और न भाजपा सत्ता में वापसी कर सकी। झारखंड में भाजपा की या गठबंधन के तहत जब-जब सरकारें बनीं, रघुवर मंत्री बनते रहे। 2014 में जब भाजपा झारखंड में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने की स्थिति में आई तो उन्हें मुख्यमंत्री बनाया गया। तब सीएम पद के लिए वे अचर्चित चेहरा थे। बिना किसी रुकावट पांच साल का सीएम कार्यकाल पूरा करने का रिकॉर्ड भी रघुवर के नाम ही अब तक दर्ज है। यद्यपि जेएमएम के हेमंत सोरेन भी पांच साल मुख्यमंत्री रहने वालों में शुमार हैं, लेकिन पांच महीने जेल में गुजारने के कारण उनके कार्यकाल में ब्रेक हो गया। फिर भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और बाद में ओडिशा के राज्यपाल की जिम्मेदारी भाजपा ने उन्हें सौंपी।रघुवर दास के राज्यपाल पद से इस्तीफा देने के बाद उन्हें लेकर सियासी अटकलें भी लगने लगी हैं। भाजपा ने 2024 में बाबूलाल मरांडी को झारखंड की कमान सौंप कर 2019 की स्थिति में सुधार लाने की कोशिश की, पर वे भी असफल हो गए। इधर रघुवर के झारखंड की राजनीति में दिलचस्पी की सूचनाएं भी आती रहीं। वे इस साल हुए विधानसभा चुनाव में ही वापसी की तैयारी में थे, लेकिन भाजपा ने शायद मरांडी की राह में रोड़ा अटकाना मुनासिब नहीं समझा। अंततः रघुवर की बहू उनकी पारंपरिक सीट से लड़ीं और जीत गईं। अब रघुवर के सियासी भविष्य को लेकर अटकलों का बाजार गर्म हो गया है जिसका नफा नुकसान दोनों है । अभी हाल में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपान की हार का बड़ा कारण आदिवासी वोट बैंक का खिसकना भी था । इसी तरह देश की राजधानी दिल्ली के विधानसभा चुनाव में भी एक बड़ी तैयारी सुषमा स्वराज की बेटी बांसुरी स्वराज को मुख्यमंत्री प्रोजेक्ट करने के रूप में है । सूत्रों के अनुसार दिल्ली के लोकसभा चुनाव में बड़ी विजय के बाद भाजपा इस बार सतर्क है और भोजपुरी गायक मनोज तिवारी पर दांव नहीं लगाना चाहती क्योंकि उनका व्यक्तित्व दिल्ली वालों को स्वीकार्य नहीं था क्योंकि दिल्ली भारत के श्रेष्ठ नागरिकों का ऐतिहासिक नगर है और इसका नेतृत्व एक बिहारी गायक को सौंपना गलत रणनीति साबित हुआ । केजरीवाल ने लोकलुभावन रेवड़ी की घोषणा कर उनके वोट बटोर लिए थे। बांसुरी स्वराज के साथ अच्छी बात यह है कि वह दिल्ली की है दिल्ली से सांसद भी हैं सुषमा स्वराज की विरासत उनके साथ है ऑक्सफोर्ड की पढ़ी हुई सुप्रीम कोर्ट की वकील हैं।इस तरह मनोज तिवारी से श्रेष्ठ उम्मीदवार हैं पर केजरीवाल की रेवड़ी और बांसुरी का व्यक्तित्व कौन भारी पड़ता है देखना है।



## सबसे पहले नदी जल का महत्व बाबा साहब ने समझा : प्रधानमंत्री



- **पीएम मोदी ने केन-बेतवा लिंक परियोजना का किया शिलान्यास**
- **वाजपेयी की स्मृति में डाक टिकट और सिक्का भी किया जारी**


एजेंसी

**खजुराहो/भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत के लिए नदी जल का महत्व सबसे पहले बाबा साहब अंबेडकर ने समझा। भारत में जो नदी घाटी परियोजनाएं बनीं, इसके पीछे उन्हीं का विजन था, लेकिन कांग्रेस ने कभी बाबा साहब को इसका श्रेय नहीं दिया। कांग्रेस की सरकारों ने उनके इस योगदान के लिए किसी को पता नहीं चलने दिया। उन्होंने कहा कि कई राज्यों के बीच नदी जल को लेकर विवाद चल रहा है। जिस समय कांग्रेस की सरकार थी, वह इस विवाद को सुलझा सकती थी, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। अटलजी की सरकार ने पानी से जुड़ी समस्याओं के निराकरण के लिए प्रयास किया, लेकिन उनकी सरकार जाते ही कांग्रेस ने इसे ठंडे बस्ते में डाल दिया। प्रधानमंत्री मोदी बुधवार को मप्र के खजुराहो में पूर्व प्रधानमंत्री भारत-रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती पर आयोजित

शेष पेज 11 पर

# हृदय से कोमल लेकिन विचारों के प्रति दृढ़ थे अटल जी : बाबूलाल मरांडी

- *प्रधानमंत्री के रूप में गांव, गरीब, किसान को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा*
- *स्वाभिमानी भारत, आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए किया हर संभव प्रयास*



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष की शुरूआत हुई। भाजपा ने अटल जी की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में प्रदेश में मनाया। राज्य के सभी बूथों पर पार्टी कार्यकर्ताओं नेअटल जी के चित्रों पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। प्रदेश भाजपा मुख्यालय में अटल जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रदर्शनी का उद्घाटन प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने किया। इसके पूर्व विधानसभा परिसर स्थित अटल बिहारी वाजपेयी की आदमकद प्रतिमा पर प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह सहित प्रदेश के नेताओं ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। प्रदेश के सभी जिलों में अटल जी के संबंध में गोष्ठी आयोजित की गई जिसे भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने संबोधित किया। रांची महानगर भाजपा द्वारा अटल वेंडर मार्केट, रांची में आयोजित विचार गोष्ठी को प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने संबोधित किया। श्री मरांडी ने कहा कि अटल जी जैसा महान व्यक्तित्व विरले होते हैं।आज अटल जी भले ही शरीर से हमलोगो के बीच नहीं हैं लेकिन उनकी वाणी,उनकी कविताएं, उनके विचार आज भी देश दुनिया के लोगों का मार्गदर्शन कर रहे हैं। भाजपा के करोड़ों कार्यकर्ता अटल जी से प्रेरित होकर समाज जीवन में अपनी भूमिका का निर्वहन कर रहे।

उन्होंने कहा कि वे बड़े मन के नेता थे। उनका हृदय कोमल था,लेकिन मां भारती की सेवा में वे विचारों के प्रति दृढ़ थे,अटल थे। कहा कि संगठन में कार्यकर्ताओं को कार्य करने की स्वतंत्रता के वे आग्रही थे,अनावश्यक दबाव के पक्षधर नहीं थे। कहा कि एक शिक्षक के पुत्र के रूप में जीवन यात्रा प्रारंभ करने वाले अटल जी ने अपने संघर्ष और परिश्रम से महान व्यक्तित्व को गढ़ा। कहा कि अटल जी ने कभी सत्ता केलिए विचारों से समझौता नहीं किया। पहले गैर कांग्रेसी प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने भारत की राजनीति को नई दिशा दी। देश को आगे बढ़ाने और कांग्रेस पार्टी की देश विरोधी नीतियों से मुक्ति दिलाने केलिए उन्होंने गठबंधन की राजनीति को मजबूती प्रदान की। लेकिन सत्ता लोलुपता उन्हें छू नहीं सकी।

कहा कि आपातकाल के बाद बनी जनता पार्टी की सरकार से अलग होना स्वीकार किया लेकिन विचारों से समझौता नहीं किया। भाजपा के रूप में नई राजनीतिक यात्रा का शुभारंभ किया। श्री मरांडी ने कहा कि पहले 13 दिन,फिर 13 महीने फिर साढ़े चार सालों तक प्रधानमंत्री के रूप में श्रद्धेय अटल जी ने विकसित भारत,स्वाभिमानी भारत, दुनियां का सिरमौर भारत भारत बनाने केलिए हर संभव कोशिश की।

उन्होंने कहा कि पहली बार गांव, गरीब, किसान को विकास की मुख्यंधारा से जोड़ने की दिशा में सार्थक पहल अटल जी की सरकार ने किया। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना ने देश में नई क्रांति का सूत्रपात किया। स्वर्णिम चतुर्भुज योजना हो,या सर्व शिक्षा अभियान,किसान क्रेडिट कार्ड हो या फिर नदी जोड़ो अभियान सभी योजनाओं ने आम आदमी तक विकास की किरणों को पहुंचाया। कहा कि अटल जी ने विश्व की महाशक्तियों के आगे घुटने नहीं टेकते हुए पोखरण परीक्षण किया साथ ही दुनिया को यह भरोसा दिया कि परमाणु बम का प्रयोग भारत कभी पहले नहीं करेगा।यह केवल आत्मरक्षार्थ है। पड़ोसी पाकिस्तान से मधुर संबंध बनाने की दिशा में उन्होंने लाहौर तक बस से यात्रा की लेकिन कारगिल में दुश्मन के धोखे को मुहतोड़ जवाब भी दिया। उन्होंने कहा कि यूएनओ में पहली बार हिंदी में भाषण देकर अटल जी ने राष्ट्र भाषा का विश्व पटल पर महिमा मंडन किया।

## राज्यपाल ने अटल जी को दी श्रद्धांजलि



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर राज भवन के दरबार हॉल में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर अपनी श्रद्धा-सुमन अर्पित की। राज्यपाल ने कहा कि अटल जी का जीवन राष्ट्रीय एकता, लोकतांत्रिक मूल्यों और विकास के प्रति समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने अपने विचारों और कार्यों से भारतीय राजनीति को एक नई दिशा दी। अटल जी के आदर्श सदैव सभी के लिए प्रेरणा के स्रोत हैं।



## विधानसभा परिसर में दी अटल जी को श्रद्धांजलि

**रांची।** झारखंड विधानसभा परिसर में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न, स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती मनायी गई। इस अवसर पर विधानसभा परिसर में स्थित उनकी मूर्ति पर एवं अटल जी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया गया।



## धर्मेंद्र तिवारी ने अटल बिहारी वाजपेयी को किया नमन

**रांची।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के 100वें जन्मदिवस पर आज झारखंड विधानसभा परिसर में अजट जी के आदमकद प्रतिमा पर धर्मेंद्र तिवारी ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया। मौके पर उन्होने कहा कि अटल जी का जीवन हम सभी के लिए एक प्रेरणा है। उनका नेतृत्व, उनकी विचारधारा और उनके संघर्षों ने भारतीय राजनीति और समाज को हमेशा मार्गदर्शन दिया है।

## शहीद निर्मल महतो के सपनों का झारखंड बनाएं : डॉ लंबोदर

### आजसू पार्टी ने शहीद निर्मल महतो की जयंती मनाई



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** आजसू पार्टी के तत्वावधान में शहीद निर्मल महतो की जयंती मनाई गई। राजधानी के जेल चौक स्थित शहीद निर्मल महतो की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया गया। कहा गया कि झारखंड निर्माण में शहीद निर्मल महतो का उल्लेखनीय व अवस्मरणीय योगदान है। आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव व पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो ने शहीद निर्मल महतो को याद करते हुए कहा कि आज यह संकल्प लेने की जरूरत है कि हम सबों को शहीद निर्मल महतो के सपनों का झारखंड बनाना है। झारखंड राज्य का निर्माण लंबे संघर्षों व बलिदान के दम पर हुआ है। झारखंड की अस्मिता को बचाए रखना हम सबों की जवाबदेही और जिम्मेवारी भी है। इस दौरान आजसू पार्टी के मुख्य केंद्रीय प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत ने कहा कि आज हम सब शहीद निर्मल महतो की जयंती मना रहे हैं। यह जयंती हमें यह संदेश दे रहा है कि झारखंड का नवनिर्माण हम सबको शहीद निर्मल महतो के सपनो के अनुसार करना है। शहीद निर्मल महतो की कुबार्नी बेकार नहीं जाएगी। आजसू पार्टी इसको लेकर संकल्पित है। जयंती समारोह में राजेंद्र मेहता, बनमली मंडल, संजय कुमार महतो, हरीश कुमार, करण कुमार महतो एवं डॉ एके सिंह सहित दर्जनों लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

## दवाओं की ऑनलाइन बिक्री पर रोक लगाने की मांग



**रांची।** झारखंड केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन (जेसीडीए) ने अवैध ऑनलाइन प्लेटफॉर्म द्वारा ऑनलाइन दवाओं की बिक्री पर रोक लगाने की मांग की है। साथ ही कहा कि इससे दवाओं की अनियमित बिक्री को भी रोका जा सकेगा। दवाओं की बिक्री और वितरण के लिए परामर्श पर्ची और अन्य सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने की मांग की है। जेएसीडीए और एआईओसीडी ने मांग की है कि जन स्वास्थ्य और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए सरकार का कदम जरूरी है। झारखंड के 16000 केमिस्टों का प्रतिनिधित्व कर रहे कृष्णा प्रधान और उमेश कुमार श्रीवास्तव ने तीसरी बार स्वास्थ्य कल्याण मंत्रालय को पत्र लिखकर कोविड-19 महामारी के दौरान जारी अधिसूचना जीएसआर ई को रद्द करने की अपील की है।

## राज्य में पलायन रोकने के लिए होगा काम, श्रम विभाग हुआ सक्रिय : मंत्री



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के मंत्री संजय प्रसाद ने जमशेदपुर में विभागीय पदाधिकारीयों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि झारखंड में पलायन रोकना पहली प्राथमिकता है। मंत्री ने कहा कि विभाग में कर्मचारियों की कमी है जिसे जल्द ही पूरा किया जाएगा। जमशेदपुर दौरे पर पहुंचे इंडिया गठबंधन के गोड्डा विधायक सह श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग मंत्री संजय प्रसाद जमशेदपुर सर्किट हाउस में अपने विभागीय पदाधिकारीयों और अधिकारियों के साथ बैठक की।

बैठक में मंत्री संजय यादव ने अधिकारियों को संयुक्त दिशा निर्देश देते हुए कहा कि जमशेदपुर में यह पहली बैठक हुई है। नए साल में वह जमशेदपुर में दो दिनों का प्रवास करेंगे और ग्रामीण इलाकों के साथ यहां मौजूद उद्योग कंपनी का दौरा भी करेंगे।

इस दौरान उन्होंने कई दिशा निर्देश भी दिये हैं। मीडिया से बातचीत के दौरान श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव ने कहा कि हेमंत सरकार में एक बड़ी जिम्मेदारी मिली है। राज्य से पलायन रोकना उनकी पहली प्राथमिकता है। यहां के युवाओं को झारखंड में ही रोजगार मिले इसकी व्यवस्था की जा रही है। नए उद्योग स्थापित हों इसके लिए इन्वेस्टर्स को आमंत्रित किया जा रहा है। मंत्री ने बताया कि बैठक में उद्योग की समीक्षा की गई और इसको और कैसे बेहतर बनाया जाए, इसे लेकर भी चर्चा की गयी।

संजय प्रसाद ने बताया कि वे जनवरी में फिर जमशेदपुर आएंगे और 11- 12 जनवरी यहां प्रवास करेंगे। इस दौरान कुछ ग्रामीण इलाकों का निरक्षण भी किया जाएगा। इस दौरान ग्रामीणों का विकास कैसे हो इस पर चर्चा होगी। उन्होंने बताया कि हर हाल में झारखंड से पलायन को रोकना होगा। कई लोगों ने इसके लिये सुझाव भी दिए हैं। श्रम मंत्री ने बताया कि विभाग में स्टाफ की कमी है इसकी सूची मांगी गई है। उन्होंने कहा कि स्टॉफ की कमी को जल्द ही पूरा किया जाएगा और जब उद्योग को बढ़ावा देंगे तभी पलायन रुकेगा।

## उत्पाद दरोगा निलंबन मुक्त मामले में गृह मंत्री करें हस्तक्षेप : भाजपा

- *उत्पाद आयुक्त ने 17 दिन में 9 उत्पाद दरोगा को किया निलंबन मुक्त*
- *31 दिसंबर को सेवानिवृत हो रहे हैं उत्पाद आयुक्त*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में उत्पाद विभाग के निलंबित 9 दरोगा को सिर्फ इस कारण निलंबन मुक्त किया गया कि यह कर्मचारियों की कमी है। कार्य हित और राजस्व हित में है। ऐसा अजीबो गरीब निलंबन मुक्त का आदेश से आहत होकर अधिवक्ता सह भाजपा विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुधीर श्रीवास्तव ने इस मामले की पूरी जानकारी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को दी। श्रीवास्तव ने बताया कि 26 नवंबर को 9 उत्पाद दरोगा को एमआरपी से अधिक कीमत पर शराब बिक्री के कारण निलंबित किया था।ये सभी दरोगा गुमला, रांची, बोकारो, धनबाद जिले में पदस्थापित थे। अमित प्रकाश उत्पाद आयुक्त ने एक साथ सभी को निलंबन किया था और एक साथ ही निलंबन मुक्त किए। श्रीवास्तव ने बताया कि इस मामले की पूरी जांच होनी चाहिए कि किसके दबाव में यह निलंबन मुक्त किया गया। निलंबन के मात्र 17 दिन बाद यह निलंबन मुक्त का खेला में कहीं कुछ भारी डील तो नहीं हुआ है? क्या निलंबन करने के पीछे भी कोई साजिश तो नहीं? निलंबन एक सजा है या मजा है इसका सही जवाब तभी मिलेगा जब इसकी जांच होगी। उत्पाद आयुक्त अमित प्रकाश 31 दिसंबर को सेवानिवृत हो रहे हैं इसका भी कुछ संबंध निलंबन मुक्त से है क्या? श्रीवास्तव ने मांग किया है कि सभी निलंबन मुक्त दरोगा और उत्पाद आयुक्त का मोबाइल का जांच हो और पिछले 17 दिन में सभी का कॉल रिकॉर्डर का ब्यौरा लेकर जांच हो। पत्र की प्रति मुख्य सचिव,और पुलिस महानिदेशक को भी दी गई है।

### रिम्स अधीक्षक ने किया निरीक्षण, बोले

## ऑर्थो विभाग की परेशानियों को करेंगे दूर : डॉ हीरेंद्र बिरूआ



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी के अस्पताल के दौरे से पहले रिम्स प्रबंधन अलर्ट मोड पर है। इसी के तहत रिम्स के अधीक्षक डॉ हीरेंद्र बिरूआ रिम्स के ऑथोर्पेडिक विभाग सहित अन्य विभागों का बुधवार को निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधीक्षक ने बताया कि बेसमेंट में बने आथोर्पेडिक विभाग में मरीज परेशान रहते हैं। यहां पानी, बॉथरूम, फ्लोर और मरीजों की दिक्कतों को देखने के लिए पहुंचे हैं। अपनी व्यवस्था को कैसे बेहतर किया जा सके, वही देखने के लिए आया हूं। विभागों का रियलिटी चेक किया जा रहा है। डॉ इरफान अंसारी शासी परिषद के अध्यक्ष भी हैं। गुरुवार को विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे, एचओडी से सलाह मशवरा लेंगे। अस्पताल का निरीक्षण भी करेंगे।

## विश्वकर्मा महासभा ने पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह को श्रद्धांजलि दी



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** दी अखिल भारतीय विश्वकर्मा महासभा झारखंड प्रदेश कमेटी की ओर से बुधवार को रातू रोड के न्यू मार्केट में पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। संगठन के पदधारी एवं सदस्यों ने ज्ञानी जैल सिंह के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिलीप सोनी ने कहा कि विश्वकर्मा वंश में जन्मे पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह ज्ञानी जैल सिंह पंजाब के मुख्यमंत्री, भारत के गृहमंत्री एवं राष्ट्रपति के पद पर आसीन रहे। यह विश्वकर्मा समाज के लिए गर्व की बात है। संगठन की ओर से राजधानी के किसी एक चौक-चौराहे का नामकरण पूर्व राष्ट्पति के नाम पर करने की सरकार से मांग की गई। कार्यक्रम में महेश शर्मा, विक्रांत विश्वकर्मा, राकेश शर्मा, राजेंद्र शर्मा, विनोद कुमार शर्मा, अजय कुमार शर्मा, अवधेश शर्मा, महेश शर्मा,उदय शर्मा, शंकर विश्वकर्मा, विद्यानंद विद्यार्थी, मनोज शर्मा, कृष्ण शर्मा, अंकित विश्वकर्मा व अन्य शामिल हुए।

## मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट बिल लागू किया जाए : आईएमए

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** आईएमए के झारखंड अध्यक्ष अरूण कुमार सिंह और झासा के सचिव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि तारा सेवा सदन नर्सिंग होम जमशेदपुर में गंभीर रूप से बीमार मरीज डॉक्टर एके लाल के इलाज से स्वस्थ एवं संतुष्ट होकर घर लौटता है। वहीं तीन घंटे बाद सुनियोजित तरीके से उसके परिजन चार से पांच की संख्या में नर्सिंग होम आकर डॉक्टर पर जानलेवा हमला करते हैं, यह दुर्भाग्यपूर्ण है।

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) एवं झारखंड राज्य स्वास्थ्य सेवाएं संघ (झासा) इसकी निंदा करती है। यह घटना दर्शाती है कि डॉक्टर समुदाय मरीज के इलाज के दौरान कितना असुरक्षित है और इस चिकित्सकों के समुदाय को मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट की कितनी जरूरत है।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जब प्रतिपक्ष का नेता थे तो मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट बिल के लिए जोरदार आवाज उठाए थे, संगठन उनसे इस मामले में हस्तक्षेप की मांग करती है।

धनबाद में चिकित्सकों की स्थिति भयावह है और इसके बारे में मुख्यमंत्री को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉक्टर ए के सिंह एवं उनकी टीम द्वारा जानकारी दी जा चुकी है। चिकित्सक संकट में है और इस भयपूर्ण माहौल में आक्रोशित है।

## कार्यसमिति की बैठक में भाग लेने केशव महतो कर्नाटक हुए रवाना



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के विस्तारित कार्यसमिति की बैठक में भाग लेने बुधवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव रांची बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से बेलगाम (कर्नाटक)के लिए रवाना हुए। रवाना होने के पहले प्रेस को सम्बोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि हमारे लिए यह गौरव का पल है कि 1924 में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर आसीन हुए और आज हम सभी उनके शताब्दी समारोह में सम्मिलित होने जा रहे हैं जो एक ऐतिहासिक क्षण होगा। गांधी जी ने जो सत्य अहिंसा का संदेश दिया है और आज देश में जिसप्रकार लोकतंत्र की हत्या की जा रही है, जिस तरह नफरत फैलाया जा रहा है उससे हमें लड़ना है। हमारी ताकत गांधी का संदेश है। प्रदीप यादव ने कहा की देश तभी ताकत हासिल कर सकता है और खुद विकसित कर सकता है जब भारत के सभी समुदाय के लोग आपसी सद्भावना में रहे।

## स्पीड ब्रेकरों के पास जेब्रा लाइन नहीं

### दो पहिया वाहन फिसलते हैं और कारों के चैंबर टकराते हैं

**मनोज मिश्रा**

**रांची।** निगम क्षेत्र में स्पीड ब्रेकरों को लेकर सही प्लानिंग का अभाव है। जहां सबसे ज्यादा जरूरत है, वहां इनका निर्माण नहीं किया गया। स्पीड ब्रेकरों की ऊंचाई इतनी ज्यादा है कि अगर ध्यान नहीं दिया गया तो दुर्घटना की पूरी आशंका बनी रहती है। जेब्रा लाइन नहीं होने के कारण दो पहिया वाहन चालक रात को इन स्पीड ब्रेकर पर असंतुलित होकर गिर जाते हैं। वहीं चार पहिया वाहन की भी स्पीड तेज हो तो नीचे चैंबर टकरा जाता।

शहरवासियों के अनुसार, हिंदपीढ़ी और यहां के बंगाली मोहल्ला, मुधकम रोड पर कई जगह स्पीड ब्रेकर गलत बने हैं और कई जगह बनाए ही नहीं गए हैं। जहां स्पीड ब्रेकर नहीं बने हैं, वहां तेज गति से दौड़ रहे वाहनों के कारण पैदल चलने में भी राहगीर डरते हैं।

नगर निगम या संबंधित विभागों को मुख्य मार्ग पर लिंक होने वाले दूसरे बड़े मुख्य मार्ग के जोड़ पर स्पीड ब्रेकर बनाना चाहिए। यहां न तो ट्रैफिक सिग्नल हैं और न ही स्पीड ब्रेकर, जिससे वाहन तेज गति से आते जाते हैं। जहां भी स्पीड ब्रेकर बने हैं, उनकी क्वालिटी की तरफ ध्यान ही दिया गया है। स्पीड ब्रेकर बनाने से पहले इनका निर्माण करने वालों को ट्रैफिक नियमों का विशेष ध्यान रखना चाहिए। इसके बाद ही जरूरत के मुताबिक स्पीड ब्रेकर बनाने चाहिए। अभी तो सीमेंट-कंक्रीट के ब्रेकर बना दिए गए हैं, ऐसे ब्रेकर रात में दिखाई नहीं देते।








### युवा तेज गति से वाहन चलाते हैं : रोमेन बोस

हिंदपीढ़ी बंगाली मोहल्ला निवासी रोमेन बोस कहते हैं कि युवा तेज गति से वाहन चलाते हैं स्पीड ब्रेकर पर जेब्रा लाइन के कारण दुर्घटना होती रहती है वहीं दूसरी ओर इतने ज्यादा ब्रेकर हैं कि वाहन चलाना कठिन हो जाता है।



### महिलाएं स्पीड ब्रेकर से त्रस्त हो जाती हैं : उर्मिला

दुकान संचालक उर्मिला बोस कहती हैं कि महिलाएं इन स्पीड ब्रेकर से त्रस्त हो जाती हैं। यह इतने उंचे बनाए गए हैं कि महिलाओं को वाहन चलाते समय संतुलन बनाना कठिन होता है।

## रघुवर दास की सक्रिय राजनीति में वापसी, स्वागत योग्य : राजेंद्र



*झारखंड विस चुनाव में रघुवर दास की कमी हर जाति और धर्म के लोगों को खली थी, यह बात सभी भली-भांति जानते हैं*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** उड़ीसा के राज्यपाल रघुवर दास से इस्तीफा दिलाकर सक्रिय राजनीति में लाने का केंद्रीय नेतृत्व के कदम का मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने स्वागत किया है। प्रसाद ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के निर्णय का स्वागत किया किया है। राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि रघुवर दास ने अभी सिर्फ इस्तीफा दिया है, केन्द्रीय नेतृत्व अभी कोई तय नहीं किया है कि उन्हें केंद्र या राज्य की जिम्मेवारी देगी। प्रसाद ने कहा कि झारखंड विधानसभा चुनाव में रघुवर दास की कमी हर जाति और धर्म के लोगों को खली थी, यह बात सभी भली-भांति जानते हैं। राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि रघुवर दास के सक्रिय राजनीति में वापसी से राष्ट्रीय परिपेक्ष में राष्ट्रीय स्तर पर राजनीति में खासकर ओबीसी समुदाय पर इसका असर देखने को मिलेगा। प्रसाद ने कहा कि झारखंड में ही नहीं बल्कि पूरे देश में भाजपा पार्टी के प्रति सहानुभूति व सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा और इसका लाभ भाजपा को निश्चित रूप से मिलेगा।

# राजधानी के गिरजाघरों में उमड़ी भीड़ लोगों ने कैंडल जला कर की प्रार्थना



गायत्री, डिंपल, अन्या, सृष्टि, आदित्य ने भी जीजस से प्रार्थना की। सभी ने कहा कि यहां आकर मजा आ रहा है। बच्चों ने कहा पढ़ाई अच्छी से हो यही प्रार्थना की है।

चर्च में क्रिसमस की घंटियां बजती हैं, रंग-बिरंगी रोशनियां जगमगाती हैं और सुंदर सजावट होती है। रोमन लोग मानते थे कि 25 दिसंबर को सर्दियों में सूर्य का जन्म होता है। एक और मान्यता यह भी है कि यीशु की मां मैरी 25 मार्च को गर्भवती हुई थीं। नौ महीने बाद, 25 दिसंबर को यीशु का जन्म हुआ। इस दिन से ही क्रिसमस मानाने का चलन शुरु हुआ।

**रांची।** क्रिसमस ईसाई धर्म का सबसे बड़ा त्योहार है। 25 दिसंबर को हर साल इस त्योहार को धूमधाम से मनाया जाता है। ईसाई लोग तरह-तरह के केक बनाकर अपनों के साथ खुशी बांटते हैं। मान्यता है कि इसी दिन प्रभु यीशु मसीह का जन्म हुआ था। ईसाई धर्म के अनुसार, यीशु का जन्म बेथलहम में मैरी और जोसेफ के घर हुआ था। सेक्सटस जूलियस अफ्रीकानस ने 221 ई। में सबसे पहले 25 दिसंबर को यीशु का जन्मदिन मनाने का फैसला किया था। तब से लेकर आज तक दुनिया भर में 25 दिसंबर को क्रिसमस डे मनाया जाता है।



## यीशु से लोगों ने की शांति की कामना



श्रद्धालु स्वास्तिक अपने पिता और बहन के साथ कांके रोड से बड़ा गिरजा घर पहुंचे। बच्चों ने सांता क्लॉज के कपड़े पहने हुए थे व काफी खुशी-खुशी बच्चे और उनके पिता ने कैंडल जलाया। उन्होंने कहा पिछले 20 वर्षों से बड़ा गिरजा घर आ रहे हैं। उन्होंने कहा लोगों के बीच शांति बनी रहे व जीवन चलता रहे यही कामना करते हैं। उन्होंने कहा हमारे मन में यीशु मसीह के लिए लम्बे अरसे से भक्ति की भावना है। उन्होंने बताया लॉकडाउन में परेशानियों के बीच यहां आकर बैठा करता था। विपरीत परिस्थितियों में मेरे साथ अच्छा हुआ है इसलिए मेरी भक्ति है मसीह के लिए। रांची निवासी शरबानी विश्वास ने कहा मसीह के प्रति भक्ति है। उन्होंने कहा हर धर्म की देवता की तरह इनके प्रति भी हमारी भक्ति है, बचपन से इनके वजह से मैं संभली। अपर बाजार निवासी अमृता ने कहा मसीह के लिए दिल में आस्था है। इसलिए प्रतिवर्ष बड़ा गिरजा घर आकर कैंडल जलाकर प्रार्थना करती हूं। उन्होंने कहा जीजस ने अपने लोगों के लिए बहुत कुछ किया है, मेरी भी एक कामना थी जिसे जीजस के पास मांगा था। इनके पास आने से मनोकामना पूरी हुई, इसलिए यहां प्रतिवर्ष आने लगी।

## बिग शॉप दुकान में भी क्रिसमस पर दिखा उत्साह



राजधानी में क्रिसमस के आते ही दुकानदार अपने दुकानों को सांता क्लॉज के कपड़ों और क्रिसमस वृक्ष जैसी तरह तरह की लुभावनी सजावटी वस्तुओं से सजा देते हैं। जिससे ग्राहकों का आकर्षण उनकी और बढ़ता है। इसी बीच मेन रोड स्थित बिग शॉप में आर्चीज गैलरी के मैनेजर अशोक सिन्हा ने बताया प्रतिवर्ष ग्राहकों की डिमांड बदलती है। उसी अनुसार स्टॉक रखा जाता है। सांता क्लॉज के कपड़ों की बिक्री प्रतिवर्ष अच्छी होती है। बच्चों में उसकी डिमांड ज्यादा है, इसलिए पहले से ही स्टॉक मंगा कर रख लिया जाता है। आवश्यकतानुसार सामानों की खरीदारी करने आते हैं। उन्होंने बताया 1992 से आर्चीज गैलरी किसी भी पर्व के लिए सजावटी सामानों के कलेक्शन के लिए लोगों के बीच छाया रहता है।

## न्यूज बॉक्स

### 32 प्रशिक्षणार्थियों को दिया गया प्रमाण पत्र



**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री के निर्देश पर नर्सरी प्रबंधन एवं खेती सह बागवानी व्यवसाय को बढ़ाने के लिए 16 से 25 दिसंबर तक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इसी के तहत बुधवार को 32 प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र दिया गया।

### बालाजी मंदिर में विशेष धार्मिक अनुष्ठान आज



**रांची।** रातू रोड में श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में सफला एकादशी पर गुरुवार को विशेष धार्मिक अनुष्ठान होगा। सुबह में जगत नियंता के विश्वरूप दर्शन के बाद अभिषेक होगा। दैनिक पूजा, भोग चढ़ाने के बाद आरती होगी। इसके बाद भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया जाएगा। बताया गया कि संपूर्ण व्रत में एकादशी तिथि श्रेष्ठ है। शास्त्रों में श्रीभगवान कहते हैं कि बड़ी दक्षिणा वाले यज्ञों से भी मुझे उतना संतोष नहीं होता, जितना एकादशी व्रत के अनुष्ठान से होता है। इसलिए सर्वथा प्रयत्न करके एकादशी का व्रत करना चाहिये।

### नए साल के लिए पर्यटन स्थल किए जा रहे सुरक्षित, पिकनिक में आने वालों को नहीं होगी कोई परेशानी



**रांची।** नए साल की तारीख आने में महज चंद दिन ही रह गए हैं। आमजनों का अपने परिवारों के साथ व दोस्तों के साथ पिकनिक की प्लानिंग्स भी शुरू हो चुकी है। ऐसे में जिला पर्यटन नोडल पदाधिकारी शिवेंद्र कुमार के नेतृत्व में सुरक्षा के इंतजाम किये जा रहे है। बुधवार को रांची जिले में पड़ने वाले पर्यटन स्थल दशम फॉल में खतरे के निशान को चिन्हित करते हुए मार्किंग की गई। यहां पर चेतावनी वाले पोस्टर लगाए गए हैं और डेंजर स्पॉट को रस्सी से घेरा गया है। बता दें कि गुरुवार को हुंडरू और जोन्हा फॉल में खतरे के निशान चिह्नित किए जाऐंगे। कहा गया कि आम लोगों की सहूलियत के लिए पर्यटन विभाग प्रयास कर रहा है।


### निजी विद्यालयों को फिर से मान्यता आवेदन के लिए बाध्य करना गलत : आलोक कुमार दूबे



● मांगों को लेकर मुख्यमंत्री से मुलाकात करेंगे पासवा के सदस्य

**रांची।** स्थानीय गॉडफ्रे स्कूल चतरा में पब्लिक स्कूल एंड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन पासवा की बैठक हुई। पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने वर्चुअल रूप से चतरा जिले के निजी विद्यालय के संचालकों को संबोधित किया। आलोक कुमार दूबे ने कहा कि उच्च न्यायालय द्वारा झारखंड के निजी विद्यालयों को मान्यता संबंधी कार्रवाई पर रोक लगा रखी है। ऐसी स्थिति में पुनः मान्यता के ऑनलाइन प्रक्रिया संबंधी का आदेश उच्च न्यायालय के आदेश की अवहेलना है। उन्होंने सरकार से यह मांग किया है कि यू डाइस प्राप्त विद्यालयों को मान्यता के लिए पुनः ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया को जल्द से जल्द निरस्त करें सरकार। पासवा के प्रदेश महासचिव नीरज कुमार ने बताया कि झारखंड के निजी विद्यालयों को सरकार द्वारा प्रदत्त यू डाइस प्राप्त है। वहीं विभिन्न विद्यालयों को जैक के द्वारा विद्यालय का कोड भी जारी किया जा चुका है। एसडीएमआईएस तथा यू डाइस प्लस द्वारा झारखंड के निजी विद्यालय लगातार सरकार के पोर्टल में बच्चों की संख्या, शिक्षक- शिक्षिकाओं की संख्या, विद्यालय का इंफ्रास्ट्रक्चर पेय जल की व्यवस्था, विद्यालय में उपलब्ध शौचालय की व्यवस्था सहित सारा डाटा सरकार के पास ऑनलाइन सबमिट करते रहे हैं। ऐसी स्थिति में फिर मान्यता के लिए ऑनलाइन आवेदन करवाने की क्या आवश्यकता है, जबकि मान्यता के प्रश्न पर उच्च न्यायालय ने अभी स्टे आर्डर भी दे रखा है। बहुत जल्द पासवा अपने संरक्षक डॉक्टर रामेश्वर उरांव और राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे के नेतृत्व में मुख्यमंत्री से मिलकर मान्यता के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया से हो रही परेशानी से अवगत कराया जायेगा।

## पुस्तक का हुआ ऑनलाइन विमोचन



**रांची।** भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के 100 वें जन्मदिन पर राज्यपाल संतोष गंगवार, डोरण्डा महाविद्यालय प्राचार्य राजकुमार शर्मा, वोकेशनल शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अटल पाण्डेय द्वारा प्राध्यापक अंशुमन मिश्रा और प्राध्यापक अवधेश कुमार द्वारा लिखित पुस्तक पॉलिटिकल जावा प्रोग्रामिंग : कॉन्सेप्ट एंड इट्स एप्लिकेशन का विमोचन ऑनलाइन माध्यम से किया गया। इस पुस्तक का लाभ बीएससी कम्प्यूटर साइंस, बीसीए एवं जावा पढ़ने वाले छात्रों को होगा। यह पुस्तक अमेजन पर उपलब्ध है। इसकी कीमत 18 डॉलर है और ई पत्रीका 90 रु में डाउनलोड कर सकते हैं। यह पुस्तक रांची विश्वविद्यालय और ऑटोनॉमस कॉलेज के बीसीए के सिलेबस के आधार पर लिखी गई है। बुक के ऑथर प्रो अवधेश कुमार ने कहा कि यह बुक विद्यार्थियों की समस्या एवं जरुरत को देखते हुए लिखी गई है। विद्यार्थी इसे ऑनलाइन के माध्यम से डाउनलोड कर सकते हैं। इसकी कीमत 3.25 डॉलर है। इस पुस्तक की डिमांड इंटरनेशनल सीड अमेजॉन होने के कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खरीदी और पढ़ी जा सकती है। अभी तक 75 प्रति पुस्तक ई बुक के माध्यम से बिक्री हो चुकी है। प्रो अंशुमन मिश्रा, एमसीए में और प्रो अवधेश कुमार, बीसीए विभाग, डोरंडा महाविद्यालय में प्राध्यापक हैं। वोकेशनल शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अटल पाण्डेय ने दोनों प्राध्यापकों को शुभकामना देते हुए कहा कि छात्र हित में पुस्तक लिखने से उनकी पढ़ाई आसान होती है। अन्य शिक्षकों को भी छात्र हित में पुस्तकें लिखना चाहिए। मुख्य रूप से इस कार्यक्रम में बीएड के प्राध्यापक डॉ मनोज कुमार, आराधना मिश्रा आदि उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव में क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन

## 18 हजार लोग पहुंचे मेला, सांता क्लॉज ने बच्चों के बीच बांटे चॉकलेट

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



मोरहाबादी मैदान में आयोजित राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव में बुधवार को लगभग 18 हजार लोगों ने शिरकत की। मेले में खादी बोर्ड एवं पलाश जैसल पीस के संयुक्त तत्वाधान में क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन किया गया। क्रिसमस गैदरिंग में केक काटकर बच्चों के बीच वितरण किया गया। इस अवसर पर सार्थक एनजीओ की तरफ से दिव्यांग बच्चों ने भी हिस्सा लिया। क्रिसमस कैरोल गाकर बच्चों ने खूब मस्ती की तथा खादी बोर्ड की तरफ से क्रिसमस गिफ्ट भेंट किए गए। बच्चों को ई- रिक्शा से मेला परिसर में घुमाया गया। क्रिसमस गैदरिंग पर मेला परिसर में घूम रहे सांता क्लॉज के साथ बच्चे सेल्फी लिए। सांता क्लॉज ने बच्चों को चॉकलेट भी दिया। मेला परिसर में विभिन्न आकृतियों के विशाल झूले बच्चों को आकर्षित कर रहे हैं। छोटे बच्चों के लिए भी छोटे झूले की व्यवस्था है। मेला परिसर में बुजुर्गों के लिए मेला घूमने के लिए निशुल्क ई -रिक्शा की व्यवस्था की गई है। मेला परिसर में छोटे बच्चों को स्तनपान कराने कराने के लिए बेबी फीडिंग रूम की व्यवस्था की गयी है। अभिभावक राहुल कुमार ने बताया कि बेबी फीडिंग रूम की व्यवस्था देखकर बहुत ही अच्छा लगा। माटी कला बोर्ड के स्टॉल में मिट्टी से बने बर्तन मिट्टी के मुकातों की खूबसूरत रेंज है। लाह चूड़ी के स्टॉल में लाह से बने चूड़ियों की कलेक्शन महिलाओं के लिए आकर्षण का केंद्र है। महोत्सव परिसर में लाह चूड़ी बनाने का जीवंत प्रदर्शनी भी लगा है। कुश कुमार करवा एवं खुशबू कुमारी झारखंड कला मंदिर होटवार रांची द्वारा बांसुरी वादन एवं भरतनाट्यम नृत्य की प्रस्तुति की गई। साथ ही सी शालीन शुभ संस्कार क्रिएटिव डांस अकैडमी रांची द्वारा कथक एवं 4 स्ट्रिंग्स बैंड द्वारा क्रिसमस गैडरिंग के लिए रंगारंग कार्यक्रम कवयित्री सम्मेलन एवं विवेक नायक ग्रुप द्वारा नागपुरी गायन प्रस्तुत किया गया। कला एवं संस्कृति विभाग के द्वारा महोत्सव में बोकारो के मोहम्मद मकसूद अंसारी एवं दल और देवघर के धनंजय नारायण खाबड़े एवं दल द्वारा हिंदी गायन की प्रस्तुति की जाएगी। साथ ही चंदेल समूह द्वारा नृत्य प्रदर्शन की प्रस्तुति की जाएगी बच्चों के लिए आयोजित नृत्य प्रतियोगिता एवं समूह नीति प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

### अभाविप रांची ग्रामीण के अध्यक्ष बने राजकुमार

**रांची।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) रांची ग्रामीण के अंतर्गत रातू नगर इकाई का पुनर्गठन बुधवार को किया गया। इसमें इकाई अध्यक्ष के रूप में राजकुमार मिश्र एवं इकाई मंत्री के रूप में श्वेता साहू को जिम्मेदारी दी गई। विभाग के संयोजक रोहित शेखर ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छात्र शक्त शक्ति उपद्रवी शक्ति नहीं अपितु राष्ट्र शक्ति हैं।

### आज / कल




## अनचाहे मिसकैरेज से महिलाएं ना घबराएं, ऐसे में मानसिक रूप से मजबूती की है जरूरत : डॉ अर्चना

**काजल मेहता**

**रांची।** मिसकैरेज, यानी गर्भपात, एक आम समस्या है, जिसे समझने के लिए हमें इसके कारणों, लक्षणों और उपचार के बारे में जानना चाहिए। हमें इसके बारे में जागरूक होना चाहिए और आवश्यकता पड़ने पर मेडिकल मदद लेनी चाहिए। यदि आपको कोई भी लक्षण दिखाई दे, तो तत्काल डॉक्टर से सम्पर्क करें। हमें समय रहते चिकित्सा सहायता लेनी चाहिए। यदि हम इन लक्षणों की अनदेखा करते हैं तो यह हमारे स्वास्थ्य के लिए खतरनाक हो सकता है। गर्भावस्था के 20वें सप्ताह से पहले गर्भ में भ्रूण की मृत्यु हो जाने को गर्भपात (मिसकैरेज) कहते हैं। गर्भपात पर स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अर्चना ने बताया कि गर्भपात के कई कारण हो सकते हैं। इसके लक्षण भी अलग-अलग हो सकते हैं। गर्भपात के कुछ आम लक्षण जिसमे पेट में ऐंठन होना, योनि से रक्तस्त्राव होना, योनि से भूरे या गहरे लाल रंग का रक्तस्त्राव होना, पीठ में तेज दर्द होना, पेट के निचले हिस्से में दर्द होना शामिल है। गर्भावस्था के दौरान अगर आपको ये लक्षण दिखाई दें, तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। गर्भावस्था में गर्भपात के कुछ कारण आनुवंशिक समस्याएं, शारीरिक विकार, हॉर्मोनल असंतुलन, अन्य स्वास्थ्य समस्याएं। किसी भी तरह के गर्भपात के बाद लगभग दो सप्ताह तक ब्लीडिंग होती है। दवाइयों के कारण हुए गर्भपात में करीब 9 दिनों तक ब्लीडिंग होती है।

### गर्भपात के मुख्य कारण

डॉक्टर अर्चना ने मिसकैरेज के कारणों के बारे में बताते हुए कहा गर्भस्था में महिलाओं को अपना सबसे ज्यादा ध्यान रखना चाहिए इस दौरान परिजनों का भी पूरा साथ मिलना चाहिए। शुरुआत के तीन महीने और अंतिम तीन महीनों तक महिलाओं को ग्राभास्था में लंबा सफर नहीं तय करना चाहिए। उन्होंने कहा मिसकैरेज के और भी मुख्य कारण हैं जिसमे में जीनेटिक समस्याएं- बहुत सारे मिसकैरिज का कारण भ्रूण में आनुवांशिक समस्याएं होती हैं, मां की उम्र- मां की बढ़ती हुई उम्र मिसकैरिज का एक प्रमुख कारण हो सकती है, चिकित्सीय स्थितियां- डायबिटीज, उच्च रक्तचाप, पीसीओएस, थायरॉइड आदि कई बीमारियाँ मिसकैरिज का कारण, जीवनशैली संबंधी कारण- धूम्रपान, अत्यधिक कैफीन सेवन, नशीली चीजें खाना आदि भी मिसकैरिज के कारण हो सकते हैं, गर्भाशय में विकृतियां- गर्भाशय में जन्मजात विकृतियां या फाइब्रॉइड्स गर्भपात का कारण बन सकती हैं, हॉर्मोनी विकार- थायरॉइड या अधिस्रावी ग्रंथि संबंधी समस्याएं गर्भपात के लिए जोखिम बढ़ा सकती हैं, संक्रमण- कुछ संक्रमण, जैसे कि रुबेला, हर्पीज, या एचआईवी, गर्भपात का कारण हो सकते हैं, पोषण की कमी- फोलिक एसिड और अन्य महत्वपूर्ण पोषक तत्वों की कमी गर्भपात के लिए जोखिम बढ़ा सकती है, बहुत अधिक व्यायाम- अत्यधिक शारीरिक श्रम से गर्भपात का खतरा बढ़ सकता है, मेडिकल उपचार- कुछ दवाओं और उपचारों का इस्तेमाल, जैसे कि चिकित्सीय इमेजिंग या चिकित्सा की कुछ प्रकार, गर्भपात का कारण हो सकते हैं।



### मानसिक और शारीरिक रूप से मजबूती के लिए परिजन दें साथ

कई बार अनचाहे गर्भपात के कारण महिलाएं काफी कमजोर मानसिक और शारीरिक रूपों से हो जाती हैं। इससे महिला के जीवन शैली में काफी असर भी पड़ता है। जिस पर डॉ अर्चना ने कहा परिजनों का साथ मिलना बेहद जरुरी हो जाता है। पति और परिवार का जितना समर्थन होगा उतना ही महिला रिकवर होंगी। गर्भपात के बाद महिला को 6 महीने के अन्दर शारीरक रिकवरी हो जाती है लेकिन मानसिक रूप से मजबूत रहने के लिए हौसला बुलंद रखना होगा। उन्होंने कहा गर्भपात के बाद भी डॉक्टर के ही सलाह पर दवाएं लें। जरुरी दवा और खान पान का विशेष ध्यान रखना जरुरी है।

## कृष्णा नगर कॉलोनी में विशेष दीवान सजाया गया

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

दशमेश पिता श्री गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादों की शहादत को स्मरण करते हुए शहीदी सप्ताह आयोजन के अंतर्गत बुधवार को गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा कृष्णा नगर कॉलोनी में विशेष दीवान सजाया गया। दीवान की शुरूआत रात आठ बजे हजूरी रागी जत्था भाई महिपाल सिंह जी द्वारा वाहो वाहो गोबिंद सिंह आपे गुर चेला. शबद गायन से हुई। गुरुद्वारा के हेड ग्रंथी ज्ञानी जिवेंदर सिंह ने कथा वाचन करते हुए संगत को बताया कि यह अतीत हजारों वर्ष पुराना नहीं है कि समय के पहियों ने चमकौर और सरहिंद के युद्ध की रेखाओं को धुंधला कर दिया हो। जहां एक ओर धार्मिक कट्टरता और उसमें अंधी होकर बढ़ी मुगल सल्तनत थी, तो वहीं दूसरी ओर ज्ञान और तपस्या में तपे हुए हमारे गुरु थे। जहां एक ओर आतंक की पराकाष्ठा थी, तो वहीं दूसरी ओर अध्यात्म का शीर्ष था और जहां एक ओर लाखों की फौज थी, तो वहीं दूसरी ओर अकेले होकर भी निडर खड़े गुरु के वीर साहिबजादे थे। इस युद्ध में गुरु गोबिंद सिंह के बड़े साहिबजादे अजीत सिंह और फिर जुझार सिंह शहीद हुए। साहिबजादा जोरावर सिंह और साहिबजादा फतेह सिंह को वजीर खान ने दीवार में जिंदा चुनवा दिया। शहादत की कथा सुनकर संगत की आंखें भर आई। दीवान में विशेष रूप से शिरकत करने पहुंचे सिख पंथ के महान कीर्तनी जत्था भाई गुरविंदर सिंघ जी, रुद्रपुर वाले ने इन पुत्रन के शीश पर वार दिये सूत चार, चार मुये तो क्या हुआ जीवत कई हजार.. एवं देहु शिवा वर मोहि इहै, शुभ करमन ते कबहूँ न टरौं. जैसे कई शबद गायन कर संगत को निहाल किया। अनंद साहिब जी के पाठ, अरदास, हुक्मनामा एवं कढ़ाह प्रशाद वितरण के साथ दीवान की समाप्ति रात 10.45 बजे हुई। दीवान समाप्ति के उपरांत सत्संग सभा द्वारा गुरु का अटूट लंगर चलाया गया।



### पुष्प वर्षा कर प्रभातफेरी का किया भव्य स्वागत

**रांची।** गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा की ओर से रातू रोड के श्रीकृष्णानगर कॉलोनी में गुरु गोविंद सिंह के 358वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में बुधवार को दूसरे दिन भी प्रभातफेरी निकाली गई। गुरुद्वारा साहिब के पार्किंग गेट से निकलकर प्रभातफेरी कॉलोनी की विभिन्न गलियों में श्रद्धालुओं के आवास तक गई। पुष्प वर्षा कर प्रभातफेरी में शामिल लोगों का स्वागत किया गया। सत्संग सभा की कीर्तन मंडली की बबली दुआ, गीता कटारिया, शीतल मुंजाल, इंदु पपनेजा, मंजीत कौर, रेशमा गिरधर, बबीता पपनेजा, जसपाल मुजांल ने विसरु नाही दातार अपणा नाम देहु, गुण गावा दिनु रात नानक चाउ एहु... शबद गायन किया। सरदार छोटू सिंह ने निशान साहिब उठाकर फेरी की अगुवाई की व मनीष मिड्डा ने श्रद्धालुओं के घरों के सामने कुशलक्षेम की अरदास की। प्रभातफेरी में द्वारका दास मुंजाल, अर्जुन देव मिड्डा, जीवन मिड्डा, मोहन काठपाल, हरगोविंद सिंह, अशोक गेरा, अनूप गिरधर, रमेश पपनेजा, सुंदर दास मिड्डा, इंदर, दुर्गी देवी, खुशबू रानी तलेजा, बंसी मल्होत्रा, मनोहरी काठपाल समेत अन्य शामिल हुए।

## एक नजर

### 16 वर्षीय युवक की ट्रेन में मौत

**सिल्ली।** बुधवार के दिन गोड्डा रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 15620) से इलाज के लिए यात्रा कर रहे बांका (बिहार) निवासी 16 वर्षीय नवयुवक अजय कुमार की मौत ट्रेन में ही हो गई। मृतक के पिता सरजू कापरी ने बताया कि मेरा पुत्र कैंसर रोग से पीड़ित था और उसका इलाज अब्दुल रज्जाक कैंसर अस्पताल रांची में कराने के लिए ले जा रहे थे। परंतु बोकारो से ट्रेन खुलने के बाद वह असहनीय दर्द और बेचैनी से कराहने लगा तब इसकी सूचना रेलवे सुरक्षा बल को दी गयी। ट्रेन के मुरी स्टेशन पहुंचते ही रेलवे डॉक्टर के द्वारा जांच कर उसे मृत घोषित कर दिया गया। तत्पश्चात राजकीय रेल थाना मुरी में कागजी कार्रवाई पूरी कर शव को परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया गया।

### कांके के चौड़ी बस्ती में गोलीबारी की हुई घटना

**रांची।** कांके थाना के ग्राम चौड़ी बस्ती निवासी बंधना गाड़ी के घर पर अपराधियों ने गोलीबारी की। पूरी घटना सीसीटीवी फुटेज में कैदा हो गया है। इस संबंध में भुक्तभोगी ने कांके थाना में लिखित सूचना दी है। थाना में दिये गये आवेदन में बताया गया है कि कुछ वर्ष से ही उनके पुश्तैनी खाली जमीन पर भू माफियाओं की नजर है। भू माफिया उक्त जमीन को गलत रूप से अलग-अलग व्यक्तियों को एग्रीमेंट कर बेच दिया था। इसका विरोध बंधना गाड़ी एवं उनके परिवार के लोगों के द्वारा किया जा रहा था। इसी क्रम में उनके घर में जान मारने की नीयत से गोली चलवाया गया। लोगों का कहना है जमीन विवाद को लेकर ही इस तरह की घटना को अंजाम दिया गया है। इस घटना में किसी के जान जाने की कोई खबर नहीं है लेकिन पुलिस नजर रखे हुई है।

### सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत

**अड़की।** अड़की में एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा बुधवार को अड़की थाना क्षेत्र के खूंटी तमाड़ रोड पर सेरेंगहातु चौक के पास हुआ। मिली जानकारी के अनुसार, लेबेद निवासी रंजीत मुंडा (22 वर्ष) और निरन सिंह पहान (21 वर्ष) हेमरोम बाजार से अपने गांव लेवेद लौट रहे थे। तभी सेरेंगहातु चौक के पास खूंटी से तमाड़ की ओर जा रही पिकअप वैन को पीछे से ठोकर मार दी। दोनों युवक हेलमेट नहीं पहने थे, जिस कारण दोनों के सिर पर गहरी चोट लगी। रंजीत मुंडा की गंभीर चोटों के कारण अस्पताल पहुंचने से पहले ही मौत हो गई। घटना की सूचना अड़की थाना को दी गई। पुलिस ने तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर घायल निरन सिंह पहान को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां से उन्हें सदर अस्पताल खूंटी रेफर कर दिया गया।

### क्रिसमस हमें प्यार समर्पण और त्याग का संदेश देता है: रेव्ह रवि हांसदा

**खूंटी।** छोटानागपुर डायसिस के अंतर्गत उत्तर भारत की कलीसिया (सीएनआई चर्च) संत अंद्रियास उपासना तपकारा पेरिश में क्रिसमस खीस्तीय जयंती के पावन अवसर पर बुधवार को पेरिश पुरोहित रेव्ह एमएम हांसदा, रेव्ह मनु महेश हसदा और रेव्ह रवि हंस के जरिये आराधना अनुष्ठान संपन्न किया गया। मौके पर पवित्र प्रभु भोज मसीही भाई-बहनों ने ग्रहण किया। क्रिसमस के अवसर पर पेरिश पुरोहित रेव्ह मनु महेश हांसदा तथा सीएनआई रांची केन्द्र से रेव्ह रवि हंस द्वारा तपकारा पेरिश की सभी नौ मंडलियों के मसीही विश्वासियों को संदेश दिया। बाइबल के वचन के माध्यम से उन्होंने कहा कि क्रिसमस हमें प्यार समर्पण, त्याग, नम्र, ,दीन बनाना सीखता है,क्योंकि हमारे लिए एक बालक उत्पन्न हुआ, हमें एक पुत्र दिया गया है और प्रभुता उसके कंधे पर होगी। मौके पर तोरपा के विधायक सुदीप गुड़िया ने मसीही विश्वासियों को क्रिसमस की बधाई दी।

## लोहरदगा में विभिन्न थाना क्षेत्रों में हुईं दो सड़क दुर्घटनाएं

# भंडरा में बीएस कॉलेज के पूर्व प्राचार्य व उनके पुत्र समेत तीन की गई जान

- क्रिसमस की खुशियां मातम में तब्दील हुईं

**नवीन मेल संवाददाता**




**लोहरदगा।** लोहरदगा में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गई है। जबकि, चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। मृतकों की पहचान बीएस कॉलेज लोहरदगा के पूर्व प्राचार्य गोस्सनर कुजूर, उनके पुत्र डेविड कुजूर एवं स्वजन मार्कश कुजूर तथा सदर थाना क्षेत्र के बाघा गांव निवासी हीरानाथ शाह के रूप में की गई है। वहीं, घायलों में बाघा गांव निवासी नीरज उरांव, दीपक उरांव और अशोक उरांव एवं एक अन्य शामिल हैं। जानकारी के अनुसार पहली दुर्घटना भंडरा क्षेत्र में हुई है, जबकि दूसरी दुर्घटना सदर थाना क्षेत्र में हुई है।

भंडरा थाना क्षेत्र में हुई दुर्घटना में भंडरा-चट्टी मुख्य पथ पर नंदनी पुल के समीप एसयूवी कार अनियंत्रित होकर पलट गई. इस हादसे में एक ही परिवार के दो सदस्य सहित तीन लोगों की मौत हो गई है। मृतकों में बीएस कॉलेज लोहरदगा के पूर्व प्राचार्य गोस्सनर कुजूर, उनके पुत्र डेविड कुजूर तथा स्वजन मार्कश कुजूर शामिल हैं। गोस्सनर कुजूर और डेविड कुजूर शहरी क्षेत्र के मधुबन के रहने वाले थे। वहीं, मार्कश गुमला चैनपुर के रहने वाले थे। बताया जाता है कि गोस्सनर कुजूर डायलिसिस पर थे। वे अपने पुत्र और परिचित के साथ रांची में डायलिसिस करा कर एसयूवी कार से वापस लोहरदगा लौट रहे थे। इसी दौरान नंदनी पुल और कोटा मोड़ के समीप एसयूवी अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इससे वाहन में सवार सभी व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को स्थानीय ग्रामीण और पुलिस की मदद से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने तीनों लोगों को मृत घोषित कर दिया।

घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर खराब हाल है। परिवार में क्रिसमस की खुशियां मातम में तब्दील हो गई हैं। बता दें कि गोस्सनर कुजूर की पुत्री परिणीता कुजूर सदर अस्पताल में चिकित्सक हैं। वहीं, घटना के बाद भंडरा थाने की पुलिस जांच-पड़ताल में जुट गई है।

## हेसल में हुए रोड हादसे में स्कॉर्पियो चालक की मौत

दूसरी दुर्घटना सदर थाना क्षेत्र के हेसल के समीप हुई। इसमें लोहरदगा-रांची मुख्य पथ पर एक स्कॉर्पियो की सीधी टक्कर ट्रक से हो गई।




इस दुर्घटना में स्कॉर्पियो चालक सदर थाना क्षेत्र के बाघा गांव निवासी हीरानाथ शाह की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि, स्कॉर्पियो में सवार बाघा गांव निवासी नीरज उरांव, दीपक उरांव और अशोक उरांव सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार सभी अपने एक परिचित महिला को जरियो गांव पहुंचाकर वापस लोहरदगा लौट रहे थे। इसी दौरान हेसल चौक के समीप स्कॉर्पियो सामने से आ रहे एक ट्रक से सीधे जा टकराई। दुर्घटना में हीरानाथ शाह की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, अशोक उरांव, दीपक उरांव, नीरज उरांव घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल और शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## भोजपुरी फिल्म हमदर्द का ट्रेलर 28 को होगी रिलीज

# फिल्म की शूटिंग झारखंड में हुई थी

### झारखंड के रहने वाले हैं अभिनेता बीरू शर्मा



**नवीन मेल संवाददाता। मुंबई/रांची**

अभिनेता बीरू शर्मा की डेब्यू भोजपुरी फिल्म हमदर्द का ट्रेलर 28 दिसंबर को यशी फिल्म्स के यूट्यूब चैनल पर रिलीज की जायेगी।बीरू शर्मा और अभिनेता सूरज सम्राट की जोड़ी इस फिल्म में देखने को मिलेगी।वहीं दो नायकों के साथ अभिनेत्री मणि भट्टाचार्या रोमांस करती नजर आयेंगी।दो नायकों और एक नायिका पर केंद्रित इस फिल्म में एक्शन, कॉमेडी, रोमांस, फैमिली ड्रामा भरपूर हैं जो पूर्ण रूप से पारिवारिक और मनोरंजक हैं। अन्तिमा फिल्म प्रोडक्शन के बैनर तले निर्मित इस फिल्म की शूटिंग झारखंड में की गई हैं और बीरू शर्मा भी झारखंड के ही रहने वाले हैं। वे साहिबगंज से हैं और इस फिल्म से उनकी भोजपुरी इंडस्ट्री में एक शुरूआत हैं। आगे और भी फिल्में करेंगे। सूरज सम्राट, मणि भट्टाचार्या के साथ अभिनेता बीरू शर्मा का किरदार फिल्म में प्रमुख हैं। जो दर्शकों को पसंद आएगी। अभिनेता बीरू शर्मा ने दर्शकों से अपील की हैं कि वे इस फिल्म को अपना प्यार और आशीर्वाद दें। ट्रेलर रिलीज के बाद जल्दी ही फिल्म भी जारी की जाएगी।

## बेड़ो व लापुंग प्रखंड में मनाई गई तुलसी जयंती



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**

बेड़ो व लापुंग प्रखंड में एकल विद्यालय परिवार के द्वारा अलग-अलग गांवों में तुलसी जयंती धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनायी गई। श्रद्धालुओं के घरों में स्थापित तुलसी चौरा एवं तुलसी के पौधों की विधिवत पूजा अर्चना की गई। एकल विद्यालय अभियान के संच अध्यक्ष डॉ रमेश प्रसाद गुप्ता ने कहा कि तुलसी एक दिव्य औषधि तो है ही परंतु इससे भी बढ़कर यह भारतीय धर्म संस्कृति के प्रतीक के रूप में प्रत्येक घर की शोभा, संस्कार पवित्रता तथा धार्मिकता का परिचायक है। डॉ रमेश प्रसाद गुप्ता ने तुलसी को प्रसाद जननी की संज्ञा देते हुए बताया कि महाप्रसाद जननी सर्व सौभाग्य वर्धिनी आधि व्याधि हरा नित्यम तुलसी त्वां नमोस्तुते नमोस्तुते। उन्होंने कहा कि तुलसी के पौधों में अमृत के समान गुणों का भंडार है। वहीं संस्कार प्रमुख मुकेश कुमार राय तथा समिति के सदस्य रंजीत खत्री ने तुलसी जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम के दौरान तुलसी के पौधों की जानकारी दी।

## न्यूज बॉक्स

### विश्व हिंदू परिषद धर्म प्रचारक की बैठक संपन्न



**सिल्ली।** विश्व हिंदू परिषद धर्म प्रसार की एक बैठक सिल्ली धर्मशाला में रखी गई जिसमें रांची जिला ग्रामीण प्रमुख शिवलाल महतो, सिल्ली प्रखंड के प्रमुख कंचन सोनार, संस्कारशाला के प्राचार्य गण करुणा पाण्डेय, अनीता देवी,पुनम देवी, नैना देवी, देविबाला देवी, मातृशक्ति प्रमुख सबिता पोद्दार, सभी पंचायत के प्रभारी मंत्री कृष्ण सागर दुबे, साधु चरण महतो,सुरेंद्र प्रसाद कोइरी,श्याम सुंदर महतो, महादेव बड़ाईक, भारत महतो, रामरतन महतो, जोगिन्दर महतो, जिला कमिटी में दो नामों का प्रस्ताव घोषित सजल सोनी, बेणेश्वर महतो का हुआ और विशेष रूप से झारखंड प्रांत के विश्व हिंदू परिषद के संगठन के धर्म प्रसार प्रमुख सच्चिदानंद जी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस बैठक में सनातन धर्म की मजबूती पर चर्चा, महाकुंभ मेले में विश्व हिंदू परिषद की भागीदारी और वहां जाने की सुविधा के विषय में अवगत कराया गया।

### सिल्ली में शहीद निर्मल महतो की जयंती मनाई गई



**सिल्ली।** आजसू पार्टी के तत्वावधान में बुधवार को सिल्ली झारखंड मोड़ पर शहीद निर्मल महतो का जयंती मनाई गई। इस अवसर पर आजसू पार्टी के केंद्रीय संगठन सचिव जयपाल सिंह, केंद्रीय सचिव सुशील महतो, गूंज परिवार के अध्यक्ष सुनील सिंह, प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक, प्रखंड अध्यक्ष रविन्द्र करमाली, बुद्धिजीवी मंच के रत्न गुप्ता, झारखंड आंदोलनकारी बुद्धेश्वर महतो व लक्ष्मी नारायण महतो समेत आजसू कार्यकर्ताओं ने सिल्ली झारखंड मोड़ पर स्थित शहीद निर्मल महतो के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी एवं नमन किया। जयपाल सिंह ने कहा कि शहीद निर्मल महतो झारखंड आंदोलन के अगुवा थे। उन्होंने झारखंड अलग राज्य की लड़ाई लड़ते-लड़ते अपनी जान दे दी। झारखंड आंदोलन में शहीद निर्मल महतो का बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर अलग राज्य के संघर्ष को मुकाम तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई थी। इस मौके पर पुर्व मुखिया गोपाल सिंह मुंडा, शिबू प्रामाणिक, मनोहर महतो, मथुरा महतो, संतोष मंडल, शशि सोनार, हेमंत नायक, निर्मल मंडल, बिनोद कोइरी, गणेश करमाली, राकेश महतो, राजकुमार महतो,अजित महतो, ललन कुमार, धीरज साहु, विकास महतो, दुर्योधन भोक्ता समेत आजसू कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### एलबम 'दीवानी' हुई रिलीज



**रांची।** झारखंड के लोक गायक आशुतोष द्विवेदी एवं भोजपुरी कि सुप्रसिद्ध गायिका इंदु सोनाली का एक भोजपुरी लोक गीत 'दीवानी' एलबम यूट्यूब पर बुधवार को रिलीज हुई। भोजपुरी में इस गीत दीवानी को यूपी, बिहार झारखंड के कई दर्शक काफी पसंद कर रहे हैं। इस गीत में आशुतोष द्विवेदी व इंदु सोनाली ने अपनी मधुर स्वर से भोजपुरी गीतों की प्राचीन व साफ सुतरी संस्कृति को अपने स्वर से परिभाषित किया है। इस एलबम की पूरी शूटिंग रांची में हुई है। इस दीवानी भोजपुरी गीत एलबम में अभिनेता आशुतोष द्विवेदी व अभिनेत्री शालिनी सिंह यादव, प्रोड्यूसर संगीता रानी, लिरिक्स संतोष साहिल, म्यूजिक हर्ष उपाध्याय, मिस मास्टर हम रिकॉड्र्स , वीडियो डायरेक्ट मनोज वरुण, कैमरा मैंन रवि कुमार साहू , एडिटर जैजर सिंह, डीआई रोहित सिंह, मैकअप नैना सिंह, पब्लिसिटी डिजाइन अंकित हैं।

### अटल जी की जयंती पर जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरित



**ठाकुरगांव।** बुढ़मू पूर्वी जिला परिषद सदस्य मनोज कुमार महतो के नेतृत्व में गेसवे स्कूल परिसर में अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर आसपास के गरीब और असहाय लोगों के बीच 100 कंबल बांटे गए। वहीं दूसरी ओर भाजपा के द्वारा उमेडंडा में अटल बिहारी बाजपेयी के फोटो पर पुष्प अर्पित कर उनकी जयंती मनाई गई। मौके पर सुनील साहू, मनोज साहू, गंगाधर महतो, संदीप महतो, सरस्वती देवी, श्याम किशोर महतो, प्रकाश साहू, रविकांत तिवारी, अमीत महतो, राजेश महतो समेत अन्य शामिल थे।

### माहेश्वरी सभा ने अन्नपूर्णा सेवा की 12वीं वर्षगांठ मनाई

**रांची।** श्री माहेश्वरी सभा की ओर से अन्नपूर्णा सेवा की 12वीं वर्षगांठ पर बुधवार को श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर सभागार में कार्यक्रम हुआ। गणेश वंदना से कार्यक्रम की शुरूआत की गई। संगठन के अध्यक्ष किशन कुमार साबू ने सामाजिक, धार्मिक संस्था व व्यापारिक के प्रतिनिधियों समेत समाज के लोगों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि सभी के प्रयास से जरूरतमंदों को हर दिन 10 रुपए में भोजन की थाली में छह रोटी, सब्जी, अचार भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। जिनके पास पैसे नहीं, उन्हें भी भोजन दिया जाता है। पूर्व राज्यसभा सांसद महेश पोद्दार, अजय मारू, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, विधायक सीपी सिंह, गो सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने भी मानवता की सेवा के लिए किए जा रहे कार्य में भागीदारी निभाने वाले लोगों को साधुवाद दिया। कार्यक्रम में अन्नपूर्णा सेवा में सहयोग करने वाले सेवादारों को जैकेट व कम्बल भेंट कर सम्मानित किया गया।

### मदन मोहन मालवीय की 163वीं जयंती मनाई गई



**रांची।** सीएमपीडीआई के स्वर्ण रेखा हॉल में बनारस हिंदू विश्वविद्यालय पूर्व छात्र संघ, रांची शाखा के तत्वावधान में महामना पंडित मदन मोहन मालवीय की 163वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सीएमपीडीआई के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार ने महामना पंडित मदन मोहन मालवीय की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्य अतिथि ने कहा कि शिक्षा का महत्व, एकता, सामाजिक न्याय और राष्ट्र की प्रगति के लिए अखंडता पर उनके विचारों को आत्मसात करने की आवश्यकता है। मौके पर सीएमपीडीआई के अलावा सीसीएल, मेकॉन, डीएमजी-झारखंड सरकार सहित विभिन्न संगठनों के सदस्यों ने भाग लिया।

### राष्ट्र निर्माण में वाजपेयी जी का योगदान याद किया जाएगा: काशीनाथ

**खूंटी।** पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती बुधवार को सुशासन दिवस के रूप में मनाई गयी। इस अवसर पर भाजपा जिला कार्यालय खूंटी में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश मंत्री सरोज सिंह, निखिल कंडुलना सहित भाजपा के कई कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हे श्रद्धासुमन अर्पित किये। मौके पर राष्ट्र निर्माण में अटल जी के योगदान का स्मरण करते हुए उनके आदर्शों और विचारों पर चलने का संकल्प लिया गया। पूर्व जिलाध्यक्ष काशीनाथ महतो ने कहा कि वाजपेयी का नेतृत्व, दूरदृष्टि व्यक्तित्व और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान देशवासियों के लिए सदैव प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा।

### सनातन धर्म विज्ञान है, जिसकी सत्यता को लोग पहचान रहे हैं: स्वामी दिव्यानंद गिरि

**खूंटी।** खूंटी में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा यज्ञ में प्रवचन करते हुए स्वामी दिव्यानंद गिरि ने कहा कि इस पूरे ब्रह्मांड में केवल वही सुखी है, जो चित्र को न देखते हुए चित्रकार को देखता है। चित्र तो पसंद है, लेकिन चित्रकार कौन है, उसके ऊपर दृष्टि नहीं जाती। ऐसे ही मनुष्य आदि प्राणियों को बनाने वाले पहाड़-पर्वत नदी, प्रकृति को बनाने वाले जो भगवान हैं उस पर दृष्टि जानी चाहिए। रुक्मिणी जी ने श्रीकृष्ण को तीनों लोकों में सबसे सुंदर कहा है। नित्य परिवर्तनशील संसार जो झूठ है, एक सच जो सत्य सनातन भगवान है, उसका सच कभी परिवर्तनशील नहीं, बाकी सब पेंटिंग ही है। स्वामी ने कहा कि आज हमारे सनातन धर्मियों को गीता पढ़ने और जीवन में उतारने की आवश्यकता है। भगवत गीता पढ़कर सनातन धर्म के अनुयाई पश्चिमी देश हो रहे हैं। वहां के लोग सनातन धर्म को अपना रहे हैं। सनातन धर्म विज्ञान है, जिसकी सत्यता को लोग पहचान रहे हैं, लेकिन जब हमारे लोगों से हम पूछते हैं कि आपने भगवत गीता पढ़ी, पुराण पढ़े, उपनिषद पढ़े, तो वे चुप हो जाते हैं।

## सीसीएल में आयोजित सीआईएल अंतर कंपनी वॉलीबॉल प्रतियोगिता संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सीसीएल के गांधीनगर क्रीड़ांगन में 22 से 24 दिसंबर तक आयोजित सीआईएल अंतर कंपनी वॉलीबॉल प्रतियोगिता 2024 संपन्न हुआ। झारखंड वॉलीबॉल संघ के तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में सीसीएल आयोजन समिति ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला एनसीएल और एमसीएल के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में एमसीएल की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एनसीएल को 3-1 से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा किया। चार सेटों में हुए इस मैच में दोनों टीमों ने अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। स्कोर क्रमशः 26-24, 25-23, 19-25 और 25-17 रहा। फाइनल मैच में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सुधांशु मोहन साहू को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रदान किया गया। उनके बेहतरीन खेल के लिए उन्हें बेस्ट डिफेंडर का अवार्ड भी दिया गया। बेस्ट स्मैशर का पुरस्कार अरुण कुमार वैद्य को मिला। बेस्ट लिफ्टर का पुरस्कार सुजीत कुमार को दिया गया। पूरे टूर्नामेंट में अपने असाधारण खेल कौशल के लिए कुणाल शर्मा को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट के खिताब से सम्मानित किया गया।

## भगवान पारसनाथ का जन्म कल्याणक महोत्सव 26 को



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

रामगढ़ जिले के रांची रोड स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर पारसनाथ जिनालय में भगवान पारसनाथ का जन्म कल्याणक महोत्सव मनाया जाएगा। 26 दिसंबर को आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम की तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है। मंदिर को आकर्षक तरीके से सजाया गया है। जन्म कल्याण महोत्सव के दौरान अभिषेक, शांति धारा एवं नित्य पूजन तत्पश्चात श्री जी के पालना झुलाई का कार्यक्रम होगा। शाम में महाआरती का भी आयोजन किया जाएगा। समाज के सभी सदस्यों से दिगंबर जैन समाज के सचिव योगेश सेठी ने सहयोग की अपील की है। समाज के अध्यक्ष राजेंद्र चूड़ीवाल, मंदिर मंत्री देवेंद्र गंगवाल, पदमचंद सेठी, राजेश सेठी, नीरज सेठी, निशांत सेठी, बब्लू सेठी, संदीप सेठी, दीपक जैन और विनोद सेठी, श्रवण सेठी ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## अफीम की खेती करने वाले 14 जमीन मालिकों पर मामला दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**

जिले में पहली बार जिला प्रशासन ने अफीम की खेती करने वाले 14 जमीन मालिकों पर एनडीपीएस एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की है। जबकि विभिन्न थाना क्षेत्रों के खुटकटी जमीन के जीआर के आधार पर 321 एफआईआर दर्ज की गई है। अब पुलिस जमीन मालिकों को चिन्हित कर उनकी गिरफ्तारी की प्रक्रिया शुरू कर दी है। यही नहीं जीआर के आधार पर हुए एफआईआर के बाद जमीन मालिकों के सत्यापन शुरू कर दिया गया है।

**इन थानों में इतनी एफआईआर दर्ज :** खूंटी अनुमंडल क्षेत्र के अड़की थाने में जीआर के आधार पर 70 एफआईआर, सायको थाना में 53 एफआईआर, मारंगहदा थाना में 100 एफआईआर, मुरहू थाना में 55 एफआईआर और खूंटी थाना में 43 एफआईआर दर्ज की गई है। वहीं जीआर के आधार पर कुल 321 प्राथमिकी दर्ज की गई है।

**चालम गांव के 18 लोगों पर प्राथमिकी :** खूंटी थाना क्षेत्र के चालम गांव के डेढ़ दर्जन लोगों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की गई। जिनमें बोध मुंडा (डुगरु मुंडा), सतरी पाहन, लहरू पाहन, पति भोक्ता, लहरू भोक्ता, वसिया पाहन, गेंडेया पाहन, बुधवा मुंडा, बुधवा मुंडा (2), लोधेया भोगता, सनिका पहान, मनबोध, हाथीराम महतो, भीम सिंह मानकी, मुंडा नायक, चरण सिंह, बोध मुंडा और डेमका मुंडा शामिल हैं। जिले के खूंटी, अड़की और मुरहू प्रखंड क्षेत्र में अवैध अफीम की खेती के खिलाफ प्रशासन की कार्रवाई जारी है। मंगलवार शाम तक कुल 29 एकड़ में लगी अफीम की फसलों को नष्ट किया जा चुका है। एसडीओ दीपेश कुमारी अफीम विनष्टीकरण अभियान का नेतृत्व कर रही थीं। साथ ही खूंटी सीओ, थानेदार सहित दर्जनों पुलिस के जवान वन विभाग के पदाधिकारियों के साथ जंगलों में भी अफीम विनष्टीकरण अभियान की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। मंगलवार को जिनकी जमीन पर अफीम की खेती नष्ट की गई थी उक्त जमीन के जीआर के आधार पर जमीन मालिकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।



### एसडीओ ने दी जानकारी

इस संबंध में एसडीओ दीपेश कुमारी ने बताया कि किसी भी हाल में अवैध अफीम को नष्ट किया जाएगा। साथ ही जिनकी जमीन पर अफीम लगाई गई है, उन जमीन मालिकों सहित उनके वंशजों पर एफआईआर दर्ज कर उन्हें जेल भेजा जाएगा।

## एक नजर

### जंगली हाथियों ने युवक को कुचलकर मार डाला

**रामगढ़ ।** चितरपुर प्रखंड अंतर्गत मायल पंचायत स्थित विस्थापित गाँव ढठवाटांड-चिलमटुंगरी के समीप एक ग्रामीण को हाथियों ने कुचल कर मार डाला। ग्रामीण की पहचान मायल के गांवादेवती निवासी निधिराम महतो उर्फ मट्टू के (उम्र 32) रूप में हुई है। ग्रामीणों के अनुसार मृत युवक अपने पशुओं के लिए अहले सुबह पत्ता चुनने गया था। उसी दौरान घटना घटी । वन क्षेत्र पदाधिकारी के निर्देश पर वनपाल और सीओ दीपक मिंज ने मृतक के परिजनों को मुआवजे की अग्रिम 25 हजार रुपए की राशि सौंपी। मालूम ही कि पिछले एक सप्ताह से भुचुंगडीह एवं आपसपास के जंगल में जंगली हाथियों का झुण्ड अपना डेरा जमाये हुए है।

### थाना प्रभारी ने प्रबंधकों से मुख्य जगहों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने को कहा

**रामगढ़।** रामगढ़ थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने पत्र जारी कर शहर के सभी बैंक प्रबंधकों,सभी बैंक के एटीएम प्रबंधकों, सभी ज्वलेरी शॉप मालिक,सभी पेट्रोल पंप मालिक , सभी होटल संचालक, सभी रेस्टोरेंट संचालक, सभी सिनेमा हॉल संचालक, सभी शराब दुकान संचालक, सभी स्टोरी फ्लैट/हाउसिंग सोसाईटी, सभी पेड पार्किंग मालिक,सभी निजी अस्पताल संचालकों, सभी मॉल प्रबंधकों, सभी दवा दुकान मालिकों, से उनके कार्यालय और प्रतिष्ठनों में पर्याप्त संख्या में अच्छी क्वालिटी का सीसीटीवी कैमरा लगाने को कहा है। प्रबंधकों के नाम लिखे पत्र में थाना प्रभारी ने कहा है कि प्रतिष्ठनों में पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरा नही होने से किसी प्रकार की घटना घटने पर अपराधियों को चिन्हित करने में परेशानी होती है।

### आजसू जिला कार्यालय में शहीद निर्मल महतो की 75वीं जयंती मनायी गई

**रामगढ़।** आजसू पार्टी जिला कार्यालय में 25 दिसंबर को अलग झारखंड राज्य आंदोलन में महत्वपूर्ण योगदान देनेवाले शहीद निर्मल महतो की 75वीं जयंती उत्साह के साथ मनायी गई। कार्यक्रम में बतौर अतिथि आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव मनोज कुमार महतो, हेमलाल महतो , जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी उपस्थित हुए। मौके पर अतिथियों ने शहीद महतो के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इसके बाद बारी बारी से पार्टी कार्यकताओं ने शहीद निर्मल महतो के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। मौके पर पार्टी के केंद्रीय सचिव मनोज कुमार महतो ने कहा कि शहीद निर्मल महतो की अलग झारखंड राज्य आंदोलन में बहुत बड़ी भूमिका थी। कहा कि निर्मल दा का जन्म जमशेदपुर के उलियान गांव में 25 दिसंबर 1950 ई में हुआ था।

## उपायुक्त की पहल से जिले के जूडो और कराटे खिलाड़ियों को उपलब्ध कराया गया मैट



**रामगढ़।** खेल और युवा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से उपायुक्त चंदन कुमार की पहल पर ज़िले के जूडो और कराटे खिलाड़ियों को मैट मिला। मैट टाटा कंपनी के द्वारा सीएसआर के तहत दिया गया है। मैट की कुल संख्या 130 थी। मंगलवार को कार्यालय में उपायुक्त चंदन कुमार ने अपने हाथों से जूडो एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय मेवाड़, सचिव शशि पांडेय, टाटा कंपनी के अधिकारी राजेश कुमार, आदित्य कुमार सहित जूडो और कराटे के दर्जनों के दर्जनों खिलाड़ियों की मौजूदगी में दिया। युवा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उपायुक्त चंदन कुमार ने कहा आप अपना जौहर दिखाइए, प्रशासन आपकी हर जरूरत पूरा करेगा। विजय मेवाड़ ने कहा उपायुक्त के प्रयासों से खेल और खिलाड़ियों को नया जोश मिला रहा है और विकास को को नयी रफ़्तार मिल रही है। श्री मेवाड़ ने सीएसआर फंड से टाटा कंपनी द्वारा खिलाड़ियों को उपहार स्वरूप दिये गये जूडो मैट के लिये टाटा कंपनी के प्रति आभार जताया। मौके पर खिलाड़ियों में सार्थक पांडेय, तेजस दीपसिंह, अंश कुमार सिंह, अभिनव कुमार, रणजीत तुरी , सिद्धार्थ कुमार, शालिनीश्री ,युक्ता राज, शैफाली चौधरी, स्मृति भारद्वाज, अविरल कुमार, ऋत्विक आदि उपस्थित थे।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने वन भोज का उठाया लुफ्त

## कार्यकर्ता ही पार्टी के रीढ़ होते हैं : विधायक



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** भाजपा कार्यकर्ताओं का मिलन समारोह सह वन भोज कार्यक्रम का आयोजन गंगपाचो पंचायत के ढोढ़ीया स्थित मनसा देवी मंदिर के परिसर में की गई। बरकट्ठा एवं बेड़ोकला भाजपा मंडल के द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा विधायक अमित कुमार यादव शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक ने श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपाई की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर की। मौके पर विधायक समेत क्कार्यकर्ताओं ने अटल बिहारी वाजपेई की जयंती पर्व के रूप में मनाते हुए भाजपा सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष प्रमेश्वर साव और भोला प्रसाद ने संयुक्त रूप से की वहीं संचालन टिंकू प्रसाद ने किया। कार्यकर्ताओं ने विधायक अमित कुमार यादव को माला पहनाकर और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता पार्टी के रीढ़ हैं। कार्यकर्ताओं की मनोबल से ही जीत संभव हुई है। वहीं कार्यक्रम में लोगों ने वनभोज का भी लुत्फ उठाया। कार्यक्रम में समन ठाकुर, सुरेन्द्र पासवान, रघुवीर महतो, टूकलाल नायक, मुखिया सुमन कुमार, प्रोफेसर महादेव यादव, रीतलाल प्रसाद, अनिल कुमार आजाद, छोटेलाल मेहता, नारायण प्रसाद, भीम प्रसाद, मुंशी पासवान, सरयू प्रसाद,झखरु चौधरी समेत आदि भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए।

## न्यूज | बॉक्स

### बरकट्ठा में मोदी कल्याण समिति का किया गया गठन



**बरकट्ठा।** मोदी कल्याण समिति बरकट्ठा की बैठक बेलवा नदी रोड स्थित सुरज मोदी के आवास पर की गई। बैठक की अध्यक्षता शिव शंकर मोदी व संचालन सचिव सुरज मोदी ने किया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में सुरेन्द्र भाई मोदी उपस्थित हुए। इस दौरान सुरेन्द्र भाई मोदी ने समाज के उपस्थित लोगों से सामाजिक एकता बनाएं रखने की बात कही। उन्होंने लोगों से महाराजा अहिवरन के पद चिन्हों पर चलने को कहा। मौके पर मोदी कल्याण समिति बरकट्ठा का कमिटी गठित किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष शिवशंकर मोदी, महासचिव पंकज कुमार, कोषाध्यक्ष उमेश मोदी, उपाध्यक्ष सुरज मोदी 1 और बिमलेश मोदी, सचिव महेश मोदी और चंदन मोदी, अंकेक्षण अरुण मोदी व इन्द्रदेव मोदी, मिडिया प्रभारी अनिल कुमार बर्णवाल को बनाया गया। वहीं सुरज मोदी 2 को संजोयक बनाया गया। मौके पर मोदी कल्याण समिति ने अपने समाज के गरीब बच्चों की पढ़ाई, गरीब घरों की लड़कियों की शादी में यथासंभव मदद करने की बात कही। मोदी कल्याण समिति के बैनर तले 3 जनवरी को वनभोज करने की बात कही।

### जीएम ग्रुप ऑफ कॉलेज का वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का दूसरा दिन संपन्न



**हजारीबाग।** जीएम ग्रुप ऑफ कॉलेज,हजारीबाग के द्वारा तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आज दूसरा दिन भी संपन्न हुआ। आज के खेल में गुली डंडा, कबड्डी और लट्टू का खेल दर्शकों का मुख्य रूप से आकर्षक का केंद्र रहा। सभी खिलाड़ियों ने क्रिकेट,फुटबॉल, बैडमिंटन, लट्टू, चेस, कैरम मेंहदी, रंगोली, पेंटिंग, फोटो ग्राफी, प्रश्नोत्तरी इत्यादि खेलो का आयोजन में भाग लेकर अपनी अपनी प्रतिभा को लोहा मनवाया है। सभी खेल रोमांचक था,जिससे विभागीय कोच को अपना निर्णय लेने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। जीएम ग्रुप ऑफ कॉलेज के निदेशक विनय कुमार और प्राचार्य शंभू कुमार ने सभी खिलाड़ियों को उत्साह बढ़ाने के लिए खेल के मैदान में डटे रहे।जिससे सभी खिलाड़ियों का मनोबल कभी बढ़ा हुआ देखने को मिला। सभी प्रतियोगिता का नेतृत्व महाविद्यालय के शिक्षक तथा एन.एस.एस.इकाई के कार्यक्रम पदाधिकारी उमेश ठाकुर ने किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारीगण तथा एन.एस.एस.टीम का भरपूर सहयोग रहा।

यूएमएस सलैया में शिक्षक विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन

## परीक्षा में उत्तीर्ण 19 विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय सलैया में सहायक अध्यापक परमेश्वर प्रसाद का सम्मान समारोह आयोजित कर विद्यालय परिवार ने नम ऑखों से विदाई दी। इस निमित विधायक अमित कुमार यादव ,प्रमुख रेणु देवी, बीईईओ किशोर कुमार, 20 सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, मुखिया इंद्रदेव प्रसाद मुख्य रूप से कार्यक्रम में शामिल हुए। अपने संबोधन में विधायक ने कहा कि परमेश्वर प्रसाद एक ईमानदार एवं कर्तव्य निष्ठ शिक्षक के रूप में इस विद्यालय में सेवा दिए। पूर्व में इन्होंने हाई स्कूल बरकट्ठा में भी बहुत दिनों तक अपनी बेहतर सेवाएं दी।इनके पढ़ाये दर्जनों छात्र आज ऊंचे ओहदे पर आसीन हैं। प्रमुख रेणु देवी ने कहा कि परमेश्वर प्रसाद बहुत ही नेक इंसान है। अपने कार्यकाल में इन्होंने इस विद्यालय में बेहतर सेवाएं दी। मैं इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करती हूं। वहीं बीईईओ किशोर कुमार ने भी सेवानिवृत शिक्षक की भूरि भूरि प्रशंसा की तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए कामना की। विदित हो कि इस दौरान विद्यालय परिवार की ओर से उन्हें शॉल, बुके देकर व माला पहनाकर स्वागत किया गया। वहीं विद्यालय के 19 छात्रों को सीएमएमएस परीक्षा में सफलता पाने के लिए सम्मानित किया गया तथा झारखंड सरकार द्वारा प्रदत्त 49 बच्चों के बीच साइकिल का वितरण किया गया ।मौके पर अजप्ता अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद, शिक्षक यमुना साव, पवन कुमार, सुकर ठाकुर, सेवानिवृत शिक्षक रामचंद्र प्रसाद, विद्यालय के प्रधानाध्यापक समेत सभी शिक्षक एवं बच्चे उपस्थित थे।

## अज्ञात स्कॉर्पियो ने टेंपू में मारी टक्कर छह लोग घायल, दो गंभीर



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** बरकट्ठा-बरही मार्ग के बीच सक्रेज स्थित मॉ विन्ध्वासिनी होटल के समीप चेचकप्पी, बरकट्ठा से बरही जा रही टेंपू दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में टेंपू में सवार छह लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अनुमंडलीय अस्पताल बरही भेजा गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बरकट्ठा की तरफ से आ रही टेंपू को विन्ध्वासिनी होटल के समीप एक अज्ञात स्कॉर्पियो ने पीछे से टक्कर मार दी।जिसके बाद टेंपू ट्रक में जा घुसी और उसमें सवार 6 लोग घायल हो गए। वही घायलों में चेचकप्पी निवासी सुरेंद्र सिंह पिता रवि सिंह, रिंकी देवी पति बिनु करमाली, लच्छवा देवी पति स्व. हीरामन करमाली, विनीता मासोमत, कलावती देवी पति भुवनेश्वर करमाली समेत अन्य लोग शामिल हैं। इस हादसे में दो की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। घटना की सूचना जिला परिषद सदस्य कुमकुद देवी और स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि डेगलाल साव को मिलते ही तुरंत अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचे। साथ ही घायलों को सदर अस्पताल अपने साथ ले गए। उन्होंने कहा कि माइक्रो फाइनेंस कंपनी से पैसे लेने के लिए ये लोग बरही जा रहे थे, इसी बीच हादसा हुई। इस संबध में मुखिया प्रतिनिधि ने कहा कि हमारी पहली प्राथमिकता है गरीबों व जरूरतमंदों की निस्वार्थ सेवा करना। हमने जनता के दुःख सुख के लिए निजी वाहन उनकी सेवा के लिए दे दिया हूं।

पूर्व राष्ट्रपति की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

## विश्वकर्मा समाज के गौरव थे ज्ञानी जैल सिंह : विकास राणा



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** झारखण्ड प्रदेश विश्वकर्मा समाज,जिला कमेटी, हजारीबाग द्वारा भारत के सातवें राष्ट्रपति स्व. ज्ञानी जैल सिंह की पुण्यतिथि मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से हजारीबाग में निवास करनेवाले प्रदेश कमेटी के पदाधिकारी, जिला कमेटी के सभी पदाधिकारी, प्रखण्ड अध्यक्ष, प्रखण्ड सचिव, प्रखण्ड कोषाध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारियों एवं समाज के गणमान्य लोगों भारत के पूर्व राष्ट्रपति स्वङ्ग ज्ञानी जैल सिंह के चित्र पर फूलमाला चढ़ाकर श्रद्धासुमन अर्पित किया। श्रद्धांजलि सभा में बतौर मुख्य अतिथि विश्वकर्मा विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वकर्मा समाज के हजारीबाग जिला अध्यक्ष यदु राणा ने किया तथा मंच संचालन विश्वकर्मा समाज के जिला महासचिव बृजलाल राणा ने किया। विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा ने अपने सम्बोधन में कहा कि पूर्व राष्ट्रपति स्व ज्ञानी जैल सिंह विश्वकर्मा समाज के गौरव थे।

सांसद खेल महोत्सव : नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ समापन

## ग्रामीण प्रतिभा को राष्ट्रीय फलक पलक तक पहुंचाना है : सांसद



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल के द्वारा आयोजित सांसद खेल महोत्सव-2024 के तहत नमो फुटबॉल टूर्नामेंट के इस सीजन के अंतिम और हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के कुल 20 वां टूर्नामेंट का भव्य आगाज 25 दिसंबर यानी बुधवार को थाम खेल मैदान, चंदवारा में हुआ। यहां के टूर्नामेंट में कुल 20 टीमों ने भाग लिया है जिसमें 16 टीम पुरुष वर्ग से और 04 टीमें महिला वर्ग से हैं। टूर्नामेंट का पहला मैच महिला वर्ग की थाम टीम बनाम आरागारो टीम के बीच खेला गया, जिसमें थाम टीम ने पहला विजयी प्राप्त किया। इस टूर्नामेंट का दूसरा मैच ढाब बनाम भोंडो बालिका टीम के बीच खेला जा रहा है। सांसद मनीष जायसवाल ने उपस्थित लोगों, खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों को संबोधित करते हुए नमो फुटबॉल टूर्नामेंट के इतिहास पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि साल 2016 में हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमदाग प्रखंड से महज कुछ टीमों के साथ शुरू हुआ यह टूर्नामेंट पूरे हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में ख्याति प्राप्त कर रहा है और संभवत झारखंड प्रदेश का सबसे लोकप्रिय और बड़ा फुटबॉल टूर्नामेंट में से एक है। इस टूर्नामेंट के आयोजन में जुटे लोग, खिलाड़ी और खेल प्रेमी दर्शकों के बदौलत टूर्नामेंट की ख्याति लगातार बढ़ रही है। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि इस टूर्नामेंट का उद्देश्य ग्रामीण प्रतिभा को उनके ही खेल मैदान से निकलकर जिला, राजकीय और राष्ट्रीय फलक पर पहुंचाना है।

## पूर्व प्रधानमंत्री के जन्मोत्सव पर गरीब के बीच मिठाई व अंग वस्त्र का किया गया वितरण



**टाटीझरिया ।** प्रखंड के झरपो पंचायत के नैतिक सह बौद्धिक संस्कार शाला राजगढ़ झरपो में भारत रत्न से अलंकृत अटल बिहारी वाजपेई के जन्मोत्सव के अवसर पर वाजपेई जी के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर नमन किया गया। और उनकी जीवनी को बताया गया तथा गरीब आसहाय बुजुर्ग महिलाओं के बीच अपने निजी खर्च से आर एसएस संघ प्रमुख कौलेश्वर मिश्र सदस्य विजय पांडेय, टाटीझरिया आंचलिक पत्रकार सह झारखंड जर्नलिस्ट एसोसियन सदस्य संदीप पाण्डेय ने अंग वस्त्र में साड़ी एवं मिठाई का वितरण किया। लाभुकों में मौ. तुलिया, नेमिया, उर्मिला, ललिया बिशुनी, संगीता, रश्मि, जसवा, जामनी, सुमित्रा, अंजू, बुधनी, तारा, रेशमी, सहोदरी, बलिया, मौ. शांति देवी थी जिन्होंने अंग वस्त्र के मिलने से खुशी जाहिर किया। इसी तरह जो सक्षम समाज सेवि गण है उनसे भी आग्रह है कि अपने आस पास के जरूरत मंद की सहायता करे।चुकी इस पृथ्वी में मानवता धर्म से बड़ा कोई धर्म नहीं है। मौके पर अनिल कुमार,सचिन पांडेय,टेको महतो, सुरेश प्रसाद,जीतन राम,खीरू राम समेत अन्य कई ग्रामीण मौजूद थे।

श्री श्याम समर्पण महोत्सव में हजारीबाग यूथ विंग की अनुकरणीय पहल

## श्री श्याम महोत्सव में दी गई यह सेवाएं उत्कृष्ट उदाहरण हैं : चंद्र प्रकाश जैन

*सेवा प्रबंधन और भक्ति भाव से भरे आयोजन को बेहतर रूप से संचालित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई*



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** श्री श्याम समर्पण महोत्सव के अवसर पर हजारीबाग यूथ विंग ने श्याम भक्तों के प्रति अपनी भक्ति और सेवा का परिचय देते हुए चाय और बिस्कुट की सेवा प्रदान की। इस आयोजन में संस्था के संरक्षक, पदाधिकारियों और सदस्यों ने पूरे समर्पण के साथ हिस्सा लिया। सेवा का यह आयोजन शाम 5:00 बजे से प्रारंभ होकर देर रात 11:00 बजे तक निरंतर चला, जिसमें 1500 से भी अधिक भक्तों ने लाभ लिया। इस मौके पर चंद्र प्रकाश जैन कहा कि श्री श्याम समर्पण महोत्सव में दी गई यह सेवा भक्ति और समर्पण का उत्कृष्ट उदाहरण है। आयोजन मंडली श्री श्याम टाबरिया ने इस भव्य और सफल आयोजन के लिए संस्था के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन सहित सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने इस आयोजन की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार की सेवाएं प्रदान करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष रितेश खंडेलवाल ने अपनी जिम्मेदारियों का उत्कृष्ट निर्वहन किया। उन्होंने सेवा प्रबंधन और भक्ति भाव से भरे आयोजन को बेहतर रूप से संचालित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी इस लगनशीलता की सभी संरक्षक, पदाधिकारी और सदस्यों ने सराहना की। सेवा स्थल पर कई गणमान्य व्यक्तियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और राजनीतिक दलों से जुड़े प्रमुख लोग उपस्थित रहे। सभी ने बाबा के दर्शन किए, चाय की सेवा का आनंद लिया और संस्था के प्रयासों की प्रशंसा की। कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि यह पूरी तरह से भक्ति और समर्पण की भावना से संचालित था। संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन और अन्य सदस्यों ने एक स्वर में कहा कि ऐसे आयोजन समाज और धर्म के प्रति निष्ठा को मजबूत करते हैं।

## अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर हजारीबाग सांसद कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकताओं, स्थानीय नागरिकों और गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ अटल जी के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। उपस्थित सभी लोगों ने उनके द्वारा बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया तथा उनके प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट की। इसके बाद अटल जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा स्थापित सुशासन, समर्पण और राष्ट्रहित के कार्यों को स्मरण किया गया। सभा में अटल जी के व्यक्तित्व, उनकी नेतृत्व क्षमता और कवि हृदय की चर्चा की गई। उनके द्वारा किए गए ऐतिहासिक कार्यों जैसे परमाणु परीक्षण, सड़क निर्माण परियोजनाओं और भारत को वैश्विक मंच पर एक सशक्त राष्ट्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में उनके प्रयासों की सराहना की गई। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि अनिल मिश्रा, कार्यालय प्रभारी विजय वर्मा, मोतीलाल चौधरी, महेंद्र बिहारी, सुबोध सिन्हा,उमेश दांगी, नेहा आलम, राजेश राणा, अमन कुमार, लक्ष्मी देवी, दिलीप कुमार रवि और राजेंद्र राम सहित अन्य लोगों ने अपने सम्मान प्रकट किए।

डेंटल कॉलेज में मनाया गया राष्ट्रीय दंत चिकित्सक दिवस

## दांत हमारे शरीर का अभिन्न अंग है, जांच अवश्य कराएं : डॉ प्रवीण श्रीनिवास



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड हॉस्पिटल के पेरियोडोंटोलॉजी और इम्प्लांटोलॉजी विभाग में राष्ट्रीय दंत चिकित्सक दिवस साथ मनाया गया। आधुनिक दंत चिकित्सा के जनक डॉ. रफीउद्दीन अहमद की जयंती मनाई गई। विशेष सम्मान दिया गया एवं उनकी जीवनी को स्मरण किया गया। इस दौरान बाल चिकित्सा और निवारक दंत चिकित्सा विभाग के सहयोग से एक आकर्षक संयुक्त सेमिनार का आयोजन किया गया। सत्र में शारीरिक अंतर सहित बाल चिकित्सा मौखिक स्वास्थ्य में महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि का पता लगाया गया। प्रतिरक्षा प्रतिक्रियाए, माता-पिता की भूमिकाएं और निवारक देखभाल रणनीतियाँ, बच्चों के लिए स्वस्थ मुस्कान बनाए रखने के तरीकों पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास, प्राचार्य के श्रीकृष्ण, उप प्राचार्य डॉ अंकुर भार्गव संकाय सदस्यों की सम्मानित उपस्थिति से सम्मानित इस कार्यक्रम ने अकादमिक सहयोग और उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के महत्व को दशार्या। इस तरह के उल्लेखनीय कार्यक्रम के आयोजन के लिए एचओडी डॉ. मनोज के सिंह, डॉ. स्वाति सिंह, डॉ. रोजी, डॉ. सीमा, डॉ. अर्नव और पीजी को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस क्रम में उत्सव एक जीवंत विभागीय कार्यक्रम और एक वैज्ञानिक प्रस्तुति के साथ संपन्न हुआ। जिसमें मौखिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने में दंत पेशेवरों की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया गया। मौके पर हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड हॉस्पिटल के सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने राष्ट्रीय दंत चिकित्सक दिवस कहा कि आधुनिक दंत चिकित्सा के जनक डॉ. रफीउद्दीन अहमद की जयंती पर उनके विशेष सम्मान पर राष्ट्रीय दंत चिकित्सक दिवस मनाया जाता है।

# सिमडेगा जिले में धूमधाम के साथ मनाया गया क्रिसमस का पर्व




**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** जिले में बुधवार को क्रिसमस का त्योहार धूमधाम के साथ मनाया गया।इस मौके पर चर्चों में विशेष मिस्सा अनुष्ठान आयोजित किए गए। बिशप एवं फादरों की अगुवाई में धर्मविधि संपन्न कराया गया। क्रिसमस पर अहले सुबह से सिमडेगा के सबसे बडे सामटोली पल्ली के संत अन्ना महागिरजाघर में अनुष्ठान किया गया।जहां काफी तादाद में लोग प्रभु यीशु के जन्म की खुशियां मनाने पहुंचे है। बिशप विसेंट बरवा की अगुवाई में अनुष्ठान संपन्न कराया या। धर्मावलंबियों को प्रभु यीशु का संदेश सुनाया गया। मौके पर अपने संबोधन में विशप ने कहा कहा कि क्रिसमस हमें प्रेम, शांति व भाईचारा का संदेश देता है, क्रिसमस खुशियां मनाने का दिन है इस दिन प्रभु यीशु के जन्म की खुशी जम कर खुशियां मनायी तथा दूसरों को भी खुशियां बांटे. उन्होंने कहा कि क्रिसमस के मौके पर गरीबों व असहायों की मदद करें।इससे प्रभु यीशु के और भी करीब पहुंचेंगे। बिशप ने कहा कि प्रभु यीशु इस दुनिया में प्रेम का संदेश लेकर आयें। प्रभु यीशु मुक्तिदाता हैं हमें उनकी प्रार्थना करनी चाहिए बिशप ने कहा कि आप जितनी प्रभु की प्रार्थना करेंगे,परमपिता परमेश्वर के उतना ही करीब पहुंचेंगे उन्होंने कहा कि इस मानव जीवन में उन्होंने समस्त मानव जाति की कल्याण के लिए ईश्वर का पुत्र होकर इंसान के रूप में जन्म लेकर लोगों का कल्याण किया। इसके बाद बालक यीशु को सभी लोगों ने श्रद्धा पूर्वक चुंबन लिया।प्रभु यीशु के बाल स्वरूप को देख सभी प्रसन्न हो उठे। वही इस मौके पर गिरजाघर में आकर्षक तरीके से चलने की सजावट की थी, जहां पर दूर-दूर से लोग आकर आकर्षक तरीके से ईसा मसीह के जन्म के समय की चित्रण को दिखा ।चर्च में अनुष्ठान के बाद सभी अपने घर लौटे एवं परिजनों के साथ लजीज व्यंजनों का लुत्फ उठाया। खूंटीटोली जीईएल चर्च में भी बिशप मुरेल बिलुंग ने लोगों को प्रभु के आगमन और प्रेम का संदेश दिया।मौके पर कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी, जॉनसन मिंज धर्मप्रांत के मसीह समाज के सभी लोगों ने यहां प्रभु का गुणगान किया।

## विधायक भूषण बाड़ा के आवास पर धूमधाम के साथ मनाया गया क्रिसमस का त्योहार

**सिमडेगा।** सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा के पैतृक गांव सोगड़ा पेठियारटोली में क्रिसमस पर्व पर मिलन समारोह सह प्रीति भोज कार्यक्रम का आयोजन किया।इसमें विधायक, डीसी अजय कुमार सिंह, एसपी सौरभ कुमार समेत कई जनप्रतिनिधि व अधिकारी शामिल हुए मौके पर पुरोहितों की उपस्थिति में मिस्सा पूजा की गयी।विधायक ने सभी को सांता क्लॉज की टोपी पहना कर स्वागत किया,मौके पर विधायक ने कहा कि क्रिसमस का पर्व हम सभी को आपसी, प्रेम, भाईचारा व शांति के साथ रहने का संदेश देता है. मौके पर गरीबों व असहायों की मदद करेंडीसी अजय कुमार सिंह ने कहा कि क्रिसमस हमें आपसी प्रेम का संदेश देता है।प्रभु यीशु ने सभी लोगों के पापों को अपने ऊपर लेकर प्रायश्चित किये,आज हम सभी उनका जन्मोत्सव मनाने के लिए एकत्र हुए हैं,उन्होंने कहा कि सभी धर्म के लोग अपने ईश्वर को अलग-अलग नामों से पुकारते हैं।अपने-अपने ईश्वर के बताये मार्ग पर चल कर उनसे खुशहाली व सुखमय जीवन के लिए कामना करते हैं।एसपी सौरभ कुमार ने




कहा कि क्रिसमस पर हम सभी लोगों में शांति का संदेश बांटें व आपस में मिल-जुल कर रहें. समाज में व्याप्त बुराइयों को भी दूर करने की दिशा में पहल करें। मौके पर विधायक ने सभी लोगों को क्रिसमस पर्व की शुभकामना देते हुए कहा किसी प्रकार सभी समुदाय के लोग मिलकर आपसी प्रेम भाईचारे के साथ सिमडेगा में रहे ताकि सिमडेगा जिला एक अलग मिसाल पेश करें। इस दौरान आए हुए गीत संगीत की कलाकारों के द्वारा एक से बढ़कर एक मसीह भजन के साथ उपस्थित लोगों को झूमने पर विवश कर दिया। मौके पर उनकी पत्नी जिला परिषद सदस्य जो सीमा खाखा एवं विधायक को संयुक्त रूप से आए हुए तमाम लोगों के द्वारा क्रिसमस पर्व की शुभकामनाएं दी।

## विभिन्न गिरजाघरों में क्रिसमस पर्व पर भक्तिपूर्वक मिस्सा पूजा का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**



**बानो।** प्रखण्ड के विभिन्न गिरजाघरों में भक्ति पूर्वक क्रिसमस पर्व के अवसर मिस्सा पूजा का आयोजन किया गया आरसी चर्च साहुबेड़ा में प्रभु येसु जन्म पर्व बड़े धूम-धाम से मनाया गया। मिस्सा अनुष्ठान फादर बिमल जोजो के द्वारा किया गया।उन्होंने ने ख्रीस्त विश्वासियों को अपने संदेश में कहा बालाक येसु गरीब दुःखियों के लिए इस दुनिया में जन्म लिए। उन्होंने बेथलेहेम के गोहार घर के चरनी में जन्म लिया। बालाक येसु के जन्म पर्व को सभी लोग बहुत ही सुन्दर ढंग से मनाते हैं। इस अवसर पर सर दोमनिक किड़ो सभानेत्री निर्मला होरो, सर भिन्सेन्ट कन्डुलना, जुलियस डांग, समुएल तोपनो , समुएल धनवार, अलविसिया भेंगरा, जयमसीह बडिंग, रीता सुरिन, कामिल डांग, मरसेल भेंगरा, एवं मुखिया सुसाना जड़िया उपस्थित थे । मिस्सा गीत का संचालन ब्रदर मतियस सुरीन के अगुवाई में किया गया। संत प्रांसिस जेवियर चर्च जितुटोली में पल्ली पुरोहित फ़ा०राजेश केरकेट्टा द्वारा बालक येशु का जन्म महोत्सव रात्रि मिस्सा पूजा किया गया। उन्होंने कहा येशु के वचनों को अमल करें।उनके मार्गो पर चले ।मन ,हृदय को साफ रखें येशु मसीह को सजों कर रखें। मौके पर फादर अजित केरकेट्टा, फ़ा जोसेफ टेटे ,फ़ा अरबिंद खाखा की उपस्थिति में मिस्सा पूजा सम्पन्न हुआ।मौके पर काथलिक सभा अध्यक्ष एफ्रेम कंडुलना, संदीप सुरीन, सुचिता जोजो ,पीयूष लुगुन ,सिस्टर एलिजाबेथ, सि ०पुष्पा ,आमुस सुरीन सहित काफी संख्या में ईसाई धर्मावलम्बी उपस्थित थे ।जीईएल चर्च बानो जीएल चर्च बानो पादरी सीएस जड़िया व पादरी उम्बलन तोपनो के अगुवाई में प्रभु ईसा मसीह के जन्म दिवस पर विशेष मिस्सा पूजा का आयोजन किया गया। पादरी सी एस जड़िया ने कहा प्रभु यीशु के चेले क्रिसमस नही मनाते थे ।सम्राट कोंनस्टाइन के समय से क्रिसमस का त्योहार मनाया जा रहा है।25 दिसम्बर को जन्म दिन मनाया जाता है।क्रिसमस का अर्थ है मसीह ने शांति स्थापित किया। अपना जीवन ईश्वर का महिमा करते हुए बिताना है।मिस्सा पूजा सम्पन्न कराने में शिशिर भुइयां, मैकलीन लुगुन बसन्त कोनगाडी बहमनी लुगुन आदि लोगों का सहयोग रहा।

## सिमडेगा में भाजपा ने अटल जयंती पर जिले भर में मनाया सुशासन दिवस

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रधेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की 100 वीं जयंती पर भारतीय जनता पार्टी सुशासन दिवस मना रही है।इसी क्रम में आज जिला कार्यालय सहित सभी मंडलों एवं शक्तिकेन्द्रों तक उनकी तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए।जिला कार्यालय में सुशासन दिवस पर बोलते हुए मुख्य वक्ता पूर्व मंत्री नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा की अटल जी सिर्फ राजनेता नहीं बल्कि एक ओजस्वी वक्ता और कवि भी थे,साथ ही भारत के प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने अपना लोहा मनवाया था, परमाणु शक्ति संपन्न देशों की संभावित नाराजगी से विचलित हुए बिना उन्होंने अग्नि दो और परमाणु परीक्षण कर देश की सुरक्षा के लिए साहसिक कदम उठाए राजस्थान के पोखरण में भारत का द्वितीय परमाणु परीक्षण किया जिसे अमेरिका की खुफिया एजेंसी सीआईए को भनक तक नहीं लगने दी।अटल जी सबसे लंबे समय तक सांसद रहे और जवाहरलाल नेहरू व इंदिरा गांधी के बाद सबसे लंबे समय तक गैर कांग्रेसी प्रधानमंत्री भी रहे,हालांकि वर्तमान में मोदी जी नेहरू जी एवं इंदिरा जी के बाद सबसे अधिक शासन करने वाले गैर कांग्रेसी प्रधानमंत्री हैं, अटल जी ही पहले विदेश मंत्री थे जिन्होंने संयुक्त राष्ट्र संघ में हिंदी में भाषण देकर भारत को गौरवांवित किया था।जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा कि करोड़ भाजपा कार्यकर्ताओं के प्रेरणा स्रोत अटल जी की जयंती एक नई प्रेरणा दे जाती है अंधेरा छटेगा सूरज निकलेगा कमल खिलेगा का नारा देकर उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं को जोश जगाया था जो आज सच साबित होता दिख रहा है, भाजपा कार्यकर्ताओं ने अटल पार्क जाकर भी अटल जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि देकर श्रद्धासुमन अर्पित किया, मंच संचालन महामंत्री दिपक पूरी ने किया।मौके पर जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक, पूर्व प्रत्याशी श्रद्धानंद बेसरा, पूर्व जिला अध्यक्ष संजय ठाकुर ,सुशासन दिवस के जिला संयोजक मुकेश श्रीवास्तव ,सहसंयोजक बिधा बड़ाईक, माग्रेट बा,गजानंद बेसरा, सुभाष महतो ,हंसा रानी,जयन्ती देवी उपस्थित थे।




## न्यूज बॉक्स

### बेड़ाहोंजर में जंगली हाथियों ने एक घर को किया ध्वस्त



**बानो।** प्रखण्ड के ग्राम बेड़ाहोंजर में जंगली हाथी एक महिला के घर को किया क्षतिग्रस्त। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार रात को घर मे भोजन की तैयारी कर रहे थे तभी जंगली हाथी आ धमका।और घर को क्षतिग्रस्त कर अनाज को निकाल कर चट कर गया।साथ ही घर में रखे सामानों को भी बर्बाद कर दिया ।जानकारी मिलने पर जिला परिषद बीरजो कंडुलना बेड़ाहोंजर जाकर हाथी पीड़िता सुसाना जोजो से मुलाकात कर नुकसान का जायजा लिया ।साथ ही घटना की जानकारी वन विभाग बानो सुचित करने की बात कहा ताकि विधवा महिला सुसाना जो समय पर मुआवजा मिल सके।

### अटल पार्क में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को दी गई श्रद्धांजलि



**सिमडेगा।** भाजपा के संस्थापक पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के 100 वीं जयंती के अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा के प्रमंडलीय प्रभारी मंगल सिंह भोगता ने बुधवार को सिमडेगा स्थित अटल पार्क में वाजपेयी के प्रतिमा पर माल्यार्पण सह श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। भोगता ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी की नर्सरी आज संपूर्ण भारत में वट वृक्ष बन कर फल फूल रहा है। वाजपेयी संगठन के आदर्श और मार्गदर्शक हैं। भाजपा कार्यकर्ताओं को उनके आदर्शों को आत्मसात करने की अपील की। मौके पर भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष सत्यनारायण प्रसाद, भरत प्रधान, कैलाश प्रधान,आनंद सिंह, भवन सिंह आदि शामिल थे।

### भाजपा मंडल बानो में अटल बिहारी वाजपेयी का मनाया गया जन्म शताब्दी वर्ष



**बानो।** बानो स्थित डाक बंगला परिसर में भाजपा द्वारा बुधवार को देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म शताब्दी वर्ष सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया मौके पर भाजपा बानो मंडल के कार्यकर्ताओं के द्वारा अटल बिहारी वाजपेयी जी की तस्वीर पर माल्यार्पण किया और दीप जलाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। उन्होंने कहा कि वाजपेयी जी का आदर्श आज भी प्रेरणा स्रोत है। हमें उनकी जीवनी से सीख लेने की आवश्यकता है।मौके पर मंडल अध्यक्ष बालमुकुंद सिंह,बानो मुखिया विश्वनाथ बड़ाइक,महामंत्री बलराम सिंह,पन्नालाल ओहदार,भूषण साहू,महेश सिंह,मंडल महिला मोर्चा अध्यक्ष रीना देवी एवं सभी ज्येष्ठ श्रेष्ठ महिला एवं पुरुष कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### खुटीयारी व उकौली मे जंगली हाथी ने दो घरों को किया क्षतिग्रस्त

**बानो।** बानो प्रखंड के डुमिरया पंचायत के खुटीयारी व उकौली मे जंगली हाथी ने दो घर को क्षतिग्रस्त किया घर में रखे अनाज को भी खाया घटना मंगलवार रात्रि की है घटना के समय मिलेगी जानकारी के अनुसार खुटियारी गांव दो हाथी पहुंच गए तथा बहमनी मुंडाइन के घर को क्षतिग्रस्त कर दिया तथा घर में भी रखे अनाज को भी खा गया वही हाथियों ने दो मवेशी को भी पटक कर मार डाला उधर उकौली मे हाथी ने राजकिशोर सिंह के घर को क्षतिग्रस्त कर दिया तथा अनाज को खो गया घटना की जानकारी होने पर वन विभाग की टीम ने घटनास्थल पहुंचकर मामले की जानकारी ली।



## पिस्तौल के बल पर हुई थी लूट, पुलिस ने मीडिया को नहीं दी जानकारी

**जलडेगा।** पिछले कुछ दिन पहले ओडगा ओपी क्षेत्र के ओडगा बाजार निवासी मिस्टर मियां नामक एक दुकानदार से पिस्तौल दिखाकर अपराधियों द्वारा 5000 रुपए लूट की घटना को अंजाम दिया गया है। मामला उजगार न हो इसलिए पुलिस ने मीडिया को घटना से दूर रखा था।हालांकि अब घटना राष्ट्रीय नवीन मेंल में आ गया है।इस बात की स्थानीय ग्रामीणों सहित पीड़ित परिवार से बात कर खबर की पुष्टि भी कर ली गई है। पीड़ित ने बताया कि घटना शाम को हुई थी, अगले दिन सुबह लिखित आवेदन भी दिया गया है। इधर घटना को बीते हुए एक सप्ताह हो गए फिर भी पुलिस के हाथ खाली हैं। बता दें कि पिछले शुक्रवार को जलडेगा थाना क्षेत्र के साप्ताहिक बाजार कोनमेरला में हथियार के बल पर एक व्यवसाई से लाखों हथियार के बल पर लाखों रुपए लूट की घटना को अंजाम दिया गया था। लेकिन इस घटना से भी कुछ दिन पहले ओडगा ओपी में पिस्तौल दिखा कर लूट हुई थी।

## सिमडेगा शौण्डिक संघ के भव्य वार्षिक सम्मेलन का 5 जनवरी को होगा आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** सिमडेगा शौण्डिक संघ की आवश्यक बैठक होटल अपर्णा पैलेस में बुधवार को दोपहर में आयोजित की गई बैठक की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष जितेंद्र प्रसाद के द्वारा की गई। बैठक में आगामी 5 जनवरी को सिमडेगा नगर भवन में होने वाले वार्षिक महोत्सव विवाह परिचय सम्मेलन के सफल संचालन के संबंध में चर्चा की गई। इस दौरान वार्षिक सम्मेलन नगर भवन में आयोजित होगी जिसने बताया गया कि सिमडेगा जिला के अलावा गुमला ,रांची ,उड़ीसा छत्तीसगढ़ सहित अन्य जगह से भी लोग इस सम्मेलन में शामिल होंगे। सम्मेलन में विवाह परिचय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा ,जिसमें समाज में विवाह योग्य युवक एवं यूवतियों का परिचय कराई जाएगी। इसके अलावा चूल्हा सर्वे रिपोर्ट एव अन्य विषयों पर भी बात की गई। मौके पर जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी इस सम्मेलन को भव्य रूप देने के लिए समाज के सभी लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी और इस कार्य में सभी लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा ले। वहीं इसके लिए स्वागत समिति गठन किया गया तथा विवाह परिचय के लिए पांच लोगों की समिति बनाई गई, जिसमें अवधेश प्रसाद ,मोतीलाल साहू, कालीचरण प्रसाद ,गौरी साहू, दिवाकर प्रसाद को बनाया गया, तथा स्वागत समिति बनाई गई। जिसमें जिला समिति के पदाधिकारी द्वारा आए हुए अतिथियों का स्वागत करेंगे तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें राहुल प्रसाद एवं समुद्रगुप्त के द्वारा इसकी अगवाई करेंगे तथा 15 से 30 वर्ष तक के लिए समाज के ऊपर उत्थान से संबंधित चर्चा की जाएगी ।जिसमें समाज में कुरीतियों एवं उसकी अच्छाई के बारे में सभी मंडलों से लोग शामिल होंगे। इसके अलावा समाज में विवाह कार्यक्रम दिन में हो या रात में हो इस पर भी विस्तार पूर्वक के चर्चा की जाएगी तथा मुख्य संरक्षक एवं मार्गदर्शक समिति का गठन किया गया ।जिसमें मुख्य रूप से अभय प्रसाद प्रेम प्रसाद ,प्रोफेसर देवराज प्रसाद, हरिहर प्रसाद ,अवधेश प्रसाद एवं कालीचरण प्रसाद को रखा गया तथा सम्मेलन में अन्य समाज के प्रतिनिधियों को भी इस कार्यक्रम में बुलाने पर भी चर्चा की गई।

## खनन विभाग की बड़ी कारवाई बालू लदे दो ट्रैक्टर जब्त

**नवीन मेल संवाददाता**



**जलडेगा।** जिला खनन पदाधिकारी महेंद्र प्रसाद ने जलडेगा थाना क्षेत्र के सिमडेगा रोड स्थित लुड़गी नदी से बालू लदे दो ट्रैक्टर को जब्त करते हुए जलडेगा थाना को सुपुर्द कर दिया। जिला खनन पदाधिकारी महेंद्र प्रसाद के लिखित आवेदन पर थाना प्रभारी जलडेगा ने विभिन्न धाराओं के साथ प्राथमिकी दर्ज कर लिया है। खनन पदाधिकारी ने कहा कि जलडेगा से लगातार अवैध खनन और परिवहन की शिकायत मिल रही थी जिसके बाद कारवाई की गई है। ये कारवाई आगे भी जारी रहेगी। उन्होंने कहा अवैध खनन और परिवहन करते हुए पकड़े जाने पर निश्चित रूप से कारवाई की जाएगी। इधर जिला खनन पदाधिकारी के औचक निरीक्षण की खबर जलडेगा में आग कि तरह फैल गई। जिसके बाद कई ट्रैक्टर चालकों ने अपनी ट्रैक्टर को खड़ी कर दी। जबकि ओडिशा से जलडेगा होकर चलने वाले डंफर और हाईवा भी खनन पदाधिकारी के जांच के डर से मंगलवार को नहीं चली। जब्त ट्रैक्टरों को थाना में सुपुर्द करने के बाद ट्रैक्टर चालकों ने खनन विभाग पर गंभीर आरोप लगाया है। चालकों ने कहा कि जिस समय खनन विभाग पहुंची उस समय ट्रैक्टर में बालू लोड नहीं था। खनन विभाग की टीम ने सबसे पहले सभी का मोबाइल को जब्त कर लिया उसके बाद दोनों गाड़ियों में बालू भरवाया। जिसके बाद दोनों ट्रैक्टर को जलडेगा थाना में सुपुर्द कर दिया। हालांकि खनन निरीक्षक विश्वनाथ उरांव ने इसका खंडन कर दिया है उन्होंने कहा कि ऐसा कुछ भी नहीं है गाड़ी नदी में बालू लोड करने के लिए ही खड़ी थी।

## पढ़ाई के साथ खेलकूद करियर निर्माण में होगा सहायक : मंगल सिंह भोगता

**नवीन मेल संवाददाता**



● लक्ष्य साधने में टीम के बीच जाति धर्म से ऊपर होता है भावनात्मक जुड़ाव

**सिमडेगा।** खरवार भोगता समाज विकास संघ के दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के अध्यक्ष मंगल सिंह भोगता ने कहा है कि पढ़ाई के साथ खेल कैरियर निर्माण में सहायक साबित होगा। युवा छात्रों को पूरे मनोभाव के साथ निरंतर अभ्यास करते रहना चाहिए। सामुदायिक सहभागिता और अनुशासन का अनुपालन करते हुए लक्ष्य की ओर आगे बढ़ते रहना चाहिए। सिमडेगा के गरजा खरवागढ़ा में समाज की ओर से 21 दिसंबर को आरंभ हाकी और क्रिकेट के पांच दिवसीय प्रतियोगिता में फाइनल सह समापन कार्यक्रम में पुरस्कार वितरण के बाद बतौर मुख्य अतिथि मंगल सिंह भोगता ने युवा खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए उक्त बातें कहीं। उन्होंने कहा कि खेल से शारीरिक मानसिक और बौद्धिक क्षमता का विकास होता है। स्वास्थ्य के साथ-साथ कैरियर निर्माण में सहायक होता है। जीत के लक्ष्य साधने में जाति धर्म से ऊपर टीम के बीच भावनात्मक जुड़ाव समाज को मजबूत बनाता है। समापन कार्यक्रम में बालक हाकी के फाइनल विजेता सजबहार जितिया टोली और उप विजेता माझापारा को तथा बालिका वर्ग में मुर्गाटोली को विजेता एवं पोंचोर को उप विजेता पुरस्कार से सम्मानित किया गया जबकि क्रिकेट में झिकिरिया टांड को प्रथम, आम बहार को द्वितीय और गरजा को तृतीय पुरस्कार दिया गया। पुरस्कार वितरण के साथ ही खरवार भोगता समाज विकास संघ का पांच दिवसीय खेल महोत्सव उत्साह के साथ संपन्न हो गया। भोगता समाज के जिला अध्यक्ष बसंत प्रधान ने अतिथियों का स्वागत किया। केंद्रीय सचिव जगन्नाथ भोगता, विश्वनाथ प्रधान, भरत प्रधान, दिनेश प्रधान, मांगु प्रधान, वेद प्रधान, घुंसी सिंह, रूपधर प्रधान, संरक्षक विनाराम प्रधान, सीताराम प्रधान, रंजित प्रधान, शंकर प्रधान, मतीन प्रधान जयराम प्रधान, राजन प्रधान, नीलांबर प्रधान, नंद किशोर प्रधान, शिवराज प्रधान, राम सुरेंद्र प्रधान, यशोदा देवी, झरियो देवी आदि शामिल थे।

## कैथोलिक पल्ली खालीजोर में क्रिसमस के मौके पर धार्मिक अनुष्ठान का हुआ आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**कुरडेग।** प्रखण्ड के कैथोलिक पल्ली खालीजोर में बुधवार को क्रिसमस के शुभ अवसर पर ख्रीस्त जयन्ती का पर्व धुमधाम से मनाया गया ।क्रिसमस की पूर्व संध्या रात्रि धार्मिक मिस्सा अनुष्ठान फा सुनिल तिर्की एवं अन्य पुरोहितों के द्वारा मिस्सा अनुष्ठान सम्पन्न किया वहीं 25 दिसम्बर की सुबह फा बिपिन किशोर सोरेंग एवं अन्य पुरोहितों के द्वारा मिस्सा अनुष्ठान सम्पन्न किया गया । फा बिपिन किशोर सोरेंग ने अपने संदेश में कहा कि बालक ईसा मसीह का जन्म बेथलहम के गोशाले के चरनी में साधारण परिस्थिति में हुआ । ईसा मसीह मानव के रूप में दुनिया में कुवांरी मरियम के द्वारा पवित्र आत्मा की शक्ति से जन्म लिये और दुनिया को पाप से मुक्ति दिलाने के लिए अवतार हुआ । ईसा मसीह का जन्म न केवल कैथोलिक समुदाय के लोगों को पाप मुक्ति दिलाना था बल्कि संसार के समस्त मानव जाति को पाप से मुक्ति दिलाने के लिए था ।ख्रीस्त जयन्ती का पर्व समस्त मानव जाति के लिए प्रेम, शाँति, एकता, आनंद, खुशी और भाईचारे का संदेश लेकर आता है । सभी मिलकर हर्षोल्लास के साथ पर्व को मनाएँ । ख्रीस्त जयन्ती के शुभावसर पर बालक येसु के प्रतीक मूर्ति का चुम्बन कर विश्वास प्रकट किया गया । इस अवसर पर भक्ति संगीत का संचालन खरवा टोली के युवक-युवतियों ने किया। मौके पर काफी संख्या में समुदाय के लोगों ने मिस्सा अनुष्ठान में भाग लिया।

## एक नजर

### 1500 रुपए बकाया को लेकर भतीजे ने चाचा पर किया टांगी से हमला

**जलडेगा ।** जलडेगा थाना क्षेत्र के कारीमाटी में एक भतीजे ने अपने चाचा पर टांगी से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना बुधवार दोपहर 2 बजे लगभग की है। जानकारी के अनुसार बरहपात्रा निवासी जैतुन समद, पिता स्व बेलसाजार समद, उम्र 30 वर्ष के पास कारीमाटी सिंदुरिया टोली निवासी अपने भतीजे अलफोंस सिंदुरिया, पिता पौलूस सिंदुरिया, उम्र लगभग 35 वर्ष का 1500 रुपया बकाया था। क्रिसमस के दिन आरोपी भतीजे ने अपने चाचा से 1500 रूपया बकाया मांगा, जब चाचा ने पैसा नहीं दिया तो भतीजे ने चाचा का मोबाइल ले लिया। वापस जब चाचा द्वारा घर जाकर मोबाइल मांग की गई तो भतीजे ने घर में रखे टांगी (कुल्हाड़ी) से चाचा के सिर पर वार कर दिया।

### ट्रेन से कटकर टोनिया स्टेशन के पास एक व्यक्ति की मौत

**बानो।** हटिया -बंडामुंडा रेलखंड के टोनिया स्टेशन के यार्ड में पोल संख्या 546/-6-7के पास रेल ठेका कम्पनी में काम करनेवाले हजारीबाग निवासी विकाश राम की धरती आबा एक्सप्रेस की चपेट में आने से कट कर मौत हो गई।घटना 23 दिसम्बर की रात 8 बजे की है।घटना के विषय मे ग्रामीणों ने बताया कि विकास रेल के ठिका कम्पनी में काम करता था ।स्टेशन के पास मोबाइल से बात कर रहा था इसी क्रम में तेजगति से आरही धरती आबा एक्सप्रेस के चपेट में आने से कट कर मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर जीआरपी एवं आरपीएफ पुलिस बल घटना स्थल पहुंच घटना की जानकारी लेते हुए शव को कब्जे में लेकर घटना की सूचना परिजनों की दी गई।शव को पोस्टमार्टम के लिए रांची भेज दिया गया।

### आईसीसी अंडर 19 टी-20 विश्व कप: भारतीय टीम में चयनित आनंदित को किया गया सम्मनित

**धनबाद।** एशिया कप अंडर 19 चैंपियन, टीम इंडिया की सदस्य रहीं धनबाद की अनंदिता किशोर एक और बड़ी उपलब्धि हासिल करने में सफल रहीं हैं। दरअसल मलेशिया में 18 जनवरी से होने जा रहे आइसीसी अंडर 19 टी-20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में अनंदिता अपनी जगह बनाने में कामयाब रहीं। इसी क्रम में धनबाद अपने घर पहुंची अनंदिता को उसके उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए आज धनबाद क्रिकेट एसोसिएशन ने कांको स्थित जेएससीए- एसडीएससीए मैदान में एक सम्मान समारोह का आयोजन कर उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान उनकी मां अलका सिंह भी मौजूद रही। इस सम्मान समारोह में डीसीए के तमाम पदाधिकारियों, सदस्यों सहित अन्य संगठनों के पदाधिकारी, डीसीए में प्रशिक्षण ले रहे जूनियर क्रिकेट खिलाड़ी और बुद्धिजीवी मौजूद थे।

# करोड़ों की लगात से बना जलमीनार छह महीने में ही रिसने लगा, गुणवत्ता पर उठे सवाल



**नवीन मेल संवाददाता। बिरनी गिरिडीह**
बिरनी। बिरनी प्रखंड के केंदुआ पंचायत के झगरसिंगा में छह महीने पहले करोड़ों की लागत से बने जलमीनार के रिसने की समस्या ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि संवेदक की लापरवाही और सरकारी अधिकारियों की अनदेखी के कारण यह योजना प्रारंभ होने से पहले ही विफल हो गई। ग्रामीणों, जिनमें पवन वर्मा, विजेंदर वर्मा, रामेश्वर महतो, अभिषेक पांडेय, भागीरथ वर्मा, हुलास महतो, ईश्वरी देवी, और अनिल वर्मा शामिल हैं, ने बताया कि जलमीनार के निर्माण के दौरान ही उन्होंने गुणवत्ता को लेकर चेतावनी दी थी। लेकिन उनकी बातों को नजरअंदाज कर दिया गया। अब छह महीने के भीतर जलमीनार से पानी रिसने लगा है, जिससे यह सिर्फ एक शोभा की वस्तु बनकर रह गया है। ग्रामीणों का कहना है कि विभागीय जेई ने स्थल निरीक्षण किए बिना ही अपने कार्यालय से अनुमोदन दे दिया। संवेदक ने निर्माण पूरा कर केवल फोटो अधिकारियों को दिखाकर बिल निकाल लिया, जबकि जलमीनार की स्थिति और उपयोगिता की जांच नहीं की गई। ग्रामीणों द्वारा बार-बार शिकायत के बावजूद अब तक किसी अधिकारी या संवेदक ने मौके पर जाकर इसे ठीक करने का प्रयास नहीं किया है। पंचायत समिति सदस्य सलीम अंसारी ने बताया कि प्रखंड के अधिकांश जलमीनारों की यही स्थिति है। उन्होंने संवेदकों की लापरवाही और अधिकारियों की उदासीनता को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया। इस मामले में ग्रामीणों ने संबंधित विभाग और उच्च अधिकारियों से अपील की है कि इस समस्या का जल्द समाधान किया जाए और दोषी संवेदक और अधिकारियों पर कार्रवाई हो।

**क्या कहते हैं कनीय अभियंता**

कनीय अभियंता अजय रजवार ने कहा कि जलमीनार के रिसने की जानकारी विभाग को मिल गई है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही इस समस्या का समाधान किया जाएगा। संबंधित संवेदक को नोटिस भेजा जाएगा और गुणवत्ता की जांच कर आवश्यक मरम्मत कार्य कराया जाएगा।

### जमुआ में रेलवे लाइन के किनारे मिला शव

# पूछताछ के लिए दो लोग पुलिस हिरासत में

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** जमुआ चितरडीह मार्ग पर बने रेलवे ओवरब्रीज के नीचे रेलवे ट्रैक पर बुधवार को एक अधेड़ का शव मिला. घटना की सूचना पाकर जमुआ पुलिस घटना स्थल पर शव को अपने कब्जे में कर थाना ले आई . शव का पहचान मो वारिश शाकिन काजीमगहा थाना जमुआ हुआ. मौके पर जमुआ पुलिस ने जमुआ के ही दो युवकों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है. इस बाबत मृतक की पत्नी रबुआ खातून शाकिन काजीमगहा ने जमुआ थाना में आवेदन देकर चार लोगों को नामजद करते हुए हत्या का आरोप लगाया है. दिए आवेदन में कहा कि उसके पति वारिश मंगलवार को सुबह 10 बजे सिलाई का काम करने जमुआ आया था पर रात घर नहीं पहुंचने पर खोजबीन की. कहा बुधवार की सुबह रेलवे लाइन के किनारे शव होने का हल्ला हुआ तो देखने पर उसके पति वारिश का था.लोगों से पता चला मृतक वारिश के साथ मंगलवार को जमुआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद के पीछे रहने वाले 1 सूरज डोम 2 अजय डोम 3कुंदन डोम 4 प्रेम डोम देखा गया था .इसके अलावे दो अज्ञात लोग भी शामिल थे . कहा उक्त लोगों के साथ उसके पति जमुआ से पल्सर बाइक खरीदा था जिसमें कुछ विवाद हुआ और उक्त लोगों ने उसके पति की निर्मम हत्या कर दी. इस बाबत जमुआ थाना प्रभारी मणिकांत कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह भेज दिया है .दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है. कहा जल्द ही मामले का उद्भेदन कर लिया जाएगा.

## न्यूज | बॉक्स

### खोरठा प्रबुद्ध सम्मान से सम्मानित हुए कवि भीम कुमार



**गावां, गिरिडीह।** गावां के शिक्षक सह कवि भीम कुमार को खोरठा साहित्य का प्रतिष्ठित सम्मान 'श्रीनिवास पानुरी खोरठा प्रबुद्ध सम्मान' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान खोरठा भाषा साहित्य विकास मंच बरवाअड्डा, धनबाद तथा परास फूल के सम्पादक महेन्द्र प्रबुद्ध के द्वारा प्रतिवर्ष खोरठा भाषा साहित्य में उल्लेखनीय कार्य एवं विशिष्ट योगदान के लिए दिया जाता है। इस मौके पर श्रीनिवास पानुरी की 104वीं जयंती समारोह के अवसर पर टुंडी विधायक माननीय मथुरा महतो के द्वारा यह सम्मान प्रशस्ति पत्र, अंग वस्त्र तथा मेडल देकर कवि भीम कुमार को सम्मानित गया। यह सम्मान खोरठा साहित्य में अमूल्य योगदान तथा उनकी दूसरी स्वरचित व पहली खोरठा कविता संग्रह 'हमर सोना झारखंड' के लिए दिया गया।

### अनियंत्रित होकर पत्थर लदा ट्रक पलटा, कोई हताहत नहीं



**गांडेय, गिरिडीह।** बुधवार की अहले सुबह करीब चार बजे ताराटांड़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत गिरीडीह-टुंडी मुख्य मार्ग पंडरी गांव के समीप बुधवार को सुबह ट्रक गाड़ी संख्या डब्ल्यू बी-37 जी-6588 अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बाउंड्री में टकरा कर पलट गई जिससे बाउंड्री क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। घटना की जानकारी मिलते ही ताराटांड़ पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और घटना का जानकारी लीया। बताया जाता है कि गिरीडीह तरफ से आ रही पत्थर लदा ट्रक ताराटांड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत पंडरी गांव के समीप पहुंचते ही अनियंत्रित हो गयी और सड़क किनारे ईंटा की बाउंड्री से जा टकरा कर पलट गई जिससे बाउंड्री क्षतिग्रस्त हो गया। आशंका जताई जा रही है कि चालक को अचानक नींद आ जाने के कारण वाहन अनियंत्रित हो गया था। वर्तमान समय में वाहन चालक अपनी गाड़ियों को काफी तेज रफ्तार से चलाते हैं जिसके कारण भी दुर्घटनागस्त होने का पूरा आशंका रहता हैं।

### ग्रामीण प्रतिभा खोज परीक्षा का हुआ आयोजन



गावां (गिरिडीह)। पिहरा विज्ञान मंच के द्वारा बुधवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पिहरा में ग्रामीण प्रतिभा खोज परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा में लगभग आठ विद्यालयों के लगभग तीन सौ छात्र छात्राओं ने भाग लिया। परीक्षा में कक्षा अष्टम से लेकर प्लस टू तक के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। परीक्षा ओ एम आर सीट पर ली गई। विज्ञान मंच के अध्यक्ष उमेश कुमार साव ने कहा कि पिछले चार वर्षों से परीक्षा का आयोजन दिसम्बर माह में किया जा रहा है। परीक्षा का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभा को बढ़ावा देना है। कहा कि परीक्षा में कक्षानुसार श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया जायेगा। मौके पर पिहरा पश्चिमी के मुखिया अमित कुमार गुप्ता, विनोद पांडेय, शेखरचंद गुप्ता, पप्पु यादव, पवन कुमार, अनंत कुमार आर्य, राजेन्द्र विश्वकर्मा,नरेश कुमार सिंह, रजनी गुप्ता, रानी कुमारी, दुर्गा कुमारी, प्रदीप कुमार यादव, शुभम कुमार, सूरज कुमार, शन्नी मिस्त्री, अंजली कुमारी, चंचला देवी,रवीन्द्र प्रसाद समेत कई उपस्थित थे।

# शांति और सद्भावपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ क्रिसमस का त्योहार



**नवीन मेल संवाददाता। कोडरमा**
जिला मुख्यालय और आस पास के क्षेत्रों में शांति और सद्भावपूर्ण वातावरण में ईसाई समुदाय के सबसे महत्वपूर्ण त्योहार क्रिसमस सम्पन्न हुआ। प्रभु यीशु के जन्मोत्सव के मौके पर जिला मुख्यालय स्थित जीवन ज्योति चर्च को आकर्षक विद्युत लाइटों से सजाया गया था। देर रात्रि को फादर पात्रिक मिंज और पौलुस के नेतृत्व में मीसा पूजा हुई। उसके बाद प्रभु यीशु के संदेशों को सुनाते हुए फादर ने कहा कि पूरी दुनिया को शांति, भाईचारा, विश्वास और प्यार का सन्देश देने प्रभु यीशु मुक्तिदाता के रूप में धरती पर जन्म लिए। उन्होंने कहा कि प्रभु यीशु अपने साथ चार वचनों को लेकर धरती पर अवतरित हुए जब तक हम उनके चार वचनों को सही तरीके से पालन नही करते तब तक उनके आगमन को पूर्ण नही माना जायेगा। फादर ने कहा कि दुनिया के सभी समाजों में भाईचारा, आपसी प्यार, एकता और मेलमिलाप रहने से ही समाज विकसित करेगा। ऐसा करने से ही हम प्रभु यीशु के सच्चे सन्तान बन सकते है। मौके पर अरुण जोसेफ, पवन माइकल कुजूर, रजत लकड़ा, सुनील दास, बेंजामिन एक्का, वाल्टर तिग्गा, कमल हेम्ब्रम, सरिता तिर्की, उषा कान्ति लकड़ा, अल्मा लकड़ा सिस्टर ज्योति, सिस्टर लुइस मेरी, सिस्टर मर्सी, सिस्टर सुषमा कमल हेम्ब्रम पंकज हेम्ब्रम, आशा मेरी, राजीव, रजनी, संजीव कुमार, रोमा रागिनी तिर्की, पंकज मिंज, प्रियंका मार्गरेट, रजनी कुमारी, स्टीफन सिंह, हर्ष विवेक, हर्षिता कुमारी, दीपक के अलावे होली फैमिली अस्पताल की सिस्टर, सन्त क्लेयर्स स्कूल, सन्त जोसेफ स्कूल की सिस्टर, शिक्षिकाएं समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# आर्च बिशप विंसेंट आईंद ने दिव्यांगों के साथ मनाया क्रिसमस



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राजधानी में 24 की रात बड़ी धूम धाम से क्रिसमस महोत्सव मनाया गया। क्रिसमस का यह समारोह संत मारिया गिरिजा घर में सम्पन्न हुआ। जिसकी अगुवाई रांची कैथोलिक महाधर्मप्रांत के महाधर्माध्यक्ष विंसेंट आईंद ने की और बुधवार सुबह वे जेल रोड में स्थित निर्मल हृदय, मिशनरीस ऑफ चैरिटी सिस्टर्स के यहां पहुंचे, जहां उन्होंने दिव्यांग, असंतुलित मानसिक रोग से ग्रसित जैसे लोगों के साथ क्रिसमस मनाया। बुधवार को खीस्त विश्वासी समुदाय के लिए बड़ा पर्व रहा, क्योंकि वे प्रभु येसु खीस्त के जन्म पर्व का महोत्सव मना रहे हैं। इसी खुशी को साझा करने के लिए बुधवार को रांची के कैथोलिक महाधर्मप्रांत के महाधर्माध्यक्ष विंसेंट आईंद रांची के जेल रोड में स्थित मिशनरीस ऑफ चैरिटी सिस्टर्स द्वारा संचालित निर्मल हृदय पहुंचे। जहां उन्होंने वहां के इनमेट्स और एमसी धर्मबहनों के साथ क्रिसमस मनाया।

**अलग तरीके से दिव्यांग बच्चों के साथ बिशप ने मनाया क्रिसमस :** निर्मल हृदय मिशनरीस ऑफ चैरिटी सिस्टर्स द्वारा संचालित एक ऐसी संस्था है, जहां मानसिक रूप से असंतुलित, दिव्यांग, अनाथ बच्चों और अविवाहित गर्भवती महिलाओं का निस्वार्थ भाव से सेवा की जाती है। महाधर्माध्यक्ष विंसेंट आईंद ने मिशनरीस ऑफ चैरिटी सिस्टर्स का उनके समर्पण और सेवा कार्य के लिए उनकी सराहना की। साथ ही उनके द्वारा समाज के उत्थान में योगदान के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महाधर्माध्यक्ष विंसेंट आईंद ने इनमेट्स और धर्मबहनों के लिए क्रिसमस का मिस्सा बलिदान अर्पित किया। मिस्सा की समाप्ति पर महाधर्माध्यक्ष ने केक काटा और अपने हाथों से सभी को भोजन परोसा। अंत में महाधर्माध्यक्ष विंसेंट आईंद ने सभी को क्रिसमस की शुभकामनाएं दीं।

# भव्य तुलसी पूजन समारोह का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
हनुमान मंदिर पीपल चौक में तुलसी पूजा का भव्य आयोजन उत्सव और श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम सुरेंद्र सिंह और उनकी पत्नी द्वारा आयोजित किया गया जिसमें प्रदीप बड़ाईक, शिवशरण जी, राहुल कुमार और वीरेंद्र यादव ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई ।पूजा समारोह की शुरूआत मंदिर के पुजारी द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारण और परिक्रमा से हुए इसके पश्चात मंगल आरती का आयोजन किया गया। जिसमें भक्तों ने भक्ति भाव के साथ भाग लिया, पूरा वातावरण भक्ति में हो गया और श्रद्धालुओं ने भगवान से अपने परिवार एवं सामाजिक खुशहाली की प्रार्थना की।अंत में सभी उपस्थित भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया, इस आयोजन ने सामूहिक एकता राज्य में आध्यात्मिकता का संदेश दिया। आयोजकों ने सभी को धन्यवाद ज्ञापन करते हुए इस तरह का आयोजनों को जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया। हनुमान मंदिर में हुए यह तुलसी पूजा श्रद्धालुओं के लिए एक आध्यात्मिक ऊर्जा का स्त्रोत बनी और उन्होंने इस धार्मिक को संस्कृत दृष्टिकोण से एक महत्वपूर्ण आयोजन बताया।

# मेडिकल की आड़ में संचालित हो रहा है नर्सिंग होम, विभाग बेखबर




*झोलाछाप डॉक्टर बिना लाइसेंस और अनुभव के सिजेरियन जैसे जटिल ऑपरेशन कर रहे हैं, जिससे मरीजों की जान खतरे में पड़ रही है*

**नवीन मेल संवाददाता। बिरनी गिरिडीह**
बिरनी प्रखंड के मखमरगो में झोलाछाप डॉक्टरों की लापरवाही और गैरकानूनी गतिविधियों की यह घटना वाकई गंभीर चिंता का विषय है। बिना किसी आधिकारिक डिग्री या प्रशिक्षित डॉक्टर की उपस्थिति के ऐसे लोग न केवल मरीजों की जान से खिलवाड़ कर रहे हैं, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं की विश्वसनीयता पर भी प्रश्नचिह्न खड़ा कर रहे हैं। इस प्रकार का मामला यह दशार्ता है कि विभाग की ओर से नियमित निगरानी और कार्रवाई का अभाव है। झोलाछाप डॉक्टर बिना लाइसेंस और अनुभव के सिजेरियन जैसे जटिल ऑपरेशन कर रहे हैं, जिससे मरीजों की जान खतरे में पड़ रही है। इसके साथ ही मनमानी रकम वसूलना और मरीजों के परिवारों को मजबूर करना, यह स्थिति स्वास्थ्य सेवाओं की बदतर स्थिति को उजागर करती है।

**क्या कहते हैं चिकित्सक प्रभारी**

इस मामले में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. साकिब जमाल ने कार्रवाई के संकेत दिए हैं। उन्होंने कहा कि मामले की सूचना मिलने के बाद संबंधित संचालक को गुरुवार को सीएचसी (सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र) बुलाया गया है, जहां उनसे अस्पताल से संबंधित सभी कागजात प्रस्तुत करने को कहा गया है।

# पुलिस को गंभीर चोट पहुंचाने के मामले में चार आरोपी गिरफ्तार





**नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा**
थाना क्षेत्र से पुलिस गाड़ी की रेकी करने और पशु तस्कर के चालक को सूचना पहुंचाने मामले में जलडेगा पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि चारों अभियुक्त वाहन चेकिंग कर रहे पुलिस गाड़ी की रेकी करने के बाद बेरीकेडिंग तोड़ कर पुलिस पर वाहन चढ़ाने का प्रयास किया था। जिसमें एक पुलिस गंभीर रूप से घायल हो गया है। घटना के बाद जलडेगा पुलिस ने पीछा कर वाहन को पकड़ा और गाड़ी में बैठे चार आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपियों में एक ताहिर मिया 48 वर्ष कड़रु रांची निवासी दो वर्ष पूर्व तुपुदाना में पदस्थापित महिला पुअनि संध्या तोपनो की हत्या के मामले में भी नामजद आरोपी है जिसपर तुपुदाना थाना में कांड संख्या 179/2022 दर्ज है। इसके अलावा गिरफ्तार अन्य आरोपियों में शामी खान 19 वर्ष कामडारा गुमला, अयान खान कामडारा गुमला एवं संजय सिंह नवाटोली, संगापानी कोलेबिरा शामिल है। इधर पुलिस का कहना है कि चोरी और लूट की घटना प्रशासन की ओर से कड़ी नजर रखी जा रही है लेकिन कुछ लोग इसमें काफी शामिल हैं जो इस तरह की घटनाओं को अंजाम देते हैं। गिरफ्तार आरोपियों में संजय सिंह कोलेबिरा थाना में निजी रूप से वाहन चालक का कार्य करता था। मामले पर जलडेगा थाना में कांड संख्या 69/24 बीएनएस एवं झारखण्ड गोवंशीय पशु हत्या प्रतिषेध अधिनियम कि धारा 115(2), 121(1), 122(2), 125, 281, 61(2), 109, 3(5) के तहत मामला दर्ज करते हुए सिमडेगा जेल भेज दिया है।

# प्रभु यीशु मानव जाति के मसीहा और मुक्तिदाता हैं: बिशप विनय कंडुलना



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**
प्रभु यीशु के जन्मोत्सव पर मनाए जाने वाले क्रिसमस का त्योहार खूंटी और आसपास के क्षेत्रों में बुधवार को धूमधाम से मनाया गया। प्रभु यीशु के जन्मोत्सव पर मसीही विश्वासियों में उल्लास का वातावरण व्याप्त है। इस अवसर पर शहर के आरसी चर्च, जीईएल चर्च और सीएनआई चर्च में बुधवार सुबह अलग-अलग समय पर आयोजित क्रिसमस की विशेष आराधना और अनुष्ठान के बाद विश्वासियों ने एक दूसरे को क्रिसमस की बधाई दी। इस अवसर पर शहर के उक्त तीनों चर्चों के साथ ही ईसाई बहुल मुहल्लों को सजाया गया है। जगह-जगह सामूहिक नाच-गान का आयोजन कर विश्वासियों ने प्रभु के आगमन काल की खुशियां मनाई। इससे पूर्व आरसी चर्च में सुबह सात बजे आयोजित विशेष मिस्सा अनुष्ठान के दौरान अपने संदेश में बिशप विनय कंडुलना ने कहा कि प्रभु यीशु समस्त मानव जाति के मसीहा और गरीब एवं दबे कुचले लोगों के मुक्तिदाता हैं। वे पापों को क्षमा करने वाले और शांति के दूत हैं। उन्होंने लोगों से प्रभु यीशु के संदेश प्रेम और शांति को आत्मसात कर जरूरतमंदों की मदद व सेवा करने की अपील की।

### क्रिसमस मिलन समारोह आयोजित, विधायकों ने दी शुभकामनाएं

**खूंटी।** तोरपा के विधायक सुदीप गुड़िया के तपकरा स्थित आवास पर बुधवार को क्रिसमस मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में खूंटी के विधायक रामसूर्या मुंडा, विधायक सुदीप गुड़िया, जिला बीस सूत्री कार्यक्रम समिति के उपाध्यक्ष जुबैर अहमद, डीडीसी श्याम नारायण राम, सिविल सर्जन डॉ नागेश्वर मांझी, झामुमो सिमडेगा जिला सचिव शफीक खान सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग और जिले के अधिकारी शामिल हुए। सभी ने मिलकर केक काटा तथा एक दूसरे को क्रिसमस की बधाई दी। मौके पर पुलिस इंस्पेक्टर अशोक कुमार सिंह, तोरपा थाना प्रभारी प्रभात रंजन पाण्डेय, रनिया थाना प्रभारी विकास जायसवाल, जरियागढ़ थाना प्रभारी राजू कुमार, कर्रा थाना प्रभारी मनीष कुमार, बीपीओ नरेंद्र कुमार, भाजपा नेता संतोष जयसवाल, नीरज पाढ़ी, निखिल कंडुलना, धर्मेन्द्र कुमार सहित झामुमो और अन्य राजनीति दलो के कई नेता-कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# भाजपा रामगढ़ कैंट मंडल ने मनाई पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी की जयंती



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक अध्यक्ष श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती₹ को ₹सुशासन दिवस₹ के रुप में भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ कैंट मंडल अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव के अध्यक्षता में 25 दिसम्बर को मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री अजीत कुमार गुप्ता द्वारा एवं धन्यवाद ज्ञापन नगर मंत्री अभिषेक चौधरी द्वारा किया गया ।मौके पर मुख्य प्रवक्ता जिला मीडिया प्रभारी राजीव पामदत्त ने 100वीं जयंती पर अटल जी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला और कहा की उन्हें एक कुशल संगठनकर्ता , राजनेता, पत्रकार, साहित्यकार के साथ साथ भारतीय जनता पार्टी के जनक के रूप में हमेशा लोगों के स्मरण में जीवित रहेंगे । उनके प्रधानमंत्री के कार्यकाल में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, चतुर्भुज स्वर्णिम सड़क योजना, सर्व शिक्षा अभियान के माध्यम से उन्होंने सुशासन की जो रोशनी दी आज हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उनके कार्यों को विराट स्वरूप दिया जा रहा है। आज भारत विश्व के पांचवीं आर्थिक शक्ति के रूप में उभरा है। पोखरण प्रकरण ने अटल जी के ताकत और देश हित के उनके अटल इरादे को दुनिया भर भारत के परमाणु शक्ति परीक्षण को स्थापित किया। वे राजनीति के आजातशत्रु हैं। जबकि कैंट मंडल अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव ने बताया कि भाजपा रामगढ़ कैंट के सभी बूथों पर अटल जी की 100 वीं जयंती पर कार्यक्रम हो रहे हैं।

तो प्रियजनों! मेरा क्रिसमस नित्य वर्द्धमान शाश्वत आनंद में सदा चलता ही रहेगा। यदि यह आनंद सीमित होता, जैसे सांसारिक सुख हैं, तो एक समय ऐसा आता जब सब कुछ समाप्त हो जाता। परंतु कोई भी संत कभी ईश्वर के नित्य-नवीन आनंद को शेष नहीं कर पायेगा। - **श्री श्री परमहंस योगानंद**



संपादकीय

# धर्म और अधर्म का संतुलन

धर्म का मार्ग कई बार अधर्म में जाकर लालच के कारण अधर्म में बदल जाता है। धर्म और अधर्म के बीच मौजूद सूक्ष्म विभाजन को स्पष्ट करते हुए लोक रचयिता गोस्वामी तुलसीदास महाकाव्य रामचरित मानस में लिखते हैं कि 'परहित सरिस धर्म नहीं भाई, परपीड़ा सम नहीं अधमाई।' यानी कि दूसरों का हित सोचना-करना ही धर्म है और दूसरों को पीड़ा पहुंचाना ही अधर्म है। जहां तक भारत और उसकी धर्मनिरपेक्षता का सवाल है तो खुद आरएसएस और उसका राजनीतिक संगठन भाजपा (जनसंघ का परिवर्तित स्वरूप) इस पर सवाल उठाते हुए तत्कालीन सत्ताधारी पार्टी कांग्रेस और समाजवादी दलों की सरकारों पर तुष्टिकरण के आरोप मढ़ती आई है। धर्म के प्रति बढ़ती निरपेक्षता से बढ़ते अधर्म को आखिर कौन रोकेगा, यह यक्ष प्रश्न है और इस नीतिगत सवाल पर आरएसएस को ढुलमुल नहीं, बल्कि स्पष्ट रवैया अपनाना चाहिए। चूंकि वह विश्व का सबसे बड़ा सामाजिक संगठन है, दुनिया के सबसे पुराने धर्म सनातन धर्म के आधार पर जीवन पद्धति को विकसित करने और प्राणी मात्र की रक्षा करने का वह पक्षधर रहा है, इसलिए उसके रवैए से देश सहित विश्व का जनमत प्रभावित होता है। क्योंकि वह अमूमन तार्किक और लोकहितैषी बातें करता आया है। उसकी शाखाओं की दिनचर्या समाज के लिए भी सेहतमंद साबित होती आई हैं। भाजपा को इस मुकाम तक पहुंचाने में उसकी मेंटर की भूमिका को नकारा नहीं जा सकता है। अब जरा सोचिए, भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है, लेकिन यदि वह प्राणी बद्ध/मानव बद्ध पर उदासीन रहता है, कुतर्क करता है तो इसका दोषी सरकार नहीं है तो कौन है? क्योंकि जनता को भी तो जागरूक करना उसी का कार्य है। गाहे बगाहे होने वाले सांप्रदायिक, जातीय, क्षेत्रीय या आपराधिक हिंसा-प्रतिहिंसा की बातों को कुछ देर के लिए विराम भी दे दिया जाए, क्योंकि मानवीय सनक को काबू में रखना किसी भी प्रशासन के लिए जटिल कार्य है। फिर भी इस पर सियासी कारणों से रोक नहीं लगाना भी अधर्म है। वहीं, ऐसी ही हिंसक प्रवृत्ति से जुड़ा एक पूरक सवाल है कि यदि भारत सरकार पशु-पक्षी बद्ध के लिए लाइसेंस जारी करती है या फिर इस तरह की मिलीजुली मानवीय प्रवृत्ति पर खामोश रहती है तो मेरे विचार में वह एक अधार्मिक प्रवृत्ति को बढ़ावा दे रही है और इससे उसका प्रशासन भी प्रभावित होगा। मेरा मानना है कि यदि देशवासियों को सही शिक्षा दी जाएगी, तो पुलिस व सैन्य खर्च में भारी कमी स्वतः आ जाएगी। आज यदि देश की जनता नाना प्रकार की नैतिक-भौतिक त्रासदी से जूझ रही है तो इसके पीछे उसकी धर्मनिरपेक्ष भावना ही है। जिसके चलते देशवासियों को सही शिक्षा की डिलीवरी नहीं हो पा रही है। आश्चर्य होता है कि इसके बावजूद भी हमारे धर्मनिरपेक्ष नेता मदमस्त हैं। वो यह नहीं समझ पा रहे हैं कि हमारे देश में कौन सा धर्म सही शिक्षा दे रहा है और कौन सा धर्म भड़काऊ शिक्षा दे रहा है। इनकी शिनाख्त करके उसे सही राह पर चलने के लिए भारत का प्रशासन विवश नहीं करेगा, तो कौन करेगा। आप धर्मनिरपेक्ष हैं, बहुत अच्छी बात है। लेकिन आप प्रकृति धर्म, प्राणी धर्म और मानव धर्म से निरपेक्ष नहीं हो सकते, क्योंकि इसका सम्मिलित स्वरूप ही राजधर्म है। मनुष्यों को नियंत्रित रखने के लिए किसी न किसी धर्म की जरूरत होती है, जो उन्हें अधार्मिक होने से रोकता है। हिंसक प्रवृत्ति अधार्मिक है, भोगवाद अधार्मिक है, क्योंकि इससे रोग उतपन्न होता है और बढ़ता है। वहीं, अहिंसा, त्याग और सेवा की भावना धार्मिक है, जिसे बढ़ावा देना चाहिए। यह प्राकृतिक गुण है, मानवीय गुण है और प्राणी मात्र के लिए हितैषी है।

'वीर बालक दिवस' पर विशेष

# गुरु गोविंद सिंह के 4 पुत्रों की शहादत सदा देशवासियों को गौरवांवित करता रहेगा


विजय केसरी
कथाकार/स्तंभकार

सिख पंथ के दसवें गुरु गोविंद सिंह के चार पुत्रों की शहादत सदा देशवासियों को गौरवान्वित करता रहेगा जिस। जिस उम्र में गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों ने अपनी शहादत दी थी, विश्व इतिहास में अन्यत्र दूसरा उदाहरण कहीं नहीं मिलता है। बच्चें जिस उम्र में स्कूल में पढ़ना लिखना शुभारंभ करते हैं, उस उम्र में हिंदू धर्म की रक्षार्थ गुरु गोविंद सिंह जी के चार पुत्रों क्रमशः अजीत सिंह, जुझार सिंह,बाबा फतेह सिंह और जोरावर सिंह ने अपने प्राणों की आहुति देकर अद्वितीय वीरता का परिचय दिया था। उन चारों बालको के चेहरे पर कोई शिकन तक न थी बल्कि हंसते-हंसते चारों बालकों ने अपनी शहादत दे दी थी। सन 1705 में चमकौर की लड़ाई में अजीत सिंह और जुझार सिंह ने औरंगजेब के सिपाहियों के साथ लड़ते-लड़ते अपनी शहादत दे दी थी। वहीं दूसरी ओर बाबा फतेह सिंह और जोरावर सिंह को औरंगजेब के सिपाहियों ने जिंदा दीवार में चुनवा दिया था। आज की बदली सामाजिक और राजनीतिक परिदृश्य में अजीत सिंह, जुझार सिंह, बाबा फतेह सिंह और जोरावर सिंह जैसे वीर बालकों की शहादत से नई पीढ़ी को सबक लेने की जरूरत है। नई पीढ़ी के बच्चें पढ़ाई में अव्वल तो जरूर हो रहे हैं। लेकिन अधिकांश बच्चों में वीरता और नैतिकता का घोर अभाव देखा जा रहा है। यह बेहद चिंता की बात है। भारत में जिस तरह विदेशी शक्तियां एक के बाद एक साजिश रचती चली जा रही हैं, इससे देश की एकता और अखंडता प्रभावित हो रही हैं। ऐसे में भारत के बच्चों को फिर से अपनी वीरता और अदम्य साहस का परिचय देना होगा। कल इन्हीं बच्चों के कंधों पर देश की जवाबदेही होगी। अगर ये बच्चें वीर और अदम्य साहस से से ओतप्रोत होंगे, तभी भारत का भविष्य उज्जवल होगा।

देशवासियों के धर्म को अक्षुण्ण बनाए रखना देशवासियों का प्रथम कर्तव्य होता है। देश की रीति रिवाज, परंपरा, रहन-सहन, बोलचाल की भाषा, धर्म आदि परंपरागत संस्कृति ही उसकी पहचान होती है। अगर कोई आक्रांत उस पहचान को मिटाने की कोशिश करता है, तब ऐसी परिस्थिति में देशवासियों को एकजुट होकर आक्रांत को जड़ से मिटा देने का संकल्प लेकर तुरंत संघर्ष शुरू कर देना चाहिए। यह संघर्ष तब तक जारी रहना चाहिए,



जब तक कि आक्रांत का अस्तित्व समाप्त न हो जाए। इन्हीं बातों को ध्यान में रखकर 9 जनवरी 2022 को, श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के दिन, देश के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने घोषणा की थी कि हर वर्ष 26 दिसंबर को श्री गुरु गोबिंद सिंह के पुत्रों क्रमशः जोरावर सिंह, फतेह सिंह, अजीत सिंह, और जुझार सिंह की शहादत को यादगार बनाने और प्रेरणा लेने हेतु 'वीर बल दिवस' के रूप में मनाया जाएगा। प्रधानमंत्री की यह घोषणा निश्चित तौर पर तारीफें काबिल है। गुरु गोविंद सिंह जी के चारों पुत्रों की शहादत से देश के बच्चों को प्रेरणा लेने की जरूरत है।

## देशवासियों को यह जानना चाहिए कि सन 1705

में 21 दिसंबर से 27 दिसंबर के बीच गुरु गोविंद सिंह जी का पूरा परिवार हिंदू धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी। गुरु गोविंद सिंह जी जब मात्र नौ वर्ष के थे, तब उन्होंने कश्मीरी पंडितों की रक्षार्थ अपने पिता गुरु तेग बहादुर को कहा था कि हिंदू धर्म की रक्षा के लिए आपको अपने प्राणों की आहुति देना समय की मांग है। वीर बालक गुरु गोविंद सिंह की यह बात सुनकर दरबार में बैठे सारे लोग स्तब्ध रह गए थे। इसके बाद गुरु तेग बहादुर जी ने दिल्ली की चांदनी चौक में औरंगजेब की सत्ता को ललकारा था। उन्होंने किसी भी कीमत में धर्म परिवर्तन की बात को अस्वीकार कर दिया था। बदले में औरंगजेब के सिपाहियों ने गुरु तेग बहादुर जी का चांदनी चौक में सर कलम कर दिया था। गुरु तेग बहादुर की इस शहादत का संपूर्ण भारतवर्ष पर बहुत ही अनुकूल प्रभाव पड़ा था। देशवासियों में औरंगजेब की सत्ता के खिलाफ एक जबरदस्त आवाज बुलंद हुई थी। गुरु तेग बहादुर जी के शहादत के बाद गुरु गोविंद सिंह जी को सिख पंथ का दसवां गुरु बनाया गया था। आगे उन्होंने इस गुरु परंपरा को समाप्त कर गुरु ग्रंथ साहिब को ही गुरु मानने की परंपरा का शुभारंभ किया था।

देशवासियों को सन 1705 में चमकौर में गुरु गोविंद सिंह और औरंगजेब के बीच हुई लड़ाई के इतिहास को जानना चाहिए। कैसे गुरु गोविंद सिंह जी का सारा परिवार एक-एक कर इस युद्ध में अपनी प्राणों की आहुति देते चले गए थे। सरसा नदी पर जब गुरु गोबिंद सिंह जी परिवार जुदा हो रहे थे, तो एक ओर जहां बड़े साहिबजादे गुरु जी के साथ चले गए, वहीं दूसरी ओर छोटे साहिबजादे जोरावर सिंह और फतेह सिंह, माता गुजरी जी के साथ रह गए थे। उनके साथ न कोई सैनिक था और न ही कोई उम्मीद थी।? जिसके सहारे वे परिवार से वापस मिल सकते थे ,अचानक रास्ते में उन्हें गंगू मिल गया, जो किसी समय पर गुरु महल की सेवा करता था। गंगू ने उन्हें यह आश्वासन दिलाया कि वह उन्हें उनके परिवार से मिलाएगा और तब तक के लिए वे लोग उसके घर में रुक जाएं।

माता गुजरी जी और साहिबजादे गंगू के घर चले तो गए लेकिन वे गंगू की असलियत से वाकिफ नहीं थे। गंगू ने लालच में आकर तुरंत वजीर खां को गोबिंद सिंह की माता और छोटे साहिबजादों के उसके यहां होने की खबर दे दी, जिसके बदले में वजीर खां ने उसे सोने की मोहरें भेंट की। खबर मिलते ही वजीर खां के सैनिक माता गुजरी और 7 वर्ष की आयु के साहिबजादा जोरावर सिंह और 5 वर्ष की आयु के साहिबजादा फतेह सिंह को गिरफ्तार करने गंगू के घर पहुंच गए। उन्हें लाकर ठंडे बुर्ज में रखा गया और उस ठिठुरती ठंड से बचने के लिए कपड़े का एक टुकड़ा तक ना दिया। रात भर ठंड में ठिठुरने के बाद सुबह होते ही दोनों साहिबजादों को वजीर खां के सामने पेश किया गया, जहां भरी सभा में उन्हें इस्लाम धर्म कबूल करने को कहा गया। कहते हैं सभा में पहुंचते ही बिना किसी हिचकिचाहट के दोनों साहिबजादों ने जोर से जयकारा लगा 'जो बोले सो निहाल, सत श्री अकाल।' **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

आपकी बात

# जीवन पर्यंत शिक्षा की अलख जगाते रहे डॉ श्याम सिंह नागियान!


डॉ श्रीगोपाल नारसन

इंजीनियर एवं शिक्षा नगरी रुड़की में डॉ श्याम सिंह नागियान एक बड़ा नाम रहा है।भौतिक विज्ञान में डॉक्टरेट श्याम सिंह नागियान ने राष्ट्रीय इंटर कॉलेज रुहालकी में बतौर प्रवक्ता अपने कैरियर की शुरूआत की और फिर वर्षो तक आईआईटी रुड़की से सम्बद्ध आदर्श बाल निकेतन सीनियर सेकंडरी स्कूल के प्रधानाचार्य रहे,जबकि उनकी पत्नी केंद्रीय विद्यालय में बतौर शिक्षिका सेवारत रही।सेवानिवृत्त होने के बाद भी शिक्षा के प्रति उनकी ललक कम नही हुई बल्कि स्कॉलर एकेडमी सीनियर सेकंडरी स्कूल की स्थापना कर उन्होंने शैक्षणिक ज्ञान अनवरत बांटने का नया सफर शुरू किया। वर्तमान में स्कॉलर एकेडमी में हजारों विद्यार्थी पढ़ रहे है लेकिन इस शिक्षा के मंदिर का संस्थापक अचानक हम सबके के बीच से चला गया है। आठ दशक से भी ज्यादा जिंदादिली के साथ जिये श्याम सिंह नागियान जिला पंचायत सदस्य भी रहे और कांग्रेस के मजबूत स्तंभ भी माने जाते थे। जीवन के आखिरी पड़ाव में अपने शिक्षा के मंदिर की ज्योति सदैव जगमगाने के लिए उन्होंने रुड़की सिविल लाइंस के अपने आवास को छोड़कर स्कॉलर एकेडमी को ही अपना आशियाना बना लिया था। समाजसेवा के क्षेत्र में आजीवन अग्रणी रहे श्याम सिंह नागियान नवसृजन साहित्यिक संस्था रुड़की के संरक्षक थे। वे नियमित रूप से प्रत्येक माह के प्रथम रविवार दस बजे दस मिनट अपने पूर्वजों के नाम नामक स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारियों के कार्यक्रम में भाग लेने व शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए ऐतिहासिक सुनहरा वट वृक्ष पर जाते थे। उनके मन मे स्वाधीनता सेनानियों के प्रति अपार श्रद्धाभाव था। महान स्वाधीनता सेनानी पण्डित ताराचंद वत्स के सुपुत्र श्रीपाल वत्स के सहपाठी रहे श्याम सिंह नागियान के स्कूल के दरवाजे हर गरीब व वंचित बच्चे के लिए खुले रहे। मजेदार बात यह है कि श्याम सिंह नागियान कभी भाजपा के भी बड़े नेता थे, वे वर्षो तक हरिद्वार जिले के भाजपा जिलाध्यक्ष रहे, वही अविभाजित उत्तर प्रदेश में माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष पद पर रहने के साथ ही उन्हें उत्तराखंड पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य पद पर रहने का सौभाग्य भी मिला। मूलतः जनपद हरिद्वार के भौरी गांव में चौहल सिंह सैनी के घर जन्मे श्याम सिंह नागियान की पत्नी स्नेह लता भी उनके साथ शिक्षा ज्ञान बांटती रही है। उनके पुत्र संजय नागियान जहां उनके पदचिन्हों पर चल रहे है, वही बेटी एक चिकित्सक के रूप में बीकानेर हॉस्पिटल की संचालिका है। ऐसे महान शिक्षाविद व समाजसेवी को शत शत नमन।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

देश की बात

# गठबंधन में अकेली होती कांग्रेस


सुरेश हिंदुस्तानी

भारत की राजनीति निश्चित ही अनिश्चितता का एक ऐसा खेल है, जिसका सीधा-सा आशय नहीं निकाल सकता। यानी जो दिखता है, वैसा होता नहीं है और जो हो जाता है, वह दिखता नहीं है। इसी कारण से कभी-कभी राजनीति से अविश्वास भी होने लगता है। यह अविश्वास केवल जनता के मन में उपजता है, ऐसा नहीं है, राजनीति के ज्ञाता भी इसकी परिधि में गाहे-बगाहे आ जाते हैं। आज के दौर में कांग्रेस के प्रति भी अविश्वास का भाव लगातार बढ़ता जा रहा है। वर्तमान केंद्र सरकार पर निरंतर हमालवर रहने वाले इंडी गठबंधन के राजनीतिक दल आज स्वयं के लिए अलग मार्ग तलाशते दिख रहे हैं। कोई दल कांग्रेस को भाव देने को तैयार नहीं है, लेकिन समस्या यह है कि कांग्रेस आज भी इस सच को आईने में देखने को तैयार नहीं है। आज कांग्रेस की सच्चाई यही है कि उसे अपनी विरासत पर ही भरोसा है, इसके अलावा अन्य राजनेता भले ही बड़े पद पर पहुँच जाएं, उन्हें जितना महत्व मिलना चाहिए उतना मिलता नहीं है। वर्तमान में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे कमोबेश ऐसी ही स्थिति का सामना कर रहे हैं। वे सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका वाड्रा के समक्ष लगभग नतमस्तक से दिखाई देते हैं। पिछले लोकसभा चुनाव के नतीजे को कांग्रेस भले अपने लिए सफलता माने लेकिन वह सफलता इसलिए नहीं मानी जा सकती, क्योंकि यह कांग्रेस की स्वयं की राजनीतिक ताकत नहीं थी, इसमें इंडी गठबंधन के दलों का योगदान था। लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश के नतीजों में विपक्षी दलों को निश्चित ही अपेक्षित सफलता मिली, लेकिन इसे कांग्रेस की सफलता नहीं माना जा सकता। अगर कांग्रेस के साथ समाजवादी पार्टी नहीं होती तो कांग्रेस की इतनी सीटें नहीं आती। सत्य यही है कि आज कांग्रेस बिना गठबंधन के आगे बढ़ नहीं सकती लेकिन कांग्रेस के नेताओं का व्यवहार ऐसा है कि वही सबका नेतृत्व कर रहे हैं, जबकि वास्तविकता में ऐसा नहीं है। इसी कारण इंडी गठबंधन में दरार पैदा करने वाले स्वर भी सुनाई देने लगे हैं। राजनीतिक आकलन किया जाए तो इन स्वरों के यही निहितार्थ निकल सकते हैं कि कांग्रेस के पास इंडी गठबंधन को नेतृत्व देने का सामर्थ्य नहीं है। पश्चिम बंगाल में अपने राजनीतिक कौशल का लगातार परिचय देने वाली तृणमूल कांग्रेस की नेता ममता बनर्जी इंडी गठबंधन का नेतृत्व करने के लिए व्याकुल दिखाई दे रही हैं। ममता बनर्जी की राजनीति को देखते हुए यही कहा जा सकता है कि वे किसी और के नेतृत्व में काम करने के लिए सहज नहीं हैं। इसलिए उन्होंने यह स्वयं ही कहा है कि अगर कांग्रेस चाहे तो तृणमूल कांग्रेस गठबंधन का नेतृत्व करने के लिए तैयार है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**



बोधि वृक्ष

जब आप चिंतन करते हैं कि यह संसार मृत्यु से भरा पड़ा है, और आपको भी शरीर का त्याग करना पड़ेगा, तो ईश्वर की योजना बड़ी निर्दयी प्रतीत होती है। आप कल्पना भी नहीं कर सकते कि वे दयालु हैं। परन्तु जब आप मृत्यु की प्रक्रिया को ज्ञान की दृष्टि से देखते हैं।

# मृत्यु को समझना


श्री श्री परमहंस योगानंद

मृत्यु अन्त नहीं है: यह अस्थायी मोक्ष है, जो आपको उस समय दिया जाता है, जब कर्म अर्थात् न्याय का नियम यह निर्धारित करता है कि आपके वर्तमान शरीर और परिवेश ने अपने उद्देश्य पूर्ण कर लिए हैं, अथवा जब आप बहुत थक जाते हैं, या कष्टों की थकान के कारण भौतिक जीवन के बोझ को और अधिक सहन नहीं कर सकते। जो लोग दुःख भोग रहे हैं उनके लिए मृत्यु शरीर की कष्टपूर्ण यातनाओं से जागृत शान्ति और नीरवता में पुनरुत्थान है। वयोवृद्ध लोगों के लिए, यह सेवा निवृति (पेंशन) है जो उन्होंने वर्षों तक जीवन में संघर्षरत रह कर अर्जित की है। सभी के लिए यह एक सुखद विश्राम है। जब आप चिन्तन करते हैं कि यह संसार मृत्यु से भरा पड़ा है, और आपको भी शरीर का त्याग करना पड़ेगा, तो ईश्वर की योजना बड़ी निर्दयी प्रतीत होती है। आप कल्पना भी नहीं कर सकते कि वे दयालु हैं। परन्तु जब आप मृत्यु की प्रक्रिया को ज्ञान की दृष्टि से देखते हैं, तो आप अनुभव करते हैं कि अन्ततः यह ईश्वर का एक विचार मात्र ही है जो परिवर्तन के दुःस्वप्न से गुजरता हुआ पुनः ईश्वर में आनन्दपूर्ण स्वतन्त्रता में जा रहा है। सन्त और पापी दोनों को मृत्यु होने पर, उनके अपने गुणों के अनुसार न्यूनाधिक स्तर पर समान रूप से स्वतन्त्रता दी जाती है। प्रभु के स्वप्न रूपी सूक्ष्म जगत में, जहाँ पर आत्माएँ मृत्यु होने पर जाती हैं-वे ऐसी स्वतन्त्रता का आनन्द लेते हैं जिसे वे पृथ्वी के जीवनकाल में कभी नहीं जानते थे।

(क्रमशः)

फेसबुक वॉल से




X से




आज का दोहा

**हर घुमाव को साधकर, की वैतरणी पार।**
**'पूंछ' छोड़ कर फंस गए, मंत्र हुए बेकार।।**
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/ व्हाट्सएप 82925 53444। –संपादक

अलग बात

# सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल या लूट का अड्डा


निर्मल रानी

वैसे तो 2012 में प्रसारित किये गये आमिर खान के प्रसिद्ध व लोकप्रिय धारावाहिक 'सत्यमेव जयते' में भारतीय स्वास्थ्य सेवाओं में व्याप्त धांधली व लूट जैसे अति गंभीर विषय को अत्यंत प्रभावी रूप से उठाया जा चुका है। इस में प्रमाणिक तरीके से यह बताया गया था कि किस प्रकार डॉक्टर्स द्वारा मरीजों को बिना जरुरत के दवाइयाँ दी जाती हैं और किस तरह मरीजों का गैर जरूरी इलाज किया जाता है। इसमें कई ऐसे उदाहरण पेश किये गये थे जिससे यह साबित होता है कि स्वास्थ्य सेवाओं में किस तरह की धांधलियां हो रही हैं। 'सत्यमेव जयते' में यह भी दिखाया गया था कि आंध्र प्रदेश के एक गाँव में बड़ी संख्या में महिलाओं की बच्चेदानी (गर्भाशय) निकाल दिया गया, जबकि इसकी जरुरत ही नहीं थी। डॉक्टर्स द्वारा महिलाओं को यह बताया गया था कि अगर उन्होंने ऑप्रेशन नहीं करवाया तो उनकी जान चली जाएगी। जब कि इस कार्यक्रम में भाग ले रही एक सीनियर डॉक्टर का कहना था कि कैंसर के अलावा कोई और मामला नहीं होता जिसमें गर्भाशय को निकालना पड़े। इसी मंच पर यह भी बताया गया था कि कई बार मरीजों से दवाओं की क़ीमत पचास गुना ज्यादा तक वसूली जाती है। तरह तरह के गैर जरूरी फर्जी टेस्ट करने के लिए मरीज पर दबाव बनाने जैसी अनेक बातें भी सामने आयी थीं। यहाँ तक कि सत्यमेव जयते में डॉक्टरों के व्यवसाय से लेकर मेडिकल कॉलेजों तक सभी पर निगरानी रखने वाली संस्था मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया (एमसीआई) की गड़बड़ियों पर भी चर्चा की गई थी। परन्तु 'सत्यमेव जयते' द्वारा भारतीय चिकित्सा व्यवस्था में व्याप्त घोर भ्रष्टाचार व लूट के उजागर होने के बावजूद गत 12 वर्षों में इसमें कोई सुधार तो बिल्कुल नहीं आया,हाँ लूट खसोट में और अधिक इजाफा जरूर हो गया है। और भारतीय चिकित्सा व्यवस्था में व्याप्त यह लूट अब इस हद तक पहुँच चुकी है जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। सीधे शब्दों में मरीज को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ देने के बारे में तो कतई नहीं बल्कि उससे कितने अधिक से अधिक पैसे वसूले जा सकते हैं सारा ध्यान व अस्पतालों का सारा चक्रव्यूह इसी तरीके से रचा जा रहा है। और ऐसा हो भी क्यों न? जब सुपर-स्पेशलिटी हॉस्पिटल, फार्मा और हेल्थकेयर कम्पनीज द्वारा सत्ता को चुनावी बांड के रूप में इतने पैसे दे दिए जायें कि उनकी हर तरह की लूट पर सरकारें खामोश रहें? गौरतलब है पिछले दिनों जब सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर इलेक्टोरल बांड सार्वजनिक किये गए थे उन्हीं चुनावी बॉन्ड के आंकड़ों से पता चला था कि देश की कम से कम 30 फार्मा और हेल्थकेयर कंपनियों ने 5 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के चुनावी बॉन्ड खरीदे थे जो कुल मिलाकर लगभग




900 करोड़ रुपये है। यह कुल 12,155 करोड़ रुपये की राशि का लगभग 7.4% है, जिसके लिए डेटा जारी किया गया था। नतीजतन आज सुपर-स्पेशलिटी हॉस्पिटल,फार्मा और हेल्थकेयर फर्मों को इस बात की पूरी छूट मिल चुकी है कि वे मरीज की आर्थिक स्थिति के अनुसार जितना चाहे उसका दोहन कर सकते हैं करें। इनको मिली इस शाह का नतीजा है कि आज देश में प्रायः 44 % ऐसी झूठी सर्जरी की जा रही हैं जिनकी जरुरत ही नहीं। करीब 55 % गैर जरूरी हार्ट सर्जरी,लगभग 48 % गर्भाशय सर्जरी करीब 47 % कैंसर सर्जरी,48 % घुटना बदलने वाली शल्य चिकित्सा 45 % प्रसव सर्जरी केवल धन ऐंठने हेतु पूरी तरह अकारण ही की जा रही हैं। यह कोई गढ़े हुये काल्पनिक आंकड़े नहीं बल्कि मार्च 2016 को भारत की एक संसदीय समिति द्वारा स्वीकार किये गये तथ्य हैं। सत्ता संरक्षित इन अस्पतालों को भी पूरी तरह से कॉर्पोरेट कम्पनी की ही तरह टारगेट आधारित व्यवसाय बना दिया गया है। अपने लक्ष्य को पूरा करने के लिये हर महीने के अंत में इन डॉक्टर्स पर दबाव बढ़ता है और डॉक्टर्स को ओपीडी के मरीजों को भी अकारण शल्य चिकित्सा (सर्जरी) की तरफ धकेलना पड़ता है। यूँही नहीं कई बड़े नामी सुपर-स्पेशलिटी हॉस्पिटल अपने सीनियर डॉक्टर्स को एक करोड़ रुपए प्रति माह तक तनख़्वाह देते हैं। इसके बदले में इन्हें प्रत्येक माह एक हजार सामान्य मरीजों को गंभीर मरीज में परिवर्तित करना होता है। ऐसे लूट एक्सपर्ट डॉक्टर्स का ट्रैक रिकार्ड बनता है कि वह मरीजों को लूटने का कितना एक्सपर्ट है उसके हिसाब से ही उसे दूसरे लुटेरे अस्पतालों में मरीजों को लूटने का ठेका यानी नौकरी मिलती है। कई मामले ऐसे भी सामने आये हैं जिसमें मृत हो चुके मरीजों को भी जिंदा बताकर पैसे वसूले जाते रहे हैं। अस्पताल द्वारा मृत हो चुके मरीजों का इलाज जारी रखने का केवल नाटक चलता है ताकि जितना हो सके पैसे ऐंठे जाते रहें। ऐसे कई मामले अखबारों में भी आते रहते हैं। ब्रेन डेड मरीजों को एक महीना वेंटिलेटर पर रखने जैसा एक अस्पताल का मामला अदालत में साबित हुआ तो अदालत ने सिर्फ 5 लाख की सांत्वना राशि का जुर्माना उस अस्पताल पर ठोक दिया। इन्हीं भारतीय स्वास्थ्य संबंधी अनियमिताओं के चलते पिछले दिनों मेरे एक पारिवारिक सम्बन्ध रखने वाले संपन्न,शिक्षित व अप्रवासी भारतीय परिवार की एक 76 वर्षीय महिला की समय पूर्व जान चली गयी।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# महाकुंभ में वीआईपी/वीवीआईपी गेस्ट के लिए होगी विशेष व्यवस्था

**एजेंसी। महाकुंभ नगर**



प्रयागराज में आयोजित होने जा रहे महाकुम्भ मेला 2025 के दौरान देश-विदेश के लाखों श्रद्धालुओं के साथ ही बड़ी संख्या में वीआईपी और वीवीआईपी मूवमेंट की संभावना है। इसको देखते हुए प्रयागराज मेला प्राधिकरण ने विशेष प्रबंध किए हैं। इन सभी महानुभावों को महाकुम्भ मेला की सुखद अनुभूति प्राप्त कराने एवं उनके रुकने तथा अन्य प्रोटोकॉल की सुविधा उपलब्ध कराने की तैयारी की गई है। महाकुम्भ मेला 2025 प्रथम मुख्य स्नान पर्व (पौष पूर्णिमा) 13 जनवरी 2025 से प्रारम्भ होकर अंतिम मुख्य स्नान पर्व (महाशिवरात्रि) 26 फरवरी 2025 तक कुल 45 दिनों की अवधि में सम्पन्न होगा। मेला प्राधिकरण से जुड़े अधिकारियों के अनुसार महाकुंभ के दौरान देश-विदेश के तीर्थयात्री, पर्यटक, विशिष्ट एवं अतिविशिष्ट महानुभावों के अलावा उच्चतम न्यायालय एवं उच्च न्यायालय के न्यायमूर्तिगण का आगमन होगा। मेला क्षेत्र में विशिष्ट/अतिविशिष्ट महानुभावों के आगमन के दौरान सुविधा के लिए 24×7 कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिसमें अधिकारी/कर्मचारियों की तैनाती सुनिश्चित की जा रही है। मेला क्षेत्र में केन्द्र सरकार के कुल 15 विभागों द्वारा अपने कैम्प निर्मित किए गए हैं, जिनमें विभागीय अधिकारियों के लिए उनके आगमन पर अवस्थान के लिए काटेज की व्यवस्था की गई है। इसी तरह, मेला क्षेत्र में उत्तर प्रदेश सरकार के कुल 21 विभागों द्वारा अपने कैम्प निर्मित किए गए हैं, जिनमें विभागीय अधिकारियों के लिए उनके आगमन पर अवस्थान हेतु काटेज की व्यवस्था की गई है। जिला प्रशासन प्रयागराज के अधीन उपलब्ध 21 अतिथि गृहों में कुल 314 कक्ष वीआईपी/ वीवीआईपी के अवस्थान के लिए कक्षों की व्यवस्था की गई है।

## मेले में प्रोटोकॉल को ले अधिकारी तैनात

मेले में आने वाले महानुभावों की प्रोटोकॉल व्यवस्था के लिए शासन स्तर से 03 अपर जिलाधिकारी, 03 उप जिलाधिकारी, 03 नायब तहसीलदार एवं 04 लेखपाल तैनात किए गए हैं। इसके साथ ही, सभी 25 सेक्टरों में डिप्टी कलेक्टर स्तर के अधिकारी सेक्टर मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात हैं, जो अपने-अपने सेक्टर में प्रोटोकॉल की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। विशिष्ट/अतिविशिष्ट महानुभावों की प्रोटोकॉल व्यवस्था के तहत महाकुंभ-2025 के दौरान 50 टूरिस्ट गाइड एवं अन्य सहायक स्टाफ की तैनाती भी सुनिश्चित की जा रही है। मेले में आने वाले महानुभावों को ठहरने की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए मेला क्षेत्र में 05 स्थलों पर 250 टेंट की क्षमता के सर्किट हाउस की व्यवस्था की गई है। मेले में आने वाले विशिष्ट / अतिविशिष्ट महानुभावों की सुविधा के लिए पर्यटन विभाग उत्तर प्रदेश के निर्देशन में पर्यटन विकास निगम द्वारा 110 काटेज की टेंट सिटी एवं सेवा प्रदाताओं के माध्यम से 2200 काटेज की टेंट सिटी विकसित की जा रही है, जिसकी बुकिंग प्रयागराज मेला प्राधिकरण की वेबसाइट के माध्यम से नेविगेट कर की जा सकती है। इसके अतिरिक्त, स्नान के लिए घाट तैयार करने के अलावा नदी में जेटी एवं मोटर वोट की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

# गिरिराज ने बिहार के सीएम नीतीश को भारत रत्न देने की वकालत की

**एजेंसी। पटना**



नीतीश गिरिराज

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने बुधवार को बेगूसराय में कहा कि 2025 का बिहार विधानसभा चुनाव राजग नीतीश कुमार के नेतृत्व में लड़ेगा। साथ ही उन्होंने नीतीश कुमार और ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक को भारत रत्न देने की वकालत की। गिरिराज ने कहा कि नीतीश कुमार इतने दिनों तक मुख्यमंत्री रहे। आज के बच्चे, जिनकी उम्र 30 साल है वह नहीं जानते कि लालू प्रसाद के जंगलराज में कुव्यवस्था थी। सड़कें, अस्पतालों और स्कूलों की जर्जर स्थिति थी। नीतीश कुमार ने बिहार को एक ऊंचाई पर ले जाने का काम किया है और ओडिशा में नवीन पटनायक ने इतने वर्षों तक राज्य की सेवा की। ऐसे लोगों को देश में पुरस्कृत करने की जरूरत है। इसलिए ऐसे लोगों को भारत रत्न जैसे पुरस्कार से नवाजा जाना चाहिए। यह पहला मौका है जब भाजपा की तरफ से किसी केंद्रीय मंत्री ने अपनी ही सरकार से यह बड़ी मांग की है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि क्या सच में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार नाराज हो गए हैं? दरअसल, बिहार में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में नेतृत्व के सवाल पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पिछले दिनों एक टीवी डिबेट के दौरान ऐसी बात कह दी थी, जिससे बिहार की सियासत गरमा गई थी।

# वाजपेयी की 100वीं जयंती पर पीएम मोदी समेत तमाम नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

**एजेंसी। नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत तमाम नेताओं ने बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी।पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी को उनकी 100वीं जन्म-जयंती पर आदरपूर्ण श्रद्धांजलि। उन्होंने सशक्त, समृद्ध और स्वावलंबी भारत के निर्माण के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उनका विजन और मिशन विकसित भारत के संकल्प में निरंतर शक्ति का संचार करता रहेगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पोस्ट पर कहा, "पूर्व प्रधानमंत्री भाजपा के संस्थापक श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती पर उन्हें सादर नमन करता हूं। अटल जी ने विचारधारा के प्रति समर्पण और मूल्य-आधारित राजनीति से देश में विकास और सुशासन के नए युग की शुरुआत की। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को कार्य संस्कृति बनाने वाले वाजपेयी जी ने देश की सुरक्षा और जनकल्याण को सदैव सर्वोपरि रखा। राजनीतिक जीवन में शुचिता और आत्मसंयम से उन्होंने भाजपा को जनप्रिय बनाया। अटल जी ध्रुवतारे के समान अनंत काल तक देशवासियों को राष्ट्रसेवा के पथ पर दिशा दिखाते रहेंगे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, "भारत के पूर्व प्रधानमंत्री और हम सबके प्रेरणा स्रोत श्रद्धेय अटलजी की सौवीं जयंती के अवसर पर मैं उन्हें स्मरण और नमन करता हूं। अटलजी आज़ाद भारतीय राजनीति के ऐसे स्तंभ रहे हैं जिन्होंने राजनीति और राजनय दोनों ही दृष्टि से नए मानदंड स्थापित किए। उन्होंने एक सशक्त और समृद्ध भारत के निर्माण के संकल्प के साथ आजीवन काम किया। भारत की प्रगति में उनके महत्त्वपूर्ण योगदान की जितनी भी सराहना की जाये कम है। आज उनकी सौवीं जयंती पर मैं उनके प्रति अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।"
सीएम योगी ने एक्स पोस्ट पर लिखा, " जननायक, भारतीय राजनीति के अजातशत्रु, हम सभी के प्रेरणास्रोत, पूर्व प्रधानमंत्री, 'भारत रत्न' श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती पर उन्हें नमन एवं प्रदेश वासियों को 'सुशासन दिवस' की हार्दिक बधाई! उत्कृष्ट लोकतांत्रिक एवं मानवीय मूल्यों को धारण करने वाला उनका ऋषितुल्य जीवन हम सभी के लिए पाथेय है। बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने एक्स पोस्ट पर लिखा, "पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती पर उन्हें सादर नमन।"
केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने लिखा, "अंधेरा छटेगा, सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा! भारतीय राजनीति के अजातशत्रु, सुशासन की प्रतिमूर्ति, भारत रत्न से अलंकृत एवं जन- जन के प्रिय, पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की 100वीं जन्म जयंती पर उन्हें आदरपूर्वक नमन करता हूं। स्वर्गीय अटल जी ने भाजपा की स्थापना से लेकर नए भारत के निर्माण के लिए निस्वार्थ भावना से देश व समाज की सेवा की। अपने दूरदर्शी नेतृत्व से उन्होंने भारत को विकास की नई ऊंचाइयां देकर सुशासन की परिकल्पना को चरितार्थ किया है। राष्ट्र निर्माण में उनके इस योगदान को सदैव स्मरण किया जाएगा।

## नमन

## राष्ट्रपति ने पूर्व पीएम वाजपेयी की जयंती पर श्रद्धांजलि दी



**नई दिल्ली में** सदैव अटल घाट पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करतीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू।

## भारत में पहली बार विकास दर 8.4 प्रतिशत पर अटल जी के कार्यकाल में पहुंचा : राजनाथ सिंह

**लखनऊ।** भारत रत्न व पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती के अवसर पर लोकभवन में सुशासन दिवस समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और अटल जी के जीवन और कार्यों को याद किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि अटल जी ने भारत को ऐसा सुशासन दिया, जिसने देश को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। उनकी सरकार के दौरान विकास दर 8.4 प्रतिशत तक पहुंची, जो आजाद भारत में एक ऐतिहासिक उपलब्धि थी। उन्होंने अटल जी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उनकी गवर्नेंस की दुनिया भर में प्रशंसा होती थी।

## महिलाओं को 2100 रुपए देने के नाम पर दिल्ली सरकार कर रही फर्जीवाड़ा : भाजपा

**नई दिल्ली।** दिल्ली में महिलाओं को 2100 रुपये प्रति माह दिए जाने से जुड़ी महिला सम्मान योजना पर अब प्रश्नचिह्न लग गया है। योजना के बारे में आज दिल्ली के अखबारों में छपी सार्वजनिक सूचना ने राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप की शुरुआत कर दी है। सूचना के अनुसार इस तरह की कोई योजना नहीं है और आम आदमी पार्टी की ओर से कराया जा रहा पंजीकरण एक तरह का फर्जीवाड़ा है। भाजपा का कहना है कि केजरीवाल की आआपा डिजिटल फर्जीवाड़ा कर रही है। दिल्ली के अखबार में छपी महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से दी गई सार्वजनिक सूचना से राज्य की सियासी राजनीति में भूचाल आ गया है। भारतीय जनता पार्टी और उसके नेता इसको लेकर पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और मुख्यमंत्री आतिशी को निशाना बना रहे हैं। भाजपा का कहना है कि आतिशी सरकार ने जिस योजना को अभी तक लागू नहीं किया, उस महिला सम्मान योजना के रजिस्ट्रेशन के नाम पर दिल्ली की महिलाओं के साथ छल किया जा रहा है। दिल्ली की माता-बहनों से निवेदन है कि केजरीवाल के झांसे में ना आएं और निजी जानकारी केजरीवाल और उसकी मंडली को ना दें।

## कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग का छात्र बना साइबर अपराधी, गिरफ्तार

**मोतिहारी।** बिहार में इन दिनों साइबर अपराध की घटनाओं में वृद्धि देखी जा रही है। पुलिस हालांकि साइबर अपराध की घटनाओं पर अंकुश लगाने को लेकर लगातार प्रयास में जुटी है। इस बीच, बिहार के पूर्वी चंपारण जिले के छतौनी थाना क्षेत्र से कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के एक छात्र को साइबर फ्रॉड के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक, गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने ऑनलाइन फ्रॉड करने के आरोप में छतौनी थाना के बरियारपुर से हर्ष कुमार को गिरफ्तार किया गया है। यह पश्चिमी चंपारण जिले के मझौलिया का रहने वाला है और यहां आकर रह रहा था। पुलिस के एक अधिकारी ने बुधवार को बताया गिरफ्तार युवक कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग का छात्र है, जो कई माध्यम से फ्रॉड करता था। बताया गया कि यह मुख्य तौर पर कस्टम में पकड़े गए सामान को टेलीग्राम में फर्जी विज्ञापन बनाकर और प्रीपेड ऑर्डर का झांसा देकर पैसे की ठगी करता था।

## बांग्लादेशियों की पहचान कर उन्हें देश से बाहर करने का समय आ गया

**एजेंसी। बेगूसराय**



केंद्रीय मंत्री और बेगूसराय के सांसद गिरिराज सिंह ने बुधवार को कहा कि अब समय आ गया है कि बांग्लादेशियों को समाज भी चिन्हित करने की कोशिश करें और सरकार भी चिन्हित कर उसे देश से बाहर करें। यहां पत्रकारों से चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि केवल सामाजिक समरसता के लिए बांग्लादेशी केवल पूर्णिया, अररिया, कटिहार, किशनगंज के लिए ही खतरा नहीं हैं, बल्कि बिहार के तमाम इलाकों में भी खतरा है। उन्होंने कहा, "बिहार जिसकी करीब 800 किलोमीटर की सीमा है, यह जो बांग्लादेश की सीमा हो या नेपाल की सीमा हो, उन सीमा पर जो मस्जिद बनाने का काम किया गया है , उसे भी चिन्हित किया जाएं। गिरिराज सिंह पिछले दो दिनों से अपने संसदीय क्षेत्र बेगूसराय के दौरे पर हैं। इससे एक दिन पहले भी केंद्रीय मंत्री और बेगूसराय के सांसद गिरिराज सिंह ने कहा था, " मैं तो कहता हूं जितना जल्दी से जल्दी हो सके बांग्लादेशियों को चिन्हित करके उन्हें निकालने का काम होना चाहिए। क्योंकि, आज वे अराजकता का माहौल पैदा कर रहे है, सद्भावना के दुश्मन बन गए हैं। ये लोग अराजकता फैला रहे हैं। सद्भावना को बिगाड़ रहे हैं और गजवा-ए- हिंद की आवाज लगा रहे हैं। यूपी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, असम के मुख्यमंत्री हेमंत विश्व शर्मा ने जिस तरह पहचान करने का काम किया है, वैसे ही अगर महाराष्ट्र सरकार ने कहा है, तो गलत नहीं है। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह घुसपैठ को लेकर लगातार सवाल उठाते रहते हैं।

# वार्षिक राशिफल 2025

## मकर

वैदिक ज्योतिषशास्त्र की गणना और चंद्र राशि के आधार पर प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य पं. मनोज कुमार द्विवेदी बता रहे हैं कि मकर राशि वालों के लिए नया वर्ष 2025 कैसा रहने वाला होगा ?

**राशि नामाक्षर- भो,जा,जी,खी,खू,खे,खो,गा,गी**

### नौकरी और व्यवसाय

कार्य व्यवसाय की दृष्टि से यह वर्ष बहुत सामान्य रहेगा। व्यापार में सफलता प्राप्त के लिए आपको लगातार अथक परिश्रम करना पड़ेगा। द्वितीय भाव में शनि के कारण परिश्रम का पूर्ण फल नहीं मिलेगा किंतु मार्च के पश्चात शनि का गोचर आपकी तृतीय भाव में होने से आपको परिश्रम का लाभ मिलना शुरू हो जाएगा। इस समय के अंतराल में कोई नया कार्य प्रारंभ ना करें पहले से चले आ रहे कार्यों में और सुधार करने की आवश्यकता आपको रहेगी। कार्य स्थल पर अपनी वाणी पर नियंत्रण रखना आपके लिए लाभप्रद रहेगा। नौकरी पेशा व्यक्तियों के लिए इस वर्ष मार्च के पश्चात स्थितियां अनुकूल होंगी। मेहनत के प्रतिफल रुप में इस वर्ष उनको प्रमोशन की प्राप्ति हो सकती है। शनि लगातार मेहनत और संघर्ष की स्थिति बनाकर रखे हुए हैं।

**आर्थिक राशिफल :** आर्थिक दृष्टि से यह वर्ष बहुत अच्छा नहीं रहेगा। वर्ष के आरंभ में एकादश स्थान में गुरु की दृष्टि प्रभाव से धनागम में निरंतरता बनी रहेगी। परंतु द्वितीय स्थान के शनि के कारण आप इच्छित बचत नहीं कर पाएंगे। वर्ष के मध्य के पश्चात द्वितीय स्थान में राहु के गोचर के कारण भी आपके संचित धन में कमी का संकेत मिलता है। राशि से छठे भाव में गुरु का गोचर वर्ष के मध्य के पश्चात होगा इसलिए कुछ बाहरी लाभ की संभावनाएं इस वर्ष बनेंगी ।शनि का गोचर 29 मार्च के पक्ष तृतीय भाव पर होगा इसलिए पिछले पिछले कुछ समय से जो अनावश्यक खर्च आपको परेशान किए थे उनसे आपको कुछ राहत इस वर्ष मिल जाएगी।

**पारिवारिक राशिफल :** पारिवारिक दृष्टि से यह वर्ष मिला-जुला रहेगा। वर्ष आरंभ में अधिक व्यस्तता के कारण परिजनों को अधिक समय नहीं दे पाएंगे। लेकिन परिवार में एक दूसरे के प्रति परस्पर सहयोग की भावना रहेगी। वर्ष के मध्य से द्वितीय भाव में राहु का गोचर परिवार में कुछ संपत्ति के विवाद का संकेत भी देता है। शनि के गोचर के परिवर्तन के बाद भाइयों का कुछ सहयोग आपको प्राप्त होगा। पिछले कुछ समय से परिवार में जो बीमारियों की वजह से परेशानी चल रही थी उससे इस वर्ष कुछ राहत मिलेगी। पत्नी के स्वास्थ्य और उनके साथ संबंधों के लिए यह वर्ष पिछले वर्ष की अपेक्षा कुछ बेहतर रहेगा।

**स्वास्थ्य राशिफल :** स्वास्थ्य की दृष्टि से वर्ष का प्रारंभ अनुकूल रहेगा। राशि पर गुरु के दृष्टि प्रभाव से आप मानसिक रूप से संतुष्ट एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ रहेंगे। मार्च के पश्चात शनि का गोचर आपकी राशि से तीसरे भाव पर होगा यह स्थिति भी आपके स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से अनुकूल रहेगी। पिछले वर्ष की अपेक्षा यह वर्ष मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से बेहतर रहेगा।

**प्रेम राशिफल :** प्रेम संबंधों के दृष्टिकोण से यह वर्ष अनुकूल रहेगा। वर्ष के प्रारंभ से मई तक देवगुरु बृहस्पति का गोचर आपकी राशि से पंचम भाव पर होगा इसलिए प्रेम संबंधों में स्थायित्व बना रहेगा। वर्ष के मध्य तक प्रेम संबंध विवाह के रूप में परिणित होने की संभावना भी बनेगी। वर्ष मध्य के पश्चात प्रेम संबंधों में कुछ सावधानी रखें जिससे किसी भी प्रकार का कोई अलगाव ना हो।

*उपाय- वर्ष की शुरुआत श्री हनुमान जी के मंदिर में पूजन दर्शन के साथ करें। वर्ष के किसी शनिवार को कंबल और ऊनी वस्त्र गरीबों को दान करें। मंदिर या धार्मिक स्थान पर केला या बेसन के लड्डू दान करें।*

## कुंभ

वैदिक ज्योतिषशास्त्र की गणना और चंद्र राशि के आधार पर कानपुर के प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य पं. मनोज कुमार द्विवेदी बता रहे हैं कुंभ राशि वालों के लिए नया वर्ष 2025 कैसा रहने वाला होगा?

**राशि नामाक्षर- गु,गे,गो,सा,सी,सू,से,सो,था**

### नौकरी और व्यवसाय

कार्य व्यवसाय की दृष्टि से यह वर्ष सामान्य रहेगा। वर्ष की शुरुआत से मार्च तक राशि पर शनि के प्रभाव से आप आलस्य से प्रभावित हो सकते हैं जिसके कारण आपका कार्य व्यवसाय प्रभावित हो सकता है। यदि आप साझेदारी में कार्य कर रहे हैं तो आप अपने साझेदारी से संतुष्ट नहीं रहेंगे और आपको इच्छित लाभ प्राप्त नहीं होगी ।नौकरी करने वाले व्यक्तियों के लिए मार्च के पश्चात का समय अच्छा रहेगा। वर्ष के मध्य तक देवगुरु बृहस्पति का गोचर आपकी राशि से चतुर्थ भाव पर होगा जो आपके लिए कुछ लाभदायक सिद्ध होता रहेगा। वर्ष मध्य के पश्चात राहु का गोचर आपकी राशि पर और देवगुरु बृहस्पति का गोचर राशि से पंचम भाव पर होगा व्यावसायिक दृष्टिकोण से यह स्थिति लाभदायक होगी।

**आर्थिक राशिफल :** आर्थिक दृष्टि से वर्ष का प्रारंभ अनुकूल नहीं रहेगा। द्वितीय स्थान के राहु आर्थिक मामलों में उतार-चढ़ाव की स्थिति बनाए रखेंगे। इसके फलस्वरूप आप बचत नहीं कर पाएंगे ।आर्थिक निर्णय लेने से पहले उसे क्षेत्र से जुड़े अनुभवी लोगों की सलाह अवश्य ले लें ।वर्ष के मध्य के पश्चात आर्थिक मामलों में सफलता मिलने की संभावना बनेगी। देवगुरु बृहस्पति का गोचर आपकी राशि से पंचम भाव पर होगा और उनकी दृष्टि एकादश भाव पर होने से आमदनी के कुछ नए अवसर आपको मिलेंगे। वर्ष मध्य के बाद राहु का गोचर राशि में होने से निवेश करने में सावधानी आपको बरतनी चाहिए।

**पारिवारिक राशिफल :** वर्ष के आरंभ में द्वितीय स्थान के राहु के प्रभाव से आपके परिवार में कुछ विषम परिस्थितियों उत्पन्न हो सकती हैं। परिवार में एक दूसरे के प्रति वैचारिक मतभेद उत्पन्न हो सकते हैं जिसके फल स्वरुप आपकी पारिवारिक अनुकूलता भंग हो सकती है। शनि का गोचर मार्च तक आपकी राशि पर रहेगा इसलिए पत्नी के साथ संबंध और उनका स्वास्थ्य प्रभावित होगा। वर्ष के मध्य के पश्चात जब राहु का गोचर आपकी राशि पर और केतु का गोचर आपकी राशि से सातवें भाव पर होगा तो पत्नी के साथ अलगाव,दूरी और उनके स्वास्थ्य से संबंधित परेशानी आपको पूरे वर्ष मानसिक परेशानी देती रहेगी।

**स्वास्थ्य राशिफल :** स्वास्थ्य की दृष्टि से या वर्ष सामान्य रहेगा। वर्ष के आरंभ में द्वितीय स्थान का राहु आपके स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकता है। आर्थिक स्थिति को लेकर आवश्यकता से ज्यादा चिंता ना करें नहीं तो इसका नकारात्मक प्रभाव भी आपके शारीरिक स्वास्थ्य पर पड़ेगा। वर्ष के मध्य के पश्चात राहु का गोचर आपकी राशि पर होगा इसलिए आपको खान-पान और अचानक से होने वाली बीमारियों से सावधान रहना होगा।

**प्रेम राशिफल :** प्रेम संबंधों के मामले में वर्ष के मध्य का समय कुछ अनुकूल रहेगा। जहां एक ओर देवगुरु बृहस्पति पंचम भाव में प्रेम संबंधों में स्थिरता प्रदान करेंगे। वहीं राशि में स्थित राहु अपनी पंचम दृष्टि से प्रेम संबंधों के मामले में परेशानी,धोखा मिलने की भी संभावनाएं दिखा रहे हैं। प्रेम संबंधों के मामले में इस वर्ष दिल के बजाय दिमाग से काम करें तो ज्यादा अच्छा रहेगा।

*उपाय- वर्ष की शुरुआत श्री हनुमान जी के मंदिर में दर्शन और पूजन के साथ करें।वर्ष के किसी शनिवार को हनुमान जी के मंदिर में चोला चढ़ाएं और नित्य प्रति श्री हनुमान चालीसा का पाठ करें।*

## मीन

वैदिक ज्योतिषशास्त्र की गणना और चंद्र राशि के आधार पर कानपुर के प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य पं. मनोज कुमार द्विवेदी बता रहे हैं कि मीन के लिए नया वर्ष 2025 कैसा रहने वाला होगा?

**राशि नामाक्षर- दी,दू,थ,झ,दे,दो,च,ची**

### नौकरी और व्यवसाय

कार्य व्यवसाय की दृष्टि से वर्ष का प्रारंभ शुभ फलदाई नहीं रहेगा। व्यापार में सफलता प्राप्त के लिए लगातार अथक प्रयास करना पड़ेगा उसके बाद भी बहुत ज्यादा सफलता प्राप्त नहीं होगी। अतः इस समय के अंतराल में कोई नया कार्य प्रारंभ नहीं करना चाहिए। आपकी राशि से शनि का गोचर द्वादश भाव में मार्च तक रहेगा इसके पश्चात शनि का गोचर आपकी राशि पर होगा और साढ़ेसाती का द्वितीय चरण प्रारंभ होगा इसलिए आपके अंदर कार्यों के प्रति उदासीनता और आलस्य की स्थिति बढ़ेगी। देवगुरु बृहस्पति का गोचर वर्ष के मध्य तक आपकी राशि से तीसरे भाव पर और वर्ष के मध्य के पश्चात चौथे भाव पर होगा। नौकरी पेशा व्यक्तियों के लिए वर्ष के मध्य तक किसी भी प्रकार का कोई परिवर्तन लाभदायक नहीं होगा।

**आर्थिक राशिफल :** आर्थिक दृष्टि से यह वर्ष सामान्य रहेगा। वर्ष आरंभ में एकादश स्थान पर राशि स्वामी गुरु के दृष्टि प्रभाव से धनागम में निरंतरता बनी रहेगी। परंतु शनि एवं राहु ग्रह का गोचर प्रतिकूल होने के कारण आपकी आर्थिक स्थिति विशेष अच्छी नहीं रहेगी। वर्ष के मध्य के पश्चात राहु का गोचर द्वादश भाव में होने से आर्थिक स्थिति में कुछ हानि की संभावनाएं भी दिखाई देती हैं इस वर्ष जोखिम वाले निवेश बहुत सोच समझकर करें अन्यथा लाभ के स्थान पर हानि की संभावनाएं ज्यादा होंगी। इसलिए यदि पैतृक संपत्ति को लेकर कोई आर्थिक विवाद चल रहा है तो उसमें कुछ सुलझाओ की स्थिति बनेगी।

**पारिवारिक राशिफल :** पारिवारिक दृष्टिकोण से यह वर्ष विशेष अच्छा नहीं रहेगा। वर्ष के प्रारंभ से मध्य तक राहु का गोचर आपकी राशि पर होगा। मार्च के पश्चात शनि का गोचर भी राशि पर होगा यह स्थिति आपके पारिवारिक और वैवाहिक जीवन के लिए अच्छी नहीं है। इसलिए वैवाहिक जीवन में सामंजस्य बनाकर चलना बहुत आवश्यक होगा। वर्ष के मध्य के पश्चात देवगुरु बृहस्पति का गोचर आपकी राशि से चतुर्थ भाव पर होगा तब आपको पारिवारिक जीवन में कुछ सुधार देखने को मिलेगा। इस पूरे वर्ष पारिवारिक जीवन में आपको धैयपूर्वक काम लेना होगा अन्यथा कोई छोटी सी बात भी पारिवारिक जीवन में अशांति का कारण बन सकती है।

**स्वास्थ्य राशिफल :** स्वास्थ्य की दृष्टिकोण से यह वर्ष विशेष अच्छा नहीं है। राशि स्थान पर राहु आपके स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव की स्थिति बनाए रखेंगे। 29 मार्च के बाद आपका स्वास्थ्य अचानक प्रभावित हो सकता है राशि स्थान पर एक साथ राहु एवं शनि ग्रह के गोचरीय प्रभाव से आप समय पर खान-पान नहीं कर पाएंगे इसके परिणाम स्वरुप स्वास्थ्य में गिरावट आ सकती है।

**प्रेम राशिफल :** प्रेम संबंधों के मामले में यह वर्ष अच्छा नहीं रहेगा ।वर्ष के आरंभ से वर्ष के मध्य तक राहु का प्रभाव आपके पंचम भाव पर रहेगा इसलिए प्रेम संबंधों में विश्वास की कमी धोखा मिलने की संभावना बनी रहेगी। खास तौर पर मार्च से मई तक का समय प्रेम संबंधों के मामले में अच्छा नहीं रहेगा। इस साल नए प्रेम संबंध बनाने के पहले आपको काफी सोच विचार करना चाहिए।

*उपाय- वर्ष की शुरुआत श्री हनुमान जी के मंदिर में दर्शन और पूजन के साथ करें। गुरुवार के दिन भगवान विष्णु के मंदिर में बेसन के लड्डू और पीले फलों का भोग लगाएं। शनिवार के दिन काली वस्तु का दान करें ।*

# मेलबर्न टेस्ट : इंडिया बिना बदलाव के उतर सकती है

## ऑस्ट्रेलिया की प्लेइंग-11 जारी, सैम कोंस्टास डेब्यू करेंगे, स्कॉट बोलैंड की वापसी

एजेंसी

**मुंबई ।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी का चौथा मैच कल (26 दिसंबर) से मेलबर्न स्टेडियम में खेला जाएगा। मैच सुबह 5:00 बजे से शुरू होगा। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को इस मैच के लिए प्लेइंग-11 जारी कर दी है। टीम ने 2 बदलाव किए हैं। सैम कोंस्टास डेब्यू करेंगे, जबकि चोटिल जोश हेजलवुड की जगह स्कॉट बोलैंड खेलेंगे। वहीं, गाबा टेस्ट में चोटिल हुए ट्रैविस हेड फिट हो गए हैं। पिछले मैच में टीम इंडिया के परफॉर्मेंस को देखते हुए इस मैच में टीम प्लेइंग-11 में बिना बदलाव के उतर सकती है। 5 मैच की टेस्ट सीरीज 1-1 से बराबरी पर है। पहला मैच भारत ने और दूसरा मैच ऑस्ट्रेलिया ने जीता था। वहीं तीसरा मैच ड्रॉ रहा था।

### बैटिंग ऑर्डर में हो सकता है बदलाव

इस मैच में टीम इंडिया के बैटिंग ऑर्डर में बदलाव की संभावना है। कप्तान रोहित शर्मा चौथे मैच में यशस्वी जायसवाल के साथ ओपनिंग कर सकते है। केएल राहुल नंबर-3, नंबर-4 पर विराट कोहली, नंबर-5 पर ऋषभ पंत होंगे। शुभमन गिल किस नंबर पर खेलेंगे, यह अभी तय नहीं हुआ है। टीम मैनेजमेंट चाहे तो स्टेबल बैटर के तौर पर टॉप ऑर्डर में जायसवाल या गिल की जगह देवदत्त पडिक्कल को खिला सकता है। हालांकि, इसकी संभावना कम ही है।

### जडेजा और नीतीश होंगे ऑलराउंडर

भारत ने पिछले तीनों मैच में अलग-अलग स्पिन ऑलराउंडर खिलाए थे। पहले में वॉशिंगटन सुंदर, दूसरे में रविचंद्रन अश्विन और तीसरे में रवींद्र जडेजा। अब, पिछले मैच को देखते हुए जडेजा ही प्लेइंग-11 का हिस्सा हो सकते हैं। उन्होंने ब्रिस्बेन टेस्ट की पहली पारी में 77 रन बनाए थे और मैच ड्रॉ कराने में अहम किरदार निभाया था। वहीं, दूसरे ऑलराउंडर नीतीश रेड्डी होंगे, जो बैट से लगातार अच्छा परफॉर्म कर रहे हैं।




### जसप्रीत बुमराह, सिराज के साथ आकाश ही होंगे तीसरे पेसर...

तेज गेंदबाजी डिपार्टमेंट की जिम्मेदारी हर बार की तरह जसप्रीत बुमराह पर होगी। वह शानदार फॉर्म में हैं। पहले टेस्ट में उन्होंने 8 विकेट लेकर भारत को जीत दिलाई थी। वहीं तीसरे टेस्ट में उन्होंने कुल 9 विकेट लिए थे। उनका साथ देने के लिए टीम में मोहम्मद सिराज और आकाश दीप होंगे। आकाश दीप तीसरे मैच में गेंद और बल्ले से प्रभावी रहे थे।

### मेलबर्न में भारत ने अपने आखिरी दोनों मैच जीते

बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का चौथा टेस्ट मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर खेला जाएगा। भारत ने पहला और ऑस्ट्रेलिया ने दूसरा टेस्ट जीता, जबकि तीसरा टेस्ट ड्रॉ रहा। इसलिए सीरीज 1-1 से बराबर है। टीम इंडिया अगर आखिरी 2 में से एक भी टेस्ट जीत लेगी तो ट्रॉफी रिटेन कर लेगी। ऐसा इसलिए क्योंकि 2023 में पिछली सीरीज भारत ने ही जीती थी। एमसीजी में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन सचिन तेंदुलकर ने बनाए हैं, वहीं एक्टिव बैटर्स में विराट कोहली टॉप पर हैं। गेंदबाजों में जसप्रीत बुमराह इस मैदान पर सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले भारतीय हैं। खास बात यह भी कि भारत ने मेलबर्न में अपने पिछले दोनों टेस्ट जीते हैं। 2018 में टीम को 137 रन और 2020 में 8 विकेट से जीत मिली थी। मेलबर्न में मौजूदा टीम में विराट कोहली के सबसे ज्यादा रन हैं। उन्होंने 2014 में यहां शतक लगाकर टेस्ट ड्रॉ कराया था। तब कोहली ने पहली इनिंग में 169 और दूसरी इनिंग में 54 रन बनाए थे। उन्होंने 2018 में कंगारुओं पर मिली 137 रन की जीत में भी अहम भूमिका निभाई थी। उस मैच में उन्होंने कप्तानी पारी खेलते हुए 82 रन बनाए थे। विराट ने इस ग्राउंड पर 3 टेस्ट में 316 रन बनाए हैं। ऋषभ पंत ने यहां 2 टेस्ट में 101 रन बनाए हैं।





# कोंस्टास के सामने बुमराह के रूप में बड़ी चुनौती होगी : रिकी पोंटिंग

एजेंसी

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि सैम कोंस्टास में भारत के खिलाफ टेस्ट डेब्यू में अपनी छाप छोड़ने की क्षमता है। उन्होंने कहा कि किशोर बल्लेबाज में दुनिया को यह दिखाने का जज्बा है कि वह कितने अच्छे खिलाड़ी हैं। लेकिन उनके सामने जसप्रीत बुमराह के रूप में बड़ी चुनौती होगी। कोंस्टास (19) गुरुवार को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर 90,000 से अधिक प्रशंसकों के सामने बॉक्सिंग डे टेस्ट में भारत के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने के लिए तैयार हैं, क्योंकि उन्हें नैथन मैकस्वीनी की जगह टीम में शामिल किया गया है। ऑस्ट्रेलिया की 2024 अंडर-19 पुरुष विश्व कप जीतने वाली टीम के सदस्य कोंस्टास ने कैनबरा के मनुका ओवल में भारत के खिलाफ अभ्यास मैच में प्रधानमंत्री एकादश की ओर से खेलते हुए शतक बनाया। 11 प्रथम श्रेणी मैचों में कोंस्टास ने 42.2 की औसत से 718 रन बनाए हैं, जिसमें दो शतक और तीन अर्द्धशतक शामिल हैं। "मैंने बहुत कुछ देखा है, इसमें कोई संदेह नहीं है कि वहां बहुत प्रतिभा है। जिस तरह से उन्होंने पीएम इलेवन गेम में खेला (उन्होंने भारतीयों के खिलाफ 107 रन बनाए), जिस तरह से वह उस रात अपने पहले बीबीएल गेम में खेलने में सक्षम थे।

पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू शो में कहा,"मुझे पता है कि यह अलग-अलग प्रारूप हैं, लेकिन आप देख सकते हैं कि प्रतिभा है और इसके साथ थोड़ा रवैया भी है। और यह कोई बुरा रवैया नहीं है, (लेकिन) यह रवैया है कि वह जानता है कि वह अच्छा है और वह दुनिया को दिखाना चाहता है कि वह अच्छा है। भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के खिलाफ कोंस्टास के सामने आने वाली चुनौती के बारे में बात करते हुए, पोंटिंग ने कहा, "अभी भी एक चुनौती है। यह एक टेस्ट मैच है। यह आपका पहला टेस्ट मैच है। आप दुनिया के कुछ बेहतरीन गेंदबाजों के खिलाफ खेल रहे हैं। विश्व क्रिकेट में शायद इससे बड़ी कोई चुनौती नहीं है। यह किसी भी अन्य देश की तरह है जो हमारे गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ ओपनिंग बल्लेबाज के रूप में पदार्पण कर रहा है।



# मैं सोच रही थी कि मेरी मां मेरे पहले वनडे शतक पर कितनी खुश होंगी : हरलीन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत की बल्लेबाज हरलीन देओल, जिन्होंने वेस्टइंडीज पर 115 रनों की जीत में अपना पहला वनडे शतक बनाया, ने कहा कि वह सोच रही थी कि उनकी मां उन्हें अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पहली बार शतक बनाते हुए देखकर कितनी खुश होंगी। वडोदरा के कोटांबी स्टेडियम में, हरलीन ने 103 गेंदों पर 115 रन बनाए, जिसमें 16 चौके शामिल थे, जिससे भारत ने 358/5 का स्कोर बनाया, जो महिला वनडे में उनका संयुक्त उच्चतम स्कोर है। उन्होंने 62 गेंदों पर अपना अर्धशतक बनाया, और फिर तेजी से आगे बढ़ते हुए 98 गेंदों पर अपना शतक पूरा किया। "मेरी मां हमेशा यही कहती रहती है कि भगवान उन्हें खुशियां देते हैं जो उन्हें बांटते हैं। जो लोग उन्हें बांटते नहीं, भगवान कहते हैं कि वे उन्हें बांट नहीं रहे हैं, क्योंकि वे इतनी छोटी सी खुशी से खुश नहीं होंगे। यह भगवान की योजना है। आपको बस इस पर विश्वास करते रहना है। उन पर भरोसा करते रहना है। बस यही एक बात है। बीसीसीआई के सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट किए गए वीडियो में हरलीन ने कहा,"आप यह नहीं सोच सकते कि काश मैं अगले 10 मैचों में 100 रन बना पाती । लेकिन ऐसा लगता है, यह भी संभव हो सकता है। जब मैं वहां था, तो मैं सोच रही थी कि मेरी मां कितनी खुश होगी। मुझे याद है कि जब मैं घायल हुई थी, तो हर कोई मेरे आस-पास था। लेकिन तब मेरी मां एक ऐसी इंसान थी, जो कभी इस बात से चिढ़ती नहीं थी कि मैं चल नहीं सकती। हरलीन ने कहा, "अगर आप पानी की बोतल उठाना चाहते हैं, तो आप ऐसा नहीं कर सकते।" हरलीन की पारी का महत्व बहुत बड़ा है, क्योंकि उन्हें डब्ल्यूपीएल 2024 में गुजरात जायंट्स के लिए खेलते समय घुटने में चोट लग गई थी और मुंबई में उनकी सर्जरी हुई थी। जेमिमा रोड्रिग्स, जिन्होंने 34 गेंदों में अर्धशतक लगाया और हरलीन के साथ चौथे विकेट के लिए सिर्फ 71 गेंदों पर 116 रनों की साझेदारी की, ने याद किया कि बल्लेबाज को शतक बनाते देखकर वह कितनी खुश थीं। जेमिमा ने कहा,"जब मैं उनसे मिलने गई, तो उन्हें बस इतना करना था कि रिहैब के तौर पर अपना पैर सीधा करना था। मुझे याद है कि मैं वहीं बैठी थी और हैरी के चेहरे पर आंसू बह रहे थे। एक दोस्त के तौर पर, मैं इसे देख नहीं पाई और उस दिन से लेकर अब तक, मैं इतनी खुश थी कि जब मैं नॉन-स्ट्राइकर एंड पर थी, जब यह पल हुआ, तो मैं बहुत भावुक हो गई। मैं बहुत खुश हूं कि तुमने 100 रन बनाए।'' रिहैब चरण ने उसे मानसिक रूप से कैसे मजबूत बनाया।

# सरदार सिंह का मेंटर के रूप में होना खिलाड़ियों के लिए वरदान

एजेंसी



**चंडीगढ़।** हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) फ्रेंचाइजी सूरमा हॉकी क्लब के मुख्य कोच जेरोन बार्ट का मानना है कि सरदार सिंह जैसे अनुभवी खिलाड़ी का मेंटर के रूप में होना युवा खिलाड़ियों के लिए बहुत अनुभव लाएगा और टीम के लिए एक पूर्व भारतीय हॉकी दिग्गज से इनपुट लेना फायदेमंद होगा। सरदार, जिनके नाम 314 कैप हैं, सूरमा हॉकी पुरुष कोचिंग सेटअप में शामिल हो गए हैं। 2013 में एचआईएल के पहले संस्करण में, उन्हें दिल्ली वेवराइडर्स के साथ प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया था। उन्होंने 2017 तक लीग के सभी संस्करण खेले और रिटायरमेंट के बाद भारतीय सब जूनियर और हॉकी5 टीमों को कोचिंग दी।

# बुमराह ने सर्वोच्च रेटिंग वाले भारतीय टेस्ट गेंदबाज अश्विन के रिकॉर्ड की बराबरी की

एजेंसी

**दुबई ।** भारत के तेज गेंदबाज़ जसप्रीत बुमराह ने ब्रिस्बेन में अपने शानदार प्रदर्शन के बाद आईसीसी पुरुष टेस्ट बॉलिंग रैंकिंग में अपना शीर्ष स्थान मज़बूत कर लिया है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बारिश से प्रभावित तीसरे टेस्ट में 94 रन देकर नौ विकेट लेने वाले बुमराह ने 14 अतिरिक्त रेटिंग अंक अर्जित किए, जिससे उनके कुल अंक करियर के सर्वोच्च 904 हो गए। अपनी रेटिंग के साथ, बुमराह ने दिसंबर 2016 में पूर्व स्पिनर रविचंद्रन अश्विन द्वारा बनाए गए रिकॉर्ड की बराबरी की और आईसीसी इतिहास में संयुक्त रूप से सर्वोच्च रेटिंग वाले भारतीय टेस्ट गेंदबाज़ बन गए। मेलबर्न में खेले जाने वाले बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में एक और टेस्ट के साथ, बुमराह के पास अश्विन के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ने का मौका है। दक्षिण अफ्रीका के कैगिसो रबाडा और ऑस्ट्रेलिया के जोश हेज़लवुड वर्तमान में क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं, लेकिन अंकों के मामले में बुमराह से काफी पीछे हैं। ऑस्ट्रेलिया के ट्रैविस हेड भारत के खिलाफ चल रही सीरीज में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए पुरुष टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

### हवाई यात्रा में सामान ले जाने का बदला नियम

# फर्स्ट व बिजनेस क्लास के यात्री ले जा सकेंगे 10 किलो तक के हैंड बैग

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** इन दिनों कहीं जल्दी जाने की चाहत वाले मध्यम आय समूह वाले लोग भी हवाई जहाज से जाने लगे हैं। सो एयरलाइंस के भी टिकट का वही हाल हो गया है, जो रेलवे के टिकट का। और, ऊपर से सामान ले जाने का चक्कर। इस कारण हवाई जहाज कंपनियों ने हवाई यात्रा में सामान ले जाने का नियम बदल दिया है। यह नियम 2 मई, 2024 के बाद बुक की गई टिकटों पर लागू होंगे। सीआईएसएफ व बीसीएएस ने मिलकर ये नए नियम बनाए हैं। इसके तहत अब केवल एक हैंड बैग वह भी 7 किलो ग्राम वजन तक का ले जा सकेंगे, जिसका आकार सीमित होगा। कुछ छूट पुराने टिकटों के लिए है। ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी ने हवाई यात्रियों के लिए हैंड बैगेज के नियमों में बदलाव किया है। यह नियम सभी घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए लागू है। यदि आपके पास एक से ज्यादा बैग हैं, तो आपको उन्हें चेक-इन कराना होगा।

नए नियम के अनुसार, एक हैंड बैग का वजन 7 किलो से ज्यादा नहीं होना चाहिए। यह नियम इकोनॉमी व प्रीमियम इकोनॉमी क्लास के यात्रियों के लिए है। फर्स्ट और बिजनेस क्लास के यात्री लगभग 10 किलो तक का हैंड बैग ले जा सकते हैं। बैग का आकार भी तय किया गया है। ऊंचाई 55 सेमी (21.6 इंच), लंबाई 40 सेमी (15.7 इंच) व चौड़ाई 20 सेमी (7.8 इंच) से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। कुल मिलाकर, बैग का कुल माप 115 सेमी से ज्यादा नहीं होना चाहिए। यदि आपका बैग तय सीमा से बड़ा या भारी है, तो आपको अतिरिक्त शुल्क देना पड़ सकता है। यदि आपने 2 मई, 2024 से पहले अपनी टिकट बुक कर ली है, तो आपको कुछ छूट मिलेगी। इकोनॉमी क्लास के यात्री 8 किलो तक का बैग ले जा सकते हैं। प्रीमियम इकोनॉमी के लिए 10 किलो और फर्स्ट या बिजनेस क्लास के लिए 12 किलो की छूट है। ध्यान रहे, यह छूट केवल 2 मई, 2024 से पहले बुक की गई टिकटों पर ही लागू होगी। अगर आप इस तारीख के बाद अपनी टिकट में कोई बदलाव करते हैं, तो आपको नए नियमों का पालन करना होगा।जबकि इंडिगो एयरलाइंस ने भी अपने हैंड बैगेज नियम बताए हैं। इंडिगो के यात्री एक केबिन बैग ले जा सकते हैं, जिसका आकार 115 सेमी से ज्यादा न हो और वजन 7 किलो तक हो। इसके अलावा, एक पर्सनल बैग, जैसे कि लेडीज पर्स या छोटा लैपटॉप बैग भी ले जा सकते हैं। इसका वजन 3 किलो से ज्यादा न हो। यानी, इंडिगो में आपको दो बैग ले जाने की सुविधा मिलती है - एक केबिन बैग और एक पर्सनल बैग।



1. इकोनॉमी और प्रीमियम इकोनॉमी क्लास के यात्री 7 किलो वजन तक के बैग ले जा सकते हैं
2. इंडिगो के यात्री एक केबिन बैग व एक पर्सनल बैग ले जा सकेंगे

### सिनेमाघरों में बिकने वाले पॉपकॉर्न पर 5% ही लगेगा जीएसटी




**नई दिल्ली।** सिनेमा घरों में खुले रूप से बिकने वाले पॉपकॉर्न पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) दर पांच फीसदी ही लागू होगा, जैसा कि रेस्टोरेंट सेवाओं पर लागू होता है। अगर पॉपकॉर्न को फिल्म टिकट के साथ बेचा जाता है, तो इसे एक समग्र आपूर्ति के रूप में माना जाएगा। चूंकि, इस मामले में मुख्य आपूर्ति टिकट है, इसलिए उसकी लागू दर के अनुसार कर लगाया जाएगा। इस बारे में जीएसटी परिषद की 55वीं बैठक में स्पष्टीकरण दिया गया था।

आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को दी जानकारी में कहा कि नमक और मसालों वाले पॉपकॉर्न पर लागू वर्गीकरण और जीएसटी दर को स्पष्ट करने के लिए उत्तर प्रदेश से अनुरोध मिला था। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जैसलमेर में जीएसटी परिषद की 55वीं बैठक के बाद मीडिया को बताया था कि परिषद ने पॉपकॉर्न पर कर के संबंध में स्पष्टीकरण जारी करने पर सहमति जताई है। पॉपकॉर्न पर जीएसटी की दर में कोई वृद्धि और बदलाव नहीं किया गया है। उल्लेखनीय है कि जीएसटी के तहत नमक और मसालों वाले पॉपकॉर्न को नमकीन के रूप में वर्गीकृत किया जाता है।

# भारतीय टेलीकॉम इंडस्ट्री की आय बीते पांच वर्षों में हुई डबल

एजेंसी



**नई दिल्ली।** भारतीय टेलीकॉम इंडस्ट्री की आय वित्त वर्ष 2024-25 की जुलाई-सितंबर अवधि में तिमाही आधार पर 8 प्रतिशत और सालाना आधार पर 13 प्रतिशत बढ़कर 674 अरब रुपये रही है। इस मजबूत वृद्धि की वजह मोबाइल टैरिफ में बढ़ोतरी होना है। यह जानकारी एक रिपोर्ट में दी गई है। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड की रिपोर्ट के अनुसार, स्मार्टफोन टैरिफ में तीन बार बढ़ोतरी के कारण भारत की टेलीकॉम इंडस्ट्री की तिमाही आय सितंबर 2019 से लगभग दोगुनी हो गई है, जिसका अर्थ है कि बीते पांच साल में उद्योग की आय 14 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से बढ़ी है। भारतीय टेलीकॉम इंडस्ट्री का कंसोलिडेटेड मार्केट स्ट्रक्चर, उच्च डाटा खपत, कम एआरपीयू और टेलीकॉम कंपनियों द्वारा उत्पन्न अपर्याप्त रिटर्न को देखते हुए, हमें उम्मीद है कि आगे टैरिफ में और बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। टेलीकॉम इंडस्ट्री का औसत राजस्व प्रति यूनिट (एआरपीयू) सितंबर 2019 में 98 रुपये से लगभग दोगुना होकर सितंबर 2024 में 193 रुपये हो गया है, जो टैरिफ बढ़ोतरी के कारण है। हालांकि, तेज टैरिफ बढ़ोतरी के परिणामस्वरूप, सितंबर 2024 में उद्योग का ग्राहक आधार 115 करोड़ हो गया है, जो सितंबर 2019 के स्तर 117 करोड़ से कम है। टेलीकॉम कंपनियों में भारती एयरटेल टैरिफ बढ़ोतरी का सबसे बड़ा लाभार्थी रहा है। इस दौरान कंपनी के एआरपीयू में 2.2 गुना की वृद्धि हुई है। यह बीते पांच वर्ष में 17 प्रतिशत की सीएजीआर से बढ़ा है।

### वैज्ञानिकों ने विकसित की फेफड़ों को स्कैन करने की नई विधि

एजेंसी

**नई दिल्ली।** वैज्ञानिकों की एक टीम ने फेफड़ों को स्कैन करने की एक नई विधि विकसित की है। ऐसी विधि जो देख सकेगी कि रियल टाइम में प्रत्यारोपित फेफड़े ठीक से काम कर रहे हैं या नहीं। इस स्कैन विधि की सहायता से ब्रिटेन के न्यूकैसल विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं के नेतृत्व में टीम यह देख सकी कि अस्थमा, क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (सीओपीडी) तथा लंग्स ट्रांसप्लांट वाले मरीजों के सांस लेते समय हवा फेफड़ों के अंदर और बाहर किस प्रकार आती-जाती है। न्यूकैसल हॉस्पिटल्स एनएचएस फाउंडेशन ट्रस्ट और न्यूकैसल यूनिवर्सिटी यूके में रेस्पिरेटरी ट्रांसप्लांट मेडिसिन के प्रोफेसर एंड्रयू फिशर ने कहा, हमें उम्मीद है कि इस नए प्रकार के स्कैन से हम प्रत्यारोपित फेफड़ों में होने वाले बदलावों को सामान्य ब्लोइंग परीक्षणों में नुकसान के लक्षण दिखने से पहले ही पहले ही देख पाएंगे। इससे उपचार जल्दी शुरू हो पाएगा और प्रत्यारोपित फेफड़ों को और अधिक नुकसान से बचाने में मदद मिलेगी।

### म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री के लिए ऐतिहासिक रहा यह साल

**नई दिल्ली।** भारतीय म्यूचुअल फंड (एमएफ) इंडस्ट्री के लिए 2024 एक ऐतिहासिक वर्ष रहा। इस दौरान सभी एमएफ स्कीमों के एसेट्स अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) में 17 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की बढ़त हुई है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के डाटा के अनुसार, म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री का एयूएम नवंबर के अंत में 68 लाख करोड़ रुपये था, जो कि दिसंबर 2023 के आंकड़े 50.78 लाख करोड़ रुपये से 17.22 लाख करोड़ रुपये या 33 प्रतिशत अधिक है।

### आधी रात को प्रभु यीशु ने लिया जन्म विशेष प्रार्थना और बाइबल पाठ किया गया

# क्षेत्र में धूमधाम से मना क्रिसमस पर्व



**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड (लातेहार)।** प्रखंड क्षेत्र में प्रभु यीशु का जन्मोत्सव मंगलवार की रात सभी चर्चो में धूमधाम से मनाया गया। जैसे ही रात के 12 बजे सभी चर्च की घंटियां बज उठी। लोगों ने एक-दूसरे को क्रिसमस की बधाई दी। माता पल्ली संत जोसेफ चर्च सहित गोठगांव, चिरोपाठ, साले पकरीपाठ तुंन्दटोली, चेतमा, दौना के अलावा रामपुर स्थित आराधनालय में यीशु के जन्म दिन के अवसर पर मंगलवार मध्य रात्रि में विशेष प्रार्थना हुई। बाइबिल का पाठ किया गया। गिरिजाघर में ईसाई समुदाय के लोगों ने प्रार्थना सभा में मंगलवार मध्य रात्रि एवं बुधवार सुबह को हिस्सा लिया। फादर सुरेश किंडो, फादर एम के जोश फादर सुरेश, विभिन्न गिरिजाघरों के पुरोहितों ने उपस्थित लोगों को क्रिसमस की बधाइयां दी। इस मौके पर ईसाई समुदाय के लोगों ने मान्यता अनुसार धरती के अंधकार को मिटाने के लिए विभिन्न गिरिजाघरों में कैंडल भी जलाया। इसके साथ प्रभु यीशु का जन्मोत्सव समारोह कार्यक्रम प्रारंभ हो गया। फादर ने अपने मुख्य संदेश में कहा कि जब-जब मानव संसार में विपत्ती आती है, परमात्मा किसी न किसी रूप में अवतार लेते हैं। यीशु ने इस धरती पर अपने जीवन के उदाहरण से प्रेम, शांति, समानता, न्याय, क्षमा, सहभागिता की शिक्षा दी। यह पर्व खुशी बांटने का है। इसके पूर्व विभिन्न चर्चों, अखड़ा में युवक युवतियों ने (आवा-आवा भाई मने आवा..., आज जन्म ले लैं, यीशु मसीह... चरनी उपरे का तारा टीम टीम चमके ला...) गीत झूमते नाचते गाते दिखे। प्रभु यीशु के जन्म पर्व के अवसर पर गिरजाघरों में ईसाई समुदाय के लोग सज-धजकर नए परिधानों में दिखे। जन्म पर्व को लेकर मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह अपने दर्जनों कार्यकर्ताओ के साथ महुआडांड़, गोठगांव, पकरीपाठ, साले चर्च में रात को जाकर केक काटा और लोगों को बधाई दी। साथ ही सभी प्रखंडवासी को क्रिसमस की शुभकामनाएं दी।

## क्रिसमस का त्योहार प्रेम व परोपकार के संदेश के साथ मनाया गया



**चंदवा।** ईसाई धर्मावलंबियों का सबसे बड़ा त्योहार क्रिसमस प्रखंड समेत आस पास के क्षेत्रों में प्रेम व परोपकार के संदेश के साथ धूमधाम से मनाया गया। क्रिसमस को लेकर चारो तरफ जश्न का माहौल देखा गया। गिरजा घरों में आधी रात से ही जश्न शुरू हो गए थे। जैसे ही घड़ी की सुई 12 पर पहुंची गिरजाघर में घँटा बजा मसीही समाज में जश्न शुरू हो गया हर तरफ कैरोल गीत गूंजने लगे। लोगों के बीच एक दूसरे को बधाई देने और केक खिलाने का सिलसिला शुरू हो गया। यीशु के आगमन की खुशी में हर तरफ उत्साह देखा जा रहा था आधी रात से ही जींगल बेल-जींगल बेल की धुन सुनाई देने लगी। क्रिसमस की पूर्व संध्या पर भी सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए थे। क्रिसमस के मौके पर गिरजाघरों को विशेष रूप से सजाया गया था। बुधवार की सुबह गिरजाघरों में फादर के द्वारा प्राथना सभा का आयोजन किया गया। प्राथना सभा के बाद लोग एक दूसरे को क्रिसमस की बधाई देते नजर आए। गिरजाघर के बाहर जगह जगह लोगों ने चरनी को सजाकर प्रभु यीशु के अवतरण का ऐतिहासिक पल को दशार्या था। इस अवसर पर फादर ने कहा कि प्रभु यीशु का जन्म पूरे विश्व में शांति और सदभाव के लिए हुआ। उनके बताये मार्ग पर चल कर ही हम दुनियां में शांति स्थापित कर सकते हैं।

## सांसद ने जीएम से मिलकर समस्याओं के निराकरण का दिया निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**टंडवा (चतरा)।** बुधवार को आम्रपाली परियोजना में विस्थापित-प्रभावित लोगों के बीच उत्पन्न विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए चतरा सांसद काली चरण सिंह परियोजना क्षेत्र का एक दिवसीय दौरा किया। इस दौरान जीएम अमरेश कुमार सिंह ने गीता ,शॉल व श्रीफल भेंट कर जीएम कार्यालय में उनका औपचारिक स्वागत किया। बताया गया कि वार्ता के दौरान सांसद ने प्रदूषण, स्थानीयों के नियोजन व वाहन मालिकों की समस्याओं को प्रमुखता से रखते हुए त्वरित व प्रभावी समाधान करने का निर्देश दिया। बता दें कि सदन में सांसद ने शून्य काल में बेरोजगारी, पलायन, कोल वाहनों से सड़क दुर्घटनाओं में बढ़ोतरी, मुआवजा की असमानता समेत अन्य मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया था। कुछ दिनों पूर्व ही ट्रक वाहन मालिकों की विभिन्न समस्याओं को निराकरण के लिए आशुतोष मिश्रा ने ज्ञापन सौंपकर भाड़ा वृद्धि, डीएमओ चालान में समय बढ़ाने तथा अपेक्षित फॉर्मेट उपलब्ध कराने समेत अन्य मांगों पर समुचित पहल करने का आग्रह किया गया था। वार्ता के दौरान परियोजना के सभी मौजूद विभागीय अधिकारियों के बीच उक्त सभी मुद्दों को शीघ्र समाधान करने का भरोसा जीएम ने सांसद को दिया है।

## अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती भाजपा ने सुशासन दिवस के रूप में मनायी

**चिनियां।** प्रखंड मुख्यालय स्थित भाजपा कार्यालय में बुधवार को भाजपा मंडल अध्यक्ष शिवलाल सिंह की अध्यक्षता में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाई गई। इस दौरान सभी भाजपा कार्यकताओं ने अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

## शेड में खड़ी वाहन जल कर राख



**नवीन मेल संवाददाता**

**रमना।** मड़वनिया पंचायत अंतर्गत कोरगा ग्राम निवासी प्रमोद पाल का बोलेरो मंगलवार की रात्री जलकर खाक हो गया है। घटना रात्रि करीब 11 बजे की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार रात्री लगभग 9 बजे चालक गढ़वा से गाड़ी लेकर लौटा और प्रतिदिन की तरह वह गाड़ी शेड में लगाने के बाद चाभी देकर अपने घर चला गया। कुछ घंटे के बाद शेड से धुआं उठता देख अगल बगल के ग्रामीणों ने इसकी सूचना गाड़ी मालिक को दी। सूचना पाकर घर से पांच सौ मीटर दूर स्थित शेड पहुंचे गाड़ी मालिक ने देखा कि बोलेरों जलकर पूरी तरह खाक हो चुका है। साथ ही बगल में खड़ी मोटर साइकिल भी जल कर राख हो चुकी है। गाड़ी में आग लगने के कारणों का पता नही चल सका है। गाड़ी मालिक ने रमना थाना में आवेदन देकर इस घटना की सूचना दी। इस संबंध में थाना प्रभारी अकाश कुमार ने बताया कि इस संबंध में सूचना मिली है। सनहा दर्ज कर जांच की जा रही है। जांच के बाद आवश्यक करवाई की जाएगी।

# कॉफी विद एसडीएम: व्यापारियों ने रखी शहर सुधार की मांगें

## जाम, धूल और दुर्घटना की समस्याओं पर व्यापारियों ने दिए सुझाव




**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** बुधवार को अनुमंडल कार्यालय स्थित सभागार में आयोजित 'कॉफी विद एसडीएम' कार्यक्रम में एसडीओ संजय कुमार के साथ गढ़वा के प्रमुख व्यवसायियों ने शहर की बेहतरी के लिए सुझाव साझा किए और अपनी समस्याओं को रखा। कमलेश अग्रवाल ने शहर में जाम से निपटने के लिए बड़े वाहनों के प्रवेश का टाइम टेबल बनाने का सुझाव दिया। अरविंद गुप्ता ने गढ़ देवी मंदिर के पास श्रमिकों के जमावड़े को छठ घाट के पास शिफ्ट करने और घंटाघर चौक को नो वेंडिंग और नो पार्किंग जोन घोषित करने की मांग की। व्यापारियों ने नगर परिषद की धूल खींचने वाली मशीनों के नियमित उपयोग की मांग की। उमेश केसरी ने टंडवा मध्य विद्यालय के पास स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग की। राजेश गुप्ता ने मझिआंव मोड़ और अन्य स्थलों की हाईमास्ट और वेपर लाइटों को ठीक करने की बात रखी। व्यापारियों ने खाद्य ठेलों के लिए एक स्थायी फूड जोन बनाने और श्री कृष्ण गौशाला की भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने की मांग उठाई। व्यापारियों ने प्रशासन के डीजे प्रतिबंध और अतिक्रमण अभियान की सराहना की, इसे सामूहिक हित में बताया। एसडीओ संजय कुमार ने आश्वासन दिया कि व्यवहारिक सुझावों पर अमल किया जाएगा। बैठक में कमलेश कुमार अग्रवाल, राजेश कुमार गुप्ता, अजय कांत पाठक, श्रीनाथ अग्रवाल सहित कई व्यापारी मौजूद थे।

## पेज एक के शेष

### राज्य में 28-29 को...

रांची स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, पिछले 24 घंटे में रांची का अधिकतम तापमान 24.8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 13.7 डिग्री सेल्सियस रहा। इसी तरह जमशेदपुर का अधिकतम तापमान 26.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 15.0 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। पिछले 24 घंटे में डालटनगंज का अधिकतम तापमान 27.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 13.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। बोकारो का अधिकतम तापमान 25.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 14.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इस संबंध में रांची मौसम केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बुधवार को बताया कि पिछले 24 घंटे में सबसे कम न्यूनतम तापमान 11.3 डिग्री सेल्सियस देवघर में दर्ज किया गया। सबसे अधिक उच्चतम तापमान 27.9 डिग्री सेल्सियस सरायकेला में रहा। पिछले 24 घंटे में राज्य में मौसम शुष्क रहा, जबकि कहीं-कहीं पर कोहरा भी दर्ज किया गया।

### सीएम सोरेन ने...

इस अग्रणी नेताओं ने राज्य की जनता को एकत्रित कर रखा और हमलोग भी उनके विचारों के साथ राज्य की जनता के साथ तत्परता के साथ खड़े रहे। हर साल की तरह पूरे राज्य के चौक चौराहे पर उनके समाधि स्थल पर आज हमारे कार्यकताओं का और राज्य की जनता का जमावड़ा होता है, उनको याद किया जाता है। उन्हें याद कर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन करते हैं। हेमंत सोरेन ने कहा कि जब तक झारखंड रहेगा, तब तक शहीद निर्मल महतो का नाम अमर रहेगा।

जिलाध्यक्ष मुस्ताक आलम ने कहा कि निर्मल महतो का व्यक्तित्व दूरदर्शी था। झारखंड अलग राज्य आंदोलन की लड़ाई को उन्होंने धार दी। उनकी जयंती हो या पुण्यतिथि, हम सभी लोग उन्हें नमन करते हैं। उनकी सोच को आत्मसात कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लेते हैं।

इस अवसर पर रांची जिला से केंद्रीय सदस्य पवन जेडीया, समनूर मंसूरी, जिला उपाध्यक्ष जनक नायक, कलाम आजाद, बीरू साहू, अश्विनी शर्मा, बीरू तिर्की, जिला सचिव डॉ हेमलाल मेहता, संगठन सचिव आदिल इमाम सहित बड़ी संख्या में झामुमो नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

### सबसे पहले नदी...

कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कार्यक्रम में केन-बेतवा लिंक परियोजना का शिलान्यास किया। इसके साथ उन्होंने ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट का उद्घाटन किया। इस मौके पर पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी के जीवन पर आधारित एक लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। प्रधानमंत्री ने अटल जी की स्मृति में डाक टिकट और सिक्का भी जारी किया। प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम में अपने संबोधन की शुरूआत बुंदेलखंडी भाषा से की। उन्होंने कहा, आज पूरे विश्व में क्रिसमस की धूम है। मैं देश और दुनिया भर में उपस्थित ईसाई समुदाय को क्रिसमस की ढेर सारी बधाई देता हूं। मोहन यादव के नेतृत्व में भाजपा सरकार का एक साल पूरा हुआ है। मध्य प्रदेश के लोगों को, भाजपा के कार्यकताओं को मैं बहुत-बहुत बधाई देता हूं। इस एक वर्ष में मध्य प्रदेश में विकास को नई गति मिली है। आज भी यहां हजारों करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की शुरूआत हुई है। आज ऐतिहासिक केन बेतवा लिंक परियोजना का शिलान्यास हुआ है। ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सोलर प्लांट का भी लोकार्पण हुआ है और ये मध्य प्रदेश का पहला फ्लोटिंग सोलर प्लांट है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज अटल जी की जयंती है। आज अटल जी के जन्म के सौ साल हो रहे हैं। अटल जी की जयंती का ये पर्व, सुशासन की हमारी प्रेरणा का भी पर्व है। देश में जब-जब भाजपा को जहां-जहां सेवा करने का मौका मिला है, हमने पुराने रिकॉर्ड तोड़कर काम किया है। आजादी के दीवानों ने जो सपने देखे थे, उन्हें साकार करने के लिए हम दिन रात पसीना बहा रहे हैं। अतीत में कांग्रेस सरकारें, घोषणाएं करने में माहिर हुआ करती थीं। घोषणाएं करना, फीता काटना, दीया जलाना, अखबार में तस्वीर छपवा देना... उनका (कांग्रेस) काम वहीं पूरा हो जाता था और उसका फायदा लोगों को नहीं मिल पाता था। उन्होंने कहा कि मप्र में 1100 से अधिक अटल ग्राम सेवा सदन के निर्माण का काम आज से शुरू हो रहा है। इसके लिए पहली किस्त जारी की गई है। अटल ग्राम सेवा सदन गांवों के विकास को नई गति देंगे।

### भाजपा जिला कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री का जन्म शताब्दी समारोह मना

# देश के नौ रत्नों में एक थे अटल बिहारी वाजपेयी : वीडी राम



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म शताब्दी समारोह भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित की गयी। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह ने की। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि पलामू सांसद बीडी राम ने कहा कि भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी देश के नौ रत्नों में शामिल थे। वह एक ऐसे राजनेता थे, जिन्होंने अपनी बुद्धिमत्ता, दूरदर्शिता और ईमानदारी के साथ भारत की भविष्य को सुनहरा आकार दिया। उनके अद्वितीय व्यक्तित्व, कर्तव्य और मित्रत्व ने पूरे विश्व को उनका प्रशंसक बना दिया था। इससे पहले सांसद व अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य राजधानी प्रसाद यादव ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी भारतीय राजनीति के एक आदर्श नेता थे। वह एक विशिष्ट दार्शनिक व प्रखर वक्ता थे। उनकी कवितायें ओजपूर्ण होती थी। उन्हें 1992 में पद्म विभूषण पुरस्कार तथा 1994 में भारत का सर्वश्रेष्ठ सांसद और 2015 में भारत के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया गया था। जिला प्रभारी मुकेश निरंजन सिन्हा ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी का जीवन भारतीय लोकतंत्र, राष्ट्रीय एकता और सामाजिक समरसता के लिए समर्पित था। उन्होंने राष्ट्रधर्म, पांचजन्य और वीर अर्जुन जैसे कई राष्ट्रीय भावना से प्रेरित पत्र पत्रिकाओं का सम्पादन करके राष्ट्रीय विचारधारा को जनता तक पहुंचाया था। जिला अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह ने कहा कि वाजपेयी एक शानदार और विराट व्यक्तित्व के नेता थे। उनके योगदानों को देश कभी नहीं भूला सकता है। उनका राजनीतिक जीवन 1942 के भारत छोड़ों आन्दोलन से शुरू हुआ। उस समय उन्हें 24 दिन जेल में बिताना पड़ा था। जिला उपाध्यक्ष राकेश दुबे ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी एक प्रतिष्ठित नेता, प्रखर राजनीतिज्ञ, निस्वार्थ सामाजिक कार्यकर्ता, सशक्त वक्ता, साहित्यकार, पत्रकार और बहुआयामी प्रतिभाओं वाले व्यक्ति थे। जिला परिषद की अध्यक्ष पूनम देवी व कल्याणी पांडेय ने पूर्व प्रधानमंत्री को सबों के लिए आदर्श बताया। और कहा कि उनके पदचिन्हों पर चल कर ही उन्हें श्रद्धाजंलि दी जा सकती है। कार्यक्रम में मंच संचालन जिला महामंत्री बंशी यादव और धन्यवाद ज्ञापन महामंत्री अमलेश सिंह ने किया। कार्यक्रम के सह प्रभारी मुकेश कुमार पांडेय, आशा देवी, शीला देवी, राजीव रंजन पांडेय, रामदेव सिंह, प्रमोद कुमार, सुनीता देवी ,अपर्णा सिंह, रानी देवी, पिंटू रजक, अनिल सिंह, आनंद सिंह, पवन कुमार, गणेश प्रसाद, संतोष पांडेय, अनुज तिवारी, कन्हाई पासवान, बबन मांझी समेंत कई भाजपा नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे।

## केंद्रीय मंत्री को मुखिया पंसस व ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** केंद्रीय सूचना व प्रशासन तथा संसदीय कार्य राज्य मंत्री एल मुरुगन ने बुधवार को स्थानीय रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मंडल रेल प्रबंधक राजेश गुप्ता (पं. दीनदयाल उपाध्याय मंडल) को फुट ओवरब्रिज का पूरब दिशा के ग्रामीणों के आवागमन की सुविधा के लिए बाहर तक विस्तार करने और पदारथडीह-राजनडीह के पास अंडरपास (आरयूबी) की मांग पर को गंभीरता से लेने का आदेश दिया। इससे पहले इसे लेकर मुखिया कमला देवी, पंसस ममता देवी, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रामजन्म राम, राजद नेता डा. पंचु रजवार, गणेश मेहता, युवा समाजसेवी सुशील कुमार मेहता, मनोज चौरसिया और रौशन कुमार सहित अन्य कई ग्रामीणों ने संयुक्त रूप से ज्ञापन सौंपा।जिसे उन्होंने गंभीरता से लेते हुए फुट ओवरब्रिज निर्माण कार्य का भी निरीक्षण करते हुए ग्रामीणों की मांग के अनुरूप इसका विस्तार करने की हिदायत दी। साथ ही दोबारा इसकी शिकायत नहीं पहुंचने की बात कही। सैकड़ों ग्रामीणों के हस्ताक्षरित ज्ञापन के माध्यम से उन्हें स्टेशन के पूरब तरफ के रामनगर, राजनडीह के अलावा झरिवा, नदीपर, गोलापत्थर सहित अन्य कई गांव के ग्रामीणों को रेल पटरी पार करने में जोखिम उठाने की स्थिति से अवगत कराते हुए निमाणार्धीन फुटओवर ब्रिज का स्टेशन के पश्चिम में एक नंबर प्लेटफॉर्म और पूरब में चार नंबर प्लेटफॉर्म के बाहर तक जनहित में विस्तार कराने की मांग की।

### पर्यटन

## नव वर्ष का पिकनिक स्पॉट बना पनघटवा डैम

# सैलानी नौका विहार का उठाते हैं आनंद

**दूसरे प्रदेश के पर्यटक भी पहुंचते हैं नये साल में**




**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडई।** नव वर्ष में अगर पिकनिक का योजना बना रहे हैं तो सीधे पनघटवा डैम चले आएं। यह डंडई व धुरकी प्रखंड के सिवान पर अवस्थित है। डैम जिला मुख्यालय से महज 31 किलोमीटर की दूरी पर है। यहां पर आने के लिए दो सुगम विकल्प हैं। पहला मेराल भाया देवगाना ,डंडई होते तो दूसरा रमना,बंशीधर नगर भाया धुरकी होते डैम पर पहुंचा जा सकता है। सैलानियों के लिए पनघटवा डैम एक बेहतर पिकनिक सपाट है। तीन पहाड़ों की गोद में बसा डैम की कई वादियां है जो सैलानियों को लुभाते रहता है। नौका विहार के लिए भी डैम काफी प्रसिद्ध है। डैम में दर्जनों से भी अधिक नाव का नियमित संचालन होते रहता है। सैलानी हर वर्ष की पहली जनवरी को परिवार के साथ डैम पर आते हैं और नौका विहार के साथ-साथ उसकी हर वादीयो का लुत्फ उठा अपने-अपने घर लौट जाते हैं। जिला ही नहीं बल्कि दूसरे दूसरे प्रदेश के सैलानियों के लिए भी पनघटवा डैम प्रमुख केंद्र बन गया है। वे सभी भी रंग-बिरंग की लग्जरी गाड़ियों से डैम पर पहुंचते हैं और उसकी सुंदरता को सुबह से शाम तक निहार कर वापस घर लौट जाते हैं। वहीं डैम की अथाह गहराई युक्त पानी के हिचकोले भी सैलानियों का मन मोह लेता है। रुक रुक कर उठ रहे पानी की हिचकोले को देखने के लिए सैलानी दिन भर डैम के किनारे खड़े रह जाते हैं। उसके अलावा डैम के बीच मझदार मे निर्मित सीढीनुमा पानी टंकी की सुंदरता की भी एक अलग छंटा है। सैलानी बड़ी तादात में टंकी पर चढ़कर जहां रंग-बिरंग के दृश्यों में सेल्फी लेने का काम करते हैं, वही उसके ऊपर से ही डैम की निराली पानी में पत्थर फेंक उसका आनंद लेते रहते हैं। सैलानी ही नहीं प्रशासनिक पदाधिकारियों के नजर में भी पनघटवा डैम की वादियां सिर चढ़कर बोलने लगा है। वह सभी भी वर्ष की पहली तिथि को पिकनिक मनाने परिवार के साथ डैम पर पहुंचते हैं।

## वाजपेयी ने देश में सुशासन की नींव रखीः भाजपा

**खरौंधी।** भारतीय जनता पार्टी ने बुधवार को मंडल अध्यक्ष संध्याकर विश्वकर्मा की अध्यक्षता में प्रखंड कार्यालय पर पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। क र्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता रामकृपाल द्विवेदी ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म 25 दिसंबर 1924 को ग्वालियर में हुआ था। वे राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रचारक से लेकर प्रधानमंत्री तक के सफर में देश के लिए प्रेरणास्त्रोत बने। उन्होंने निःस्वार्थ भाव से देश और समाज की सेवा की तथा भाजपा की स्थापना के जरिए देश में राष्ट्रवादी राजनीति को नई दिशा दी। उन्होंने कहा कि अटल जी का नेतृत्व न केवल परमाणु परीक्षण और कारगिल युद्ध के दौरान भारत की शक्ति को विश्व के सामने लाने वाला रहा, बल्कि उन्होंने देश में सुशासन की नींव भी रखी।



# किसी ने विदेश, तो किसी ने जंगल में मनाया 'क्रिसमस'

## फिल्म जगत के सितारों पर छाया रहा त्योहार का खुमार

एजेंसी

**मुंबई।** क्रिसमस का जश्न जारी है। दुनिया भर में लोग त्योहार को अपने अंदाज में मना रहे हैं। फिल्म जगत के सितारे भी इस मामले में कम नहीं हैं। शिल्पा शेट्टी ने पंजाबी अंदाज में परिवार के साथ क्रिसमस मनाया, तो निर्देशक रोहित शेट्टी परिवार के साथ पेरिस पहुंचे। शरवरी वाघ ने सतपुड़ा टाइगर रिजर्व से तस्वीरें शेयर कर प्रशंसकों को क्रिसमस की शुभकामनाएं दी। क्रिसमस के जश्न की तस्वीरें अभिनेत्री भूमि पेडनेकर, नेहा धूपिया, रोहित शेट्टी, शरवरी वाघ, मानुषी छिल्लर से लेकर शिल्पा शेट्टी और कृति सेनन तक ने सोशल मीडिया पर शेयर कर प्रशंसकों को शुभकमनाएं देते हुए 'मेरी क्रिसमस' कहा। सोशल मीडिया पर सक्रिय रहने वाली अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी ने पति राज कुंद्रा और बच्चों के साथ क्रिसमस को पंजाबी अंदाज में मनाया। उन्होंने ठंड के मौसम में भांगड़ा करते हुए खुद का एक मजेदार पल साझा किया, परिवार के साथ सांता क्लॉज भी क्रिसमस का आनंद लेते दिखाई दिए।

मजेदार वीडियो को शेयर करते हुए अभिनेत्री ने कैप्शन में लिखा, क्रिसमस हमेशा परंपराओं का एक सुंदर मिश्रण रहा है - हंसी, प्यार और एकजुटता। इस साल भी कुछ अलग नहीं रहा। 13 डिग्री सेल्सियस में भांगड़ा से लेकर परिवार के साथ सांता से मिलने तक। आप हमें पंजाब से निकाल सकते हैं, लेकिन आप हमसे पंजाबी को कभी अलग नहीं कर सकते। मेरी क्रिसमस। सिंघम' के निर्देशक रोहित शेट्टी अपने बेटे के साथ क्रिसमस का जश्न मनाने के लिए पेरिस और लंदन पहुंचे, जहां का एक वीडियो शेयर कर उन्होंने लिखा, जब आपका यंग बेटा आपको यात्रा पर ले जाता है। वीडियो में शेट्टी बेटे के साथ लंदन और पेरिस की सड़कों पर टहलते और जश्न मनाते नजर आए। रणवीर कपूर और अलिया भट्ट ने मुंबई में क्रिसमस मनाया। क्रिसमस का जश्न मनाने के लिए बहन के साथ सतपुड़ा टाइगर रिजर्व पहुंची अभिनेत्री शरवरी वाघ ने खास अंदाज में जश्न मनाया। शरवरी वाघ ने प्रशंसकों को क्रिसमस की शुभकामनाएं देने के लिए इंस्टाग्राम का सहारा लिया और लिखा, वाघ की ओर से मेरी क्रिसमस। नेशनल पार्क में अभिनेत्री ने जंगल के कई खूबसूरत पलों को कैमरे में कैद किया। क्रिसमस मनाने के लिए इस्तांबुल पहुंची अभिनेत्री कृति सेनन ने टीम के साथ एक मस्ती भरा वीडियो शेयर किया।



# नौसेना के बेड़े में अगले महीने शामिल होगी पनडुब्बी 'वाग्शीर'

### रूस में निर्मित नया युद्धपोत आईएनएस 'तुशील' भी आ रहा स्वदेश

एजेंसी

**नई दिल्ली।** हिंद महासागर क्षेत्र में चीन की लगातार बढ़ती पैठ का मुकाबला करने को भारत अपनी समुद्री लड़ाकू क्षमताओं को बढ़ाने के लिए नौसेना के बेड़े में अगले महीने दो स्वदेशी युद्धपोत और एक डीजल-इलेक्ट्रिक पनडुब्बी को शामिल करने के लिए तैयार है। नए युद्धपोतों में सबसे बड़ा निर्देशित मिसाइल विध्वंसक 'सूरत' और स्टील्थ फ्रिगेट 'नीलगिरि' हैं, जो इसी माह नौसेना को सौंपे जा चुके हैं। इस बीच, रूस में निर्मित नया युद्धपोत आईएनएस 'तुशील' भी स्वदेश आएगा। नौसेना के बेड़े में शामिल होने वाली 'वाग्शीर' भारतीय नौसेना की छठी और कलवरी श्रेणी की अंतिम पनडुब्बी है। आईएनएस 'वाग्शीर' का नाम रेत मछली के नाम पर रखा गया है, जो हिंद महासागर में गहरे समुद्र में रहने वाली एक शिकारी मछली है। पनडुब्बी को सभी ऑपरेशन थियेटर में काम करने के लिए डिजाइन किया गया है और यह नौसेना टास्क फोर्स के अन्य घटकों के साथ अंतर-संचालन योग्य है। पनडुब्बी में सभी घातक प्रहार के लिए भारी-भरकम सेंसर और हथियार लगे हैं। सूरत और नीलगिरी को पिछले हफ़्ते मुंबई स्थित मझगांव डॉक्स (एमडीएल) ने नौसेना को सौंप दिया था।

# रक्षा सचिव ने 'राष्ट्र पर्व' वेबसाइट व मोबाइल ऐप का शुभारंभ किया

### वेबसाइट और मोबाइल एप्लिकेशन को राज्यों से परामर्श करके बनाया है

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अब गणतंत्र दिवस, बीटिंग रिट्रीट समारोह और स्वतंत्रता दिवस जैसे राष्ट्रीय पर्वों की जानकारी वेबसाइट और मोबाइल ऐप के जरिये मिलेगी। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने बुधवार को 'सुशासन दिवस' पर इसके लिए 'राष्ट्र पर्व' वेबसाइट और इसके मोबाइल ऐप का शुभारंभ किया। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर शुरू की गई इस वेबसाइट से कार्यक्रमों के सीधा प्रसारण, टिकटों की खरीद, बैठने की व्यवस्था और रूट-मैप आदि से संबंधित जानकारी मिलेगी। इस अवसर पर रक्षा सचिव ने कहा कि रक्षा मंत्रालय ने 'राष्ट्र पर्व' वेबसाइट और मोबाइल ऐप विकसित किया है, जिसमें झांकी के प्रस्तावों और कार्यक्रमों से संबंधित जानकारी होगी। वेबसाइट में राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों, मंत्रालयों और विभागों को गणतंत्र दिवस परेड के लिए अपनी झांकियों को डिजाइन करने और अंतिम रूप देने के लिए झांकी प्रबंधन पोर्टल भी होगा। रक्षा मंत्रालय ने इस वेबसाइट और मोबाइल एप्लिकेशन को राज्यों से परामर्श करके बनाया है, क्योंकि राज्यों ने झांकी के डिजाइन डाटा के प्रबंधन के लिए एक पोर्टल का सुझाव दिया था।

## बंगाल में प्रवेश के लिए सुंदरबन द्वीप का सहारा लेते हैं अवैध बांग्लादेशी



**कोलकाता।** केंद्रीय और राज्य सुरक्षा एजेंसियों ने पश्चिम बंगाल के सुंदरबन क्षेत्र में कुछ दूरदराज के द्वीपों की पहचान की है, जिसका उपयोग भारतीय सीमा में अवैध रूप से प्रवेश करने वाले बांग्लादेशी घुसपैठिए सुरक्षित पनाहगाह के रूप में करते है। सूत्रों ने बताया कि दक्षिण 24 परगना जिले के गोसाबा ब्लॉक में सुंदरबन क्षेत्र के 13 सबसे अधिक संवेदनशील द्वीपों की पहचान की गई है, इन द्वीपों पर सुरक्षा व्यवस्था की कमी है। सुंदरबन क्षेत्र दक्षिण 24 परगना जिले में बांग्लादेश की सीमा के पास आता है।

## हरियाणा के 3 जिलों में लगे भूकंप के झटके

**चंडीगढ़।** हरियाणा में बुधवार को दोपहर में भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र बिंदु सोनीपत जिले के गांव कुंडल रहा है। यहां किसी प्रकार के जान-माल के नुकसान का समाचार नहीं है। बुधवार की दोपहर 12:28 बजे भूकंप आया। हरियाणा के रोहतक, सोनीपत और पानीपत में तेज झटके महसूस किए गए और लोग घरों से बाहर निकल आए। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 3.5 रही। इसका सेंटर सोनीपत के कुंडल गांव में पांच किलोमीटर गहराई में रहा।

## शुभेंदु अधिकारी पर है आतंकी हमले का खतरा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी को लेकर केंद्रीय खुफिया एजेंसियों ने एक बड़ा अलर्ट जारी किया है। रिपोर्ट के अनुसार, बांग्लादेश स्थित दो कट्टरपंथी संगठनों, जमात-उल-मुजाहिदीन बांग्लादेश (जेएमबी) और हिज्ब-उत-तहरीर (एचयूटी) के सदस्य अधिकारी को निशाना बना सकते हैं। इन संगठनों के कुछ सदस्य पहले ही भारत की सीमा में प्रवेश कर चुके हैं। खुफिया एजेंसियों ने बताया कि शुभेंदु अधिकारी को सार्वजनिक कार्यक्रमों के दौरान निशाना बनाया जा सकता है।



## क्वांटम प्रौद्योगिकियों में भारत का पहला यूजी माइनर कार्यक्रम लांच

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) के तहत राष्ट्रीय क्वांटम मिशन (एनक्यूएम) के सहयोग से क्वांटम प्रौद्योगिकियों में स्नातक (यूजी) माइनर कार्यक्रम लांच किया। इस पहल का उद्देश्य क्वांटम क्रांति के लिए भारत के कार्यबल को तैयार करना है, जिससे देश को अत्याधुनिक क्वांटम नवाचार में ग्लोबल लीडर के रूप में स्थापित किया जा सके। कार्यक्रम में एआईसीटीई के अध्यक्ष प्रो टीजी सीताराम, भारत सरकार के डीएसटी के सचिव प्रो अभय करंदीकर, राष्ट्रीय क्वांटम मिशन के मिशन गवर्निंग बोर्ड के अध्यक्ष डॉ अजय चौधरी, भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार कार्यालय के प्रो एके सूद और करिकुलम ड्राफ्टिंग कमिटी के अध्यक्ष प्रो अरिंदम घोष मौजूद रहे।



शिमला में बर्फ से ढके जाखू मंदिर का हवाई दृश्य। (फोटो: आईएएनएस)

## रूस का मालवाहक जहाज 'उर्सा मेजर' भूमध्य सागर में डूबा

- स्पेन ने 14 क्रू मेंबर को बचाया, 2 लापता

एजेंसी

**मॉस्को।** स्पेन और अल्जीरिया के बीच भूमध्य सागर में मंगलवार को एक रूसी मालवाहक जहाज 'उर्सा मेजर' डूब गया। उसके चालक दल के दो सदस्य लापता हैं। स्पेन की समुद्री बचाव एजेंसी के मुताबिक उर्सा मेजर के चालक दल के 14 सदस्यों को सुरक्षित बचा कर स्पेन भेजा गया है। यह जहाज इंजन रूम में विस्फोट के बाद डूबने लगा। स्पेन मैरीटाइम रेस्क्यू सर्विस ने दो जहाज और एक हेलीकॉप्टर घटनास्थल पर भेजकर 'उर्सा मेजर' के 14 क्रू मेंबर्स को सुरक्षित बचाकर उन्हें कार्टाजेना पोर्ट पर पहुंचाया। रूसी विदेश मंत्रालय के अनुसार जहाज के 16 चालक दल के सदस्यों में से 14 को रेस्क्यू करके स्पेन लाया गया लेकिन दो सदस्य अभी भी लापता हैं। जहाज के इंजन रूम में विस्फोट का कारण क्या था, इसके बारे में अभी पता नहीं चला है। यह मालवाहक जहाज रूस के पूर्वी बंदरगाह व्लादिवोस्तोक जा रही थी और जहाज पर दो विशाल पोर्ट क्रेन लदे थे। इस जहाज को 2009 में समुद्र में उतारा गया था, जिसके ऑपरेशन की जिम्मेदारी रूसी रक्षा मंत्रालय के सैन्य निर्माण कार्यों की देखरेख करने वाली कंपनी ओबोरोनलॉजिस्टिका के पास थी। ओबोरोनलॉजिस्टिका द्वारा संचालित यह सबसे बड़ा मालवाहक जहाज था, जो सैन्य व नागरिक सामान का परिवहन करता है।

### ईरान सरकार का बदल रहा रुख

# व्हाट्सएप व गूगल प्ले पर से हटाई गई पाबंदी

एजेंसी

**तेहरान।** अपने सख्त इंटरनेट प्रतिबंधों के लिए मशहूर ईरान अब अपना रुख बदल रहा है। ताजा घटनाक्रम में ईरान ने मेटा के मैसेजिंग प्लेटफॉर्म व्हाट्सएप और गूगल प्ले पर से पाबंदी हटा ली है। नए सख्त हिजाब कानून से जुड़े विधेयक को रोके जाने के बाद यह ईरान की सरकार के बदलते तेवर की एक और कड़ी है। ईरान की न्यूज एजेंसी आईआरएनए ने मंगलवार को राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन की अध्यक्षता में हुई बैठक के हवाले से बताया है कि व्हाट्सएप और गूगल प्ले जैसे कुछ लोकप्रिय विदेशी प्लेटफॉर्म से प्रतिबंध हटाने पर सकारात्मक बहुमत के बाद यह फैसला लिया गया है। देश के सूचना और संचार प्रौद्योगिकी मंत्री सत्तार हाशमी ने इसे इंटरनेट से प्रतिबंध हटाने की दिशा में पहला कदम बताया है। ईरान में अब लोग मेटा मैसेजिंग प्लेफॉर्म व्हाट्सएप और गूगल प्ले का इस्तेमाल कर सकेंगे। इधर, संसदीय मामलों के प्रभारी उपाध्यक्ष शाहराम दबीरी के अनुसार नए हिजाब कानून से जुड़े विधेयक को सरकार के पास नहीं भेजने का निर्णय लिया गया है।

नए हिजाब कानून लागू किए जाने की प्रक्रिया पर लगी रोक



### सरकार के खिलाफ मुहिम के दौरान लगी थी पाबंदी

ईरान में सरकार विरोधी प्रदर्शनों में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का व्यापक इस्तेमाल किया गया था, जिसके बाद सरकार ने इसपर सख्त प्रतिबंध लगा दिए थे। हालांकि, सितंबर में अमेरिका ने बिग टेक कंपनियों से अपील की थी कि वे उन देशों में ऑनलाइन सेंसरशिप को खत्म करने में मदद करें, जहां इंटरनेट पर भारी प्रतिबंध लगाए हैं।

### हिजाब को लेकर सख्त कानून लागू करने की प्रक्रिया रोकी

इससे पहले 18 दिसंबर को ईरान ने महिलाओं के हिजाब पर नए सख्त कानून को लागू किए जाने की प्रक्रिया रोक दी थी। यह कानून सितंबर 2022 में संसद द्वारा स्वीकृत हुआ था, लेकिन इसे अब सरकार के पास नहीं भेजा जाएगा। इस कानून में हिजाब पहनने से इनकार करने वाली महिलाओं के लिए कठोर दंड का प्रावधान है।

# ईडी किसी के लैपटॉप या मोबाइल से डाटा एक्सेस नहीं कर सकती है : सुप्रीम कोर्ट

ब्यूरो



- लॉटरी किंग सैंटियागो मार्टिन मामले में जांच को लेकर खींची लक्ष्मण रेखा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस अभय एस. ओका व जस्टिस पंकज मित्तल की बेंच ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के लिए जांच की प्रक्रिया में एक सीमा रेखा खींच दी है। इसने फ्यूचर गेमिंग एंड होटल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के मालिक लॉटरी किंग सैंटियागो मार्टिन केस में एक फैसले में कहा है कि जांच एजेंसी ईडी किसी के लैपटॉप या मोबाइल फोन से डाटा एक्सेस नहीं कर सकती है। प्रवर्तन निदेशालय ने इस केस की जांच में 6 राज्यों के 22 ठिकानों पर रेड मारी थी और लॉटरी किंग सैंटियागो मार्टिन के रिश्तेदारों व करीबियों के पास से कई तरह के इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को जब्त किया है। ईडी ने यह सारा एक्शन मेघालय पुलिस की शिकायत के बाद लिया था। मेघालय पुलिस का आरोप है कि फ्यूचर गेमिंग एंड होटल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड ने राज्य लॉटरी का बिजनेस गैरकानूनी तरीके से हथिया लिया है। ईडी ने इस छापेमारी में 12.41 करोड़ रुपए कैश जब्त किए थे। मालूम हो कि फ्यूचर गेमिंग वही कंपनी है, जो कि इलेक्टोरल बांड की सबसे बड़ी खरीददार रही थी। इसने वर्ष 2019 से वर्ष 2014 तक 1368 करोड़ रुपए के बांड खरीदे थे। इसने सभी पार्टियों को चंदा दिया था। फ्यूचर गेमिंग की ओर से तृणमूल कांग्रेस को 542 करोड़ रुपए का चंदा मिला था। डीएमके 503 करोड़ रुपए, वाईएसआरसीपी को 154 करोड़ रुपए और भाजपा को 100 करोड़ रुपए मिले थे। लेकिन, इसके मार्फत अन्य कई सौ करोड़ रुपए इलेक्टोरल बांड लाने वाली सत्ताधारी पार्टी के खाते में गए थे। इसकी जांच के लिए सर्वोच्च न्यायालय में याचिका लगी थी। इसकी जांच कराने से तत्कालीन चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की बेंच ने मना कर दिया था। फ्यूचर गेमिंग केस की सुनवाई दूसरे मामलों के साथ होगी। फ्यूचर गेमिंग ने याचिका में जिन चार केस का जिक्र किया है, उनमें अमेजन इंडिया के कर्मचारियों वाले मामले शामिल हैं। अमेजन इंडिया के इन कर्मचारियों ने ईडी की ओर से इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस मांगने को चुनौती दी थी। इसके अलावा, न्यूज क्लिक का मामला भी है, जिसमें याचिकाकर्ता ने सर्वोच्च न्यायालय से मांग की है कि 2023 में दिल्ली पुलिस की ओर से जब्त किए गए लैपटॉप और फोन को लेकर गाइडलाइन जारी की जाए। इस केस में याचिकाकर्ता ने अपनी याचिका में अपने संवैधानिक और मौलिक अधिकारों की रक्षा की मांग की है। खासतौर से निजता के अधिकार पर जोर दिया गया है।

उन्होंने दलील दी है कि पर्सनल डिजिटल डिवाइस में ऐसी जानकारियां होती हैं, जो बेहद निजी होती हैं। ये जानकारियां किसी शख्स की निजी जिंदगी को भी सार्वजनिक करती हैं। इस मामले में जब ईडी के वरिष्ठ अधिकारियों से निरोधक आदेश के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने एक अंग्रेजी अखबार को बताया कि यह अभूतपूर्व था, लेकिन यह कोई बड़ा झटका नहीं था, क्योंकि उनके पास मामले में मार्टिन के खिलाफ अन्य महत्वपूर्ण भौतिक साक्ष्य थे। उन्होंने बताया कि वे डिजिटल साक्ष्य की खोज व जब्ती पर सीबीआई के मैनुअल के दिशा-निर्देशों का पालन कर रहे थे। फ्यूचर गेमिंग द्वारा दायर याचिका में ईडी की तलाशी के दौरान जब्त किए गए इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की 12 श्रेणियों की सूची दी गई है। इनमें 17 मोबाइल फोन (ज्यादातर डुअल सिम), डाटा डंप वाले कंप्यूटर की हार्ड डिस्क, पेन ड्राइव व मार्टिन, उनके परिवार के सदस्यों व वरिष्ठ कर्मचारियों से जब्त किए गए कुछ ईमेल का बैक-अप शामिल हैं।

# वीर बाल दिवस आज, राष्ट्रपति देंगी पुरस्कार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पहली बार गणतंत्र दिवस के बजाए देश के बाल पुरस्कार 26 दिसंबर को दिए जाएंगे। राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के अवसर पर इस बार पुरस्कृत होने वाले सभी 17 बच्चों को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सम्मानित करेंगी। प्रत्येक विजेता को पदक, प्रमाण पत्र और प्रशस्ति पत्र पुस्तिका दिए जाएंगे। प्रधानमंत्री मोदी वीर बाल दिवस कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। इस बार 14 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 17 बच्चों को इस पुरस्कार के लिए चुना गया है। इनमें 7 लड़के और 10 लड़कियां शामिल हैं। वीर बाल दिवस पर राष्ट्रीय कार्यक्रम 26 दिसंबर 2024 को भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। यह दिन युवा दिमागों के पोषण, उनकी रचनात्मकता को बढ़ाने और उन्हें विकसित भारत के दृष्टिकोण में योगदान देने के लिए प्रेरित करने पर केंद्रित होगा।

इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सुपोषित पंचायत योजना का शुभारंभ करेंगे और मार्च पास्ट को हरी झंडी दिखाएंगे। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी उद्घाटन भाषण देंगी। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार विजेताओं और गण्यमान्य व्यक्तियों सहित लगभग 3,500 बच्चे भाग लेंगे। इस दिवस को सिख समुदाय में बड़े उत्साह से मनाया जाता है। यह दिन न केवल सिख धर्म के अनुयायियों के लिए, बल्कि सभी भारतीयों के लिए प्रेरणादायक है। साहिबजादों की वीरता और बलिदान को याद करते हुए इस दिन विशेष कार्यक्रम और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

### धर्म नहीं बदलने पर वजीर खान ने जिंदा दीवार में चुनवा दिया था

वीर बाल दिवस हर साल 26 दिसंबर को मनाया जाता है। यह दिन विशेष रूप से सिख गुरु गोबिंद सिंह के दोनों साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की शहादत को समर्पित है। इन दोनों साहिबजादों ने अत्यंत छोटी उम्र में मुगल साम्राज्य के अत्याचारों का सामना करते हुए अपनी शहादत दी थी। बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह क्रमश: 7 और 5 वर्ष के थे, जब उन्हें मुगल सेना ने गिरफ्तार किया। 26 दिसंबर को 1705 में इन महान सपूतों को धर्म नहीं बदलने पर वजीर खान ने उन्हें जिंदा दीवार में चुनवा दिया था।



- भव्य और दिव्य होगा कार्यक्रम, 3500 बच्चे लेंगे हिस्सा
- पीएम भी रहेंगे मौजूद, अन्नपूर्णा देवी देंगी उद्घाटन भाषण